# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com   भोपाल, शुक्रवार 27 मार्च 2026





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जामसांवली में किया हनुमान लोक के प्रथम चरण का लोकार्पण

## हनुमान लोक का लोकार्पण रामराज्य की स्थापना के प्रति आस्था का प्रकटीकरण

### पांढुर्णा जिले को दी 362 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में 3 साल पहले बाबा महाकाल का महालोक बना। उसके बाद प्रदेश में प्रमुख तीर्थ स्थलों को धाम के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। गुरुवार को चैत्र नवरात्रि में पांढुर्णा के जामसांवली मंदिर में श्री हनुमान लोक सहित 362 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन अद्भुत अवसर है। श्री हनुमान लोक का लोकार्पण प्रदेश में राम राज्य की स्थापना के प्रति सरकार की आस्था को प्रकट करता है। डॉ. यादव छिंदवाड़ा के पांढुर्णा स्थित जामसांवली ▶▶ शेष पेज 4 पर



श्री हनुमान लोक में पूजन करते सीएम

### आज से भोपाल से ओरछा के लिए पीएमश्री हेलिकॉप्टर सेवा का शुभारंभ

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि यहां श्रद्धालुओं के लिए 10 बिस्तर का छोटा अस्पताल भी बनाया जाएगा। श्रीराम नवमी के अवसर पर शुक्रवार को भोपाल से राजा रामचंद्र धाम ओरछा के लिए पीएमश्री हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ होगा। डॉ. यादव ने 111 करोड़ 63 लाख रूपए की लागत के 31 विकास कार्यों का लोकार्पण और 251 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत के 33 विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। उन्होंने स्व-सहायता समूह की बहनों को ऋण स्वीकृति पत्र और किसानों को पट्टों का वितरण किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।*




पांढुर्णा में श्री हनुमान लोक का लोकार्पण करते हुए

### पांढुर्णा जिले के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं

सीएम ने कहा कि नव गठित पांढुर्णा जिले में लंबे समय से कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय की आवश्यकता थी। इसकी पूर्ति करते हुए अब पांढुर्णा को जिला पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालय के भवन की सौगात भी मिल रही है। पांढुर्णा में 10 एकड़ भूमि पर इंडोर और आउट डोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। जिले में महिला ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

---

### नवमी-मां सिद्धिदात्री




सिद्ध गन्धर्व यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### संजय टाइगर रिजर्व में मिला तेंदुए का शव

**सीधी।** जिले के संजय टाइगर रिजर्व के मड़वास बफर क्षेत्र में गुरुवार सुबह गश्त के दौरान एक नर तेंदुए का शव मिला। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के दिशा-निर्देशों के तहत मौके को सुरक्षित किया गया। डॉग स्क्वाड की मदद से क्षेत्र की गहनता से जांच की गई। तेंदुए का पोस्टमार्टम 3 विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने किया। प्रारंभिक जांच में तेंदुए की मौत का कारण आपसी संघर्ष बताया गया है।




पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच होर्मुज से भारत के लिए खुशखबर

## भारत सहित पांच देशों के लिए ईरान ने खोला होर्मुज स्ट्रेट, ऊर्जा संकट कम होने की उम्मीद

*ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के अनुसार ईरान ने अपने मित्र देशों के जहाजों को होर्मुज से निर्बाध आने-जाने की अनुमति दी है*

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ मुंबई

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि उनका देश अब साथी देशों के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति देगा। इन देशों में भारत भी शामिल है, साथ में चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान का नाम भी लिया गया है। इसका मतलब है कि भारत के जहाजों को इस रास्ते से सुरक्षित गुजरने दिया जाएगा।



अब्बास अराघची

हालांकि, एक शर्त रखी गई है कि जहाजों को पहले ईरान के अधिकारियों से समन्वय करना होगा। इसी बीच, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि होर्मुज मार्ग के बंद रहने से तेल, गैस और खाद की सप्लाई रुक रही है, जिससे दुनिया भर में असर पड़ रहा है- खासकर खेती के समय। गुटेरेस ने अमेरिका और इजराइल से अपील की कि वे युद्ध को जल्द खत्म करें, क्योंकि इससे आम लोगों की हालत खराब हो रही है और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी भारी असर पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने ईरान से भी कहा कि वह अपने पड़ोसी देशों पर हमले बंद करे। ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

**भारत के साथ चीन, रूस इराक और पाकिस्तान को भी राहत**



न्यू मेंगलोर पोर्ट में पहुंचा जहाज

- ***गुजरने से पहले जहाजों को पहले ईरान के अधिकारियों से समन्वय करना होगा***
- ***गुटेरेस ने अमेरिका और इजराइल से अपील की कि वे युद्ध को जल्द खत्म करें***

### एलपीजी से भरा एक और टैंकर होर्मुज पार करके पहुंचा भारत

इधर, होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते एलपीजी से भरा एक और टैंकर भारत आया है। इसका नाम अपोलो ओशन है। ये टैंकर न्यू मेंगलोर पोर्ट पहुंच गया है। बताया जा रहा है कि अपोलो ओशन नाम के इस टैंकर में 17,600 मीट्रिक टन एलपीजी भरी है। इसकी सप्लाई इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड को की जाएगी। इसके अलावा कई और एलपीजी से भरे टैंकर भारत पहुंचने वाले हैं। इनमें जग वसंत नाम का टैंकर देर रात तक पहुंच जाएगा। ये गुजरात के वाडीनार बंदरगाह पर आएगा। ये टैंकर 47,600 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आ रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते एक और एलपीजी से भरा टैंकर भारत आ रहा है। टैंकर के शुक्रवार की सुबह न्यू मंगलौर पोर्ट पहुंचने की उम्मीद है। इसमें 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी भरी हुई है।

*सरकार बोली: पेट्रोल डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं*

### *देश में 60 दिन का तेल भंडार मौजूद*

मोदी सरकार ने गुरुवार को स्पष्ट कहा कि भारत में पेट्रोलियम और एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। भारत के पास कुल 74 दिनों की भंडारण क्षमता है और फिलहाल करीब 60 दिनों का स्टॉक उपलब्ध है। इसमें कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और भूमिगत रणनीतिक भंडारण (कवर्न) शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि मध्य पूर्व संकट के 27वें दिन भी देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार ने कहा कि हर भारतीय के लिए लगभग दो महीने की निरंतर आपूर्ति उपलब्ध है, चाहे वैश्विक परिस्थितियां कैसी भी हों। साथ ही अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की खरीद भी पहले ही सुनिश्चित कर ली गई ▶▶ शेष पेज 4 पर



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस व पिकअप वाहन

छिंदवाड़ा में भीषण सड़क हादसा

## पिकअप से टकराकर बस पलटी 10 की मौत, 30 से ज्यादा घायल

- ***मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा हादसे पर जताया दुख***
- ***सभी घायलों का इलाज फ्री कराएगी सरकार***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छजिले में गुरुवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसा उमरानाला इलाके में शाम करीब साढ़े 6 बजे उस समय हुआ, जब एक पिकअप वाहन से टक्कर के बाद यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में दोनों वाहनों के ड्राइवरों की भी मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार, बस में कुल 47 लोग सवार थे, जो पुलिस लाइन छिंदवाड़ा में आयोजित हितग्राही ▶▶ शेष पेज 4 पर



सड़क पर बिखरे शव

### *मृतकों के परिजन को 4 4 लाख रु. की मदद*

***भोपाल।*** *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा के पास हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा जिला प्रभारी मंत्री राकेश सिंह को घटना में प्रभावित लोगों* ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

पश्चिम एशिया संकट: राज्यों की तैयारियों की होगी समीक्षा

## पीएम आज करेंगे मुख्यमंत्रियों के साथ ऑनलाइन बड़ी बैठक

**बैठक में तैयारियों पर फोकस किया जाएगा, जिसमें आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा सुरक्षा और विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा जैसे मुद्दे**



नरेंद्र मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की शाम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बातचीत करेंगे। इस बैठक में पश्चिम एशिया में बदलते हालात की समीक्षा की जाएगी और इसके भारत पर पड़ने वाले असर का आकलन किया जाएगा, खासकर तरल प्राकृतिक गैस (एलपीजी) और तेल आपूर्ति से मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

बैठक में तैयारियों पर फोकस किया जाएगा, जिसमें आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा सुरक्षा और विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल हैं। प्रधानमंत्री बैठक में टीम इंडिया की भावना के तहत सामूहिक प्रतिक्रिया के महत्व पर प्रकाश डाल सकते हैं, ताकि केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बना रहे। बैठक में वैश्विक अनिश्चितता के बीच देश में स्थिरता बनाए रखने के उपायों पर भी चर्चा हो सकती है।

जिन राज्यों में फिलहाल चुनाव चल रहे हैं, वे आचार संहिता के कारण इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। उनकी जगह कैबिनेट सचिवालय के जरिए उनके मुख्य सचिवों के साथ अलग से बैठक की जाएगी, ताकि योजनाओं और प्रतिक्रिया की प्रक्रिया जारी रहे। यह बैठक इसलिए भी अहम मानी जा रही है, क्योंकि भारत इस समय एलपीजी की कमी का सामना कर रहा है। इससे घरों में इस्तेमाल होने वाले इस जरूरी ईंधन की आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

विमान में तकनीकी खराबी कारण

## एयर इंडिया की लंदन जाने वाली फ्लाइट सात घंटे बाद दिल्ली लौटी

- ***उड़ान के दौरान विमान के अंदर कुछ आवाजें सुनी गईं***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एयर इंडिया से जुड़ी एक और चिंता वाली खबर सामने आई है। गुरुवार दोपहर को एयर इंडिया की दिल्ली से लंदन के हीथ्रो जाने वाली उड़ान में तकनीकी खराबी आ गई। इसके कारण विमान को उड़ान भरने के घंटों बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। इस घटना से यात्रियों को न केवल अप्रत्याशित असुविधा का सामना करना पड़ा बल्कि एयरलाइन के बेड़े में हाल ही में शामिल किए गए आधुनिक विमानों की हालत पर भी सवाल खड़े हो गए। वापसी की यात्रा को मिलाकर, यह विमान कुल सात घंटे तक हवा में रहने के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे दिल्ली ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ए 350-900 विमानों पर सवाल


एयर इंडिया ने इसी साल जनवरी 2024 से इन नए ए 350-900 विमानों का संचालन शुरू किया है। जिस विमान के साथ यह घटना हुई, उसका तकनीकी समस्याओं का पिछला रिकॉर्ड भी सामने आया है। 15 मार्च को भी इसी विमान में तकनीकी खराबी आई थी। उस समय यह विमान न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रहा था और इसे आयरलैंड के शैनन शहर की ओर डायवर्ट करना पड़ा था।

दिग्विजय ने अयोध्या में किए रामलला के दर्शन

## कहा-हम धर्म का उपयोग व्यवसाय और 'राजनीति' के लिए नहीं करते

*मैंने राम मंदिर का विरोध नहीं किया*

एजेंसी ▶▶ अयोध्या



राम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद यह पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह पहली बार अयोध्या पहुंचे और उन्होंने रामलला के दर्शन किए। दिग्विजय सिंह ने अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के बाद कहा- कांग्रेस में हर व्यक्ति अपनी आस्था के अनुसार धर्म का पालन करता है। हम धर्म का दुरुपयोग न तो व्यवसाय के लिए करते हैं न राजनीति के लिए करते हैं। कोई किसी भी धर्म का व्यक्ति क्यों न हो चाहे हिंदू हो, मुसलमान हो, सिख हो, चाहे पारसी हो या ईसाई हो, हर व्यक्ति अपनी आस्था के अनुसार धर्म का पालन करता है। लेकिन उसका राजनैतिक दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। धर्म का दुरुपयोग व्यवसाय के लिए नहीं करना ▶▶ शेष पेज 4 पर

महंगाई के बीच अब 1 अप्रैल से उपभोक्ताओं को बिजली का झटका

## 4.80% महंगी हुई बिजली, आम उपभोक्ता की जेब पर सीधा 'वार'

*राहत के नाम पर बढ़ोतरी, जनता ठगी-सी महसूस कर रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

महंगाई की मार झेल रही जनता को अब बिजली के बढ़े दामों ने एक और झटका दे दिया है। वर्ष 2026-27 के लिए जारी नए टैरिफ आदेश में भले ही बिजली कंपनियों की 10.19% बढ़ोतरी की मांग को घटाकर 4.80% किया गया हो, लेकिन कम बढ़ोतरी का यह तर्क आम आदमी को राहत देने में नाकाफी साबित हो रहा है। हर महीने का बिजली बिल अब और भारी होगा, जिससे मध्यम वर्ग और छोटे उपभोक्ता सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। सरकार और नियामक आयोग इसे संतुलित फैसला बता रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अलग है। पहले से ही महंगे बिजली बिल से परेशान लोग अब 4.80% की नई बढ़ोतरी को सीधा आर्थिक बोझ मान रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि आय नहीं बढ़ रही, लेकिन खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

**मीटरिंग चार्ज खत्म करने ऑनलाइन भुगतान पर छूट जैसी बातें पर वास्तविक लाभ सीमित**



फाइल फोटो

### *कंपनियों की मांग घटी लेकिन बोझ कायम*

बिजली कंपनियों ने 10.19% टैरिफ बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था, जिसे घटाकर नियामक आयोग ने 4.80% किया गया। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या आम आदमी के लिए यह बढ़ोतरी वाकई राहत है? विशेषज्ञ मानते हैं कि किसी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### *दिन में ईवी चार्ज पर मिलेगी 20 प्रतिशत छूट*

*मध्य प्रदेश में बिजली की दरों में 4.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी गई है। नए रेट एक अप्रैल से लागू होंगे। इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) को बढ़ावा देने के लिए भी नए टैरिक आदेश में विशेष प्रावधान किए गए हैं। ईवी चार्जिंग स्टेशनों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली उपयोग पर 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी। जबकि दूसरे समय में 20 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क देना होगा।*

9 औबेदुल्लागंज के विद्यार्थियों ने देखा संसद और ...



10 जल संकट पर फूटा गुस्सा, नारेबाजी प्रदर्शन के ...



पंप संचालकों का आरोप- मनमानी पर उतारू तेल कंपनियां डीलरों को असुविधा के साथ लोग हो रहे पैनिक

# कंपनियां नहीं दे रही पर्याप्त तेल, सेल बढ़ने से एक दर्जन से ज्यादा पेट्रोल पंप हुए ड्राई, शाम को पहुंचा नया स्टॉक

हरिभूमि टीम ▶▶ भोपाल

तेल कंपनियों पर भुगतान करने के बावजूद पंप संचालकों ने पूरा पेट्रोल-डीजल न देने का आरोप लगाया है। डीलरों के अनुसार तेल कंपनियों की मनमानी पूर्ण रवैए के चलते भोपाल सहित प्रदेश की कई पेट्रोल पंप सीमित सप्लाई पर ही चल रहे हैं। डीलरों का कहना है कि कंपनियों के बिक्री अधिकारी उच्च अधिकारियों के निर्देश पर ऐसा कर रहे हैं। जिससे डीलरों पर असुविधा तो बढ़ी ही है आम लोग पैनिक हो रहे हैं। परिणाम स्वरूप पेट्रोल पंप में पेट्रोल भरवाने के लिए वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग रही हैं।

गौरतलब है कि राजधानी भोपाल जिले में 192 पेट्रोल पंप संचालित हैं, जिनमें प्रतिदिन 12 लाख लीटर से अधिक डीजल और 9 लाख लीटर से अधिक पेट्रोल विक्रय होता है। लेकिन वैश्विक तनाव के बीच कंपनियों की मनमानी पूर्ण वितरण नीति की बदौलत पेट्रोल पंपों पर मांग का दबाव 10 प्रतिशत अधिक बढ़ा हुआ है। पंप संचालकों की मानें तो भुगतान पूरा करने के बाद भी कंपनियां पर्याप्त मात्रा में ईंधन सप्लाई नहीं कर रही हैं। कहा जा रहा है कि यह जानबूझकर किया जा रहा है, क्योंकि बिक्री अधिकारी स्पष्ट रूप से उच्च अधिकारियों के निर्देश का हवाला दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि कंपनियों की वितरण नीति राजधानी भोपाल में हालात भले ही सीमित हैं, लेकिन आसपास के दूरदराज इलाकों और हाईवे पर स्थित पेट्रोल पंपों को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रही है। आम वाहन चालकों को ईंधन की कमी का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें महंगा ईंधन खरीदना पड़ रहा है।

*पंप डीलर बोले- उच्च अधिकारियों के निर्देश पर ईंधन कंपनियां कर रहीं ऐसा*

*राजधानी के 192 पंपों से रोज बेचा जाता है 12 लाख लीटर डीजल, 9 लाख पेट्रोल*

हरिभूमि पड़ताल



नर्मदापुरम रोड पर आरआरएल के पास खाली पड़ा पंप।

## पंपों को सिर्फ नगद में मिल रहा पेट्रोल

मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह के अनुसार तेल कंपनियों ने राजधानी भोपाल सहित समूचे मध्यप्रदेश में पंपों को दी जाने वाली क्रेडिट सुविधा पूरी तरह बंद कर दी है। अब पंप संचालकों को सिर्फ कैश जमा करने पर ही डीजल- पेट्रोल मिल रहा है। जरूरत से ज्यादा तेल स्टॉक रखने की अनुमति भी नहीं है।

### सामान्य कम, प्रीमियम पेट्रोल की अधिक सप्लाई

कंपनियां सामान्य पेट्रोल के बजाय प्रीमियम पेट्रोल की आपूर्ति पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रही हैं। क्योंकि प्रीमियम में मार्जिन बेहतर है, इसलिए कंपनियां उसकी सप्लाई पर जोर दे रही हैं। बताया यह भी जा रहा है कि सरकार के दबाव के चलते सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां सामान्य ईंधन की कीमतों को नहीं बढ़ा पा रही हैं, इसलिए वे उच्च मार्जिन वाले प्रीमियम उत्पादों के माध्यम से परिचालन घाटे की भरपाई करने की कोशिश कर रही हैं।

### तेल कंपनियों की वितरण नीति वितरकों के अनुकूल नहीं

तेल कंपनियों द्वारा उधारी में ईंधन देना 5 मार्च से बंद कर दिया गया है। कंपनियां चार दीवारी बंद कमरे में बैठकर वितरण नीति तैयार कर रही हैं, अतः वितरण नीति वितरकों के अनुकूल नहीं हैं। रहीं बात प्रीमियम पेट्रोल की तो कंपनियों जो तेल उपलब्ध करा रहीं हैं वह पंप वाले बेच रहे हैं।

अजय सिंह अध्यक्ष, मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन

## *होशंगाबाद रोड के दो पंपों पर नहीं मिला पेट्रोल-डीजल, वाहन चालक हुए परेशान*

इजराइल और ईरान के बीच युद्ध को लेकर पेट्रोल-डीजल बंद होने की अफवाह ने पेट्रोल-डीजल की खपत तीन से चार गुना तक बढ़ा दी है। जिसकी वजह से गुरुवार को एक दर्जन पेट्रोल पंप ड्राई हो गए, हालांकि शाम को इन पंपों पर नया स्टॉक पहुंचने का दावा किया जा रहा है। देर शाम तक सावरकर सेतु स्थित एचपी और ऑशिमा मॉल के सामने स्थित भारत पेट्रोलियम के पंप पर पेट्रोल-डीजल नहीं मिला, जिससे वाहन चालकों को वापस लौटना पड़ा। इधर, शाम के समय प्रभात पेट्रोल पंप पर भी तेल खत्म हो गया। कर्मचारियों ने बताया कि टैंकर आने वाला है।



आशिमा मॉल के सामने पेट्रोल खत्म होने की जानकारी देता पंप कर्मचारी।

### नायरा का सील नोजल खोला

बुधवार को बाइक में दो सौ और कार में एक हजार रुपए का सीमित पेट्रोल देने के बाद खाद्य विभाग की टीम ने एयरपोर्ट रोड स्थित ट्रिनिटी नायरा पंप पर जांच की, जहां एक लीटर में 90 मिमी की कमी आने पर पंप की मशीन का एक नोजल सील कर दिया था। गुरुवार को नापतौल विभाग की जांच के बाद उसे दुरुस्त कर शुरू कर दिया है।

### अफवाहों पर दिन भर दौड़ी खाद्य की टीम

गुरुवार को पेट्रोल पंप ड्राई होने की अफवाह का दौर रहा, जिसमें रॉयल मार्केट, जेके रोड, छोला रोड सहित करोंद इलाके के पंपों पर पेट्रोल-डीजल नहीं मिलने की अफवाह चलती रहीं। जिसके बाद जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने टीम को इन जगहों पर भेजकर जांच कराई, हालांकि इन जगहों पर पेट्रोल-डीजल की सप्लाई जारी थी।

### अफवाह फैलाने पर होगी एफआईआर

अफवाहों की वजह से पेट्रोल-डीजल की सेल बढ़ने से जिला प्रशासन भी परेशान हो गया है। गुरुवार को अपर कलेक्टर सुमित पांडे ने सोशल मीडिया की अफवाहों को लेकर गाइडलाइन जारी की है, जिसमें कहा गया है कि सोशल मीडिया पर गलत जानकारी पोस्ट की तो एफआईआर कराई जाएगी। ग्रुप एडमिन भी इसके जिम्मेदार होंगे।

### एसडीएम और तहसीलदार करेंगे निगरानी

अपर कलेक्टर ने जारी गाइडलाइन में क्षेत्र के एसडीएम और तहसीलदारों को हिदायत दी है कि वे पंपों पर पेट्रोल-डीजल की सप्लाई पर नजर रखें। अगर कोई पंप संचालक कृत्रिम संकट खड़ा कर अधिक दाम में तेल बेचता है, तो उसके पंप का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा।

**यह हैं भोपाल में पेट्रोल डीजल के रेट:** राजधानी भोपाल में सामान्य पेट्रोल 106 रुपए 48 पैसे प्रति लीटर है तो प्रीमियम पेट्रोल 116 रुपए प्रति लीटर है।

## *रसोई गैस के बाद अब पेट्रोल का डर, पंपों पर लगी कतार*

भोपाल में पेट्रोल की संभावित किल्लत को लेकर लोगों के बीच चिंता का माहौल है। शहर के कई पेट्रोल पंपों पर भीड़ बढ़ गई है। बड़ी संख्या में वाहन चालक अपनी गाड़ियों के टैंक फुल कराने के लिए पहुंच रहे हैं। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के बीच टैंक फुल कराने की होड़ साफ दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि हाल ही में एलपीजी गैस की सप्लाई में आई दिक्कतों ने उन्हें पहले ही परेशान कर दिया है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि कहीं पेट्रोल की स्थिति भी वैसी न हो जाए। इसी डर के चलते लोग जरूरत से ज्यादा पेट्रोल भरवा रहे हैं, ताकि आने वाले दिनों में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।



प्रगति पेट्रोल पंप पर लगी कतार।

### *राजधानी में 16 लाख से ज्यादा वाहन*

*इन दिनों लोगों में बैचेनी का आलम यह है कि पेट्रोल पंप मालिकों को रोजाना एक के बजाए दो से तीन टैंकर मंगाने पड़ रहे हैं और वो भी कम भी पड़ रहे हैं। शहर में दुपहिया वाहनों की संख्या 11 लाख से ज्यादा है जबकि चार पहिया वाहनों की संख्या करीब पांच लाख है। शहर में पेट्रोल की रोजाना अनुमानित खपत 70 लाख लीटर होती है।*

### पेट्रोल पंप संचालक-ग्राहक बोले...



राजेश मिश्रा



अंसार खान



पुष्कर राजपूत

न्यू मार्केट स्थित नानके पेट्रोल पंप के मैनेजर राजेश मिश्रा ने बताया कि फिलहाल पेट्रोल-डीजल में किसी तरह की कमी नहीं है, लेकिन एहतियात के तौर पर स्टॉक बढ़ाया जा रहा है।

यहीं मौजूद ग्राहक अंसार खान का कहना था कि इन दिनों सुनने में आ रहा है कि पेट्रोल की किल्लत हो जाएगी, इसलिए गाड़ी में ज्यादा भरवा रहे हैं, ताकि आपात स्थिति में परेशान न होना पड़े। इसके साथ ही वहीं मौजूद एक अन्य ग्राहक पुष्कर राजपूत ने बताया कि गाड़ियां आज की बड़ी जरूरत बन गई हैं। ऐसे में कहीं गैस की तरह पेट्रोल की दिक्कत न हो जाए इसलिए एहतियातन पेट्रोल भरवा रहे हैं, ताकि मौके बे-मौके भटकना न पड़े।

### नगर निगम के वाहनों को आधा दिन बीतने के बाद मिला डीजल

*शहर में डीजल-पेट्रोल को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच गुरुवार को निगम के वाहनों को समय पर डीजल नहीं मिलने की शिकायतें सामने आईं। बड़ी संख्या में निगम के अतिक्रमण, स्वास्थ्य विभाग के वाहन खड़े रहे और मैदानी अमले के साथ नहीं जा सके। जब मामला निगम के अधिकारियों की जानकारी में पहुंचा तो दोपहर बाद वाहनों को डीजल मिल पाया। उक्त पूरे मामले को लेकर निगम प्रशासन ने इंकार करते हुए कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है। शिकायतें तो उन्हें भी मिलीं, लेकिन रोजाना की तरह की डीजल निगम के वाहनों को दिया गया।*

*जानकारी के अनुसार नगर निगम के पास 1650 वाहन हैं। इन्हें रोजाना 15 हजार से 20 हजार लीटर डीजल डिपो से दिया जाता है। इनमें सबसे अहम वाहनों का अमला अतिक्रमण, स्वास्थ्य, पानी और बिजली का होता है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को आधा दिन तक निगम के अधिकांश वाहन गार्बेज स्टेशनों पर ही खड़े रहे। दोपहर बाद डीजल की सप्लाई की गई तब वाहन अपने-अपने क्षेत्रों में रवाना हुए। सूत्रों ने बताया कि दोपहर बाद डीजल तो मिला, लेकिन कम मात्रा में दिया गया। नगर निगम के डीजल टैंक प्रभारी उप यंत्री विजय गोयल ने बताया कि आम दिनों की तरह ही निगम के वाहनों को डीजल दिया गया। नियमित सप्लाई जिस तरह होती है वैसी ही हुई। आधा दिन बीतने के बाद डीजल देने जैसी कोई बात नहीं है।*




भोपाल
शुक्रवार, 27 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष -9
वर्ष : 12, अंक : 354
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 36
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



13 आईपीएल में आरसीबी ने खेले हैं 4....

विचार पेज
06 ईरान पर ट्रंप की घोषणा ...



बीमार होना पड़ेगा मरीजों को भारी

# 1 अप्रैल से 1000 दवाएं होंगी महंगी छोटी-बड़ी बीमारियों पर होगा असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

1 अप्रैल 2026 से दर्द की दवाएं, एंटीबायोटिक दवाएं और बुखार कम करने वाली कई जरूरी दवाओं के दाम बढ़ जाएंगे। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने राष्ट्रीय आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल 1000 से ज्यादा दवाओं के दामों में मामूली बढ़ोतरी की अनुमति दे दी है।

यह बढ़ोतरी डब्ल्यूपीआई के आधार पर हो रही है। एनपीपीए ने बताया कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार कार्यालय से मिले आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में ▶▶ शेष पेज 4 पर

*कीमतों में करीब 0.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जा रही*



फाइल फोटो

### क्यों बढ़ाई गई कीमतें?

दवा कंपनियों का कहना है कि कच्चे माल की कीमतों में काफी बढ़ोतरी हुई है। ईरान इजराइल युद्ध के कारण एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंट्स (एपीआई) और सॉल्वेंट्स की कीमतें 30-35 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। ग्लिसरीन की कीमत में तो 64 प्रतिशत का उछाल आया है। पैकेजिंग मटेरियल जैसे पॉलीविनाइल क्लोराइड और एल्युमिनियम फॉइल भी 40 प्रतिशत महंगे हो गए हैं।

केंद्र सरकार ने एडवाइजरी जारी की

# होटलों-रेस्तरां में एलपीजी शुल्क वसूलने पर रोक, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर गैस संकट के बाद, देश में होटलों एवं रेस्तरां में ग्राहकों से 'एलपीजी शुल्क' वसूलने पर और इसे अनुचित व्यापार प्रथा करार देते हुए तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने उपभोक्ता बिलों में एलपीजी शुल्क, गैस सरचार्ज और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क लगाने वाले होटलों और रेस्तरांओं का कड़ा संज्ञान ▶▶ शेष पेज 4 पर

*केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने शिकायतों पर संज्ञान लिया*




### यहां करें शिकायत

अगर बिल में ऐसा कोई चार्ज दिखे तो ग्राहक तुरंत उसे हटाने की मांग कर सकते हैं। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर 1915 नंबर पर काल कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। एनसीएच मोबाइल एप या ई-जागृति पोर्टल के जरिए भी शिकायत की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### भारत समेत दुनिया भर में एक्स डाउन, यूजर्स परेशान



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स गुरुवार को एक बार फिर डाउन हो गया, जिससे यूजर्स को काफी परेशानी उठानी पड़ी। अचानक आई इस दिक्कत के चलते न तो नई पोस्ट्स दिखाई दे रही थीं और न ही फीड ठीक से रिफ्रेश हो रहा था। कई यूजर्स एप और वेबसाइट दोनों पर प्लेटफॉर्म एक्सेस करने में भी असमर्थ रहे। इस समस्या की पुष्टि आउटेज ट्रैकिंग वेबसाइट डाउन डिक्टेटर ने भी की।

### मप्र के स्कूलों में डेढ़ महीने की छुट्टियों का ऐलान



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए राहत भरी खबर है। स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छुट्टियों का आधिकारिक कैलेंडर जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार इस बार भी गर्मियों में बच्चों को लंबा ब्रेक मिलेगा, जिससे वे आराम के साथ-साथ अपनी छुट्टियों की बेहतर प्लानिंग कर सकेंगे। ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई 2026 से शुरू होकर 15 जून 2026 तक रहेगा।

### कार ने स्कूटी सवारों को रौंदा, मासूम की मौत



**मंदसौर।** जिले में महू-नीमच फोरलेन हाईवे पर गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार चार लोगों को कुचल दिया। हादसे में मां के सामने 3 साल के मासूम की मौत हो गई। वहीं मां समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे के बाद लोगों ने चक्काजाम कर दिया। मामला फतेहगढ़ गांव का है। मृतक की पहचान जियान के रूप में की गई है। घायलों में शानू (30), नायरा (25) और 3 माह की बच्ची हानिया शामिल हैं।

शाजापुर कलेक्टर बाफना के फैसले पर हाईकोर्ट सख्त

# कहा- बिना जांच किए कैसे दे दी बड़ी सजा?

दो मामलों में पहले भी लग चुकी है फटकार

अपीलीय प्राधिकारी ने भी इस गंभीर त्रुटि को नजरअंदाज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाजापुर



ऋजु बाफना

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने शाजापुर कलेक्टर ऋजु बाफना द्वारा जारी उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें बिना विभागीय जांच के एक कर्मचारी की वेतनवृद्धि रोक दी गई थी। न्यायमूर्ति जय कुमार पिल्लई ने 25 मार्च 2026 को सुनवाई करते ▶▶ शेष पेज 4 पर

### क्या है पूरा मामला?

दिसंबर 2024 में ठेकेदार शाहिद खान ने बघेरवाल पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। इससे पहले बघेरवाल ने इसी ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर की सिफारिश की थी और 85,000 रुपए की वसूली की कार्रवाई शुरू कराई ▶▶ शेष पेज 4 पर

सुप्रीम कोर्ट में फिर खुली व्यापमं घोटाले की फाइल

# 320 पेज की शिकायत सीबीआई से मांगा जवाब

16 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

इंदौर हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मध्य प्रदेश के सबसे बड़े भर्ती घोटाले की जांच फिर तेज हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर व्यापमं से संबंधित मामले में कड़ा रुख अपनाया है। व्यापमं घोटाले से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए सीबीआई और मध्य प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पारस सकलेचा ने 2014 में की थी शिकायत

पारस सकलेचा ने 2014 में पीएमटी और अन्य परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर दस्तावेजों सहित शिकायत की थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उन्होंने सीबीआई को 320 पेज की विस्तृत ▶▶ शेष पेज 4 पर

लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकियों की जांच के लिए एसआईटी गठित

# डीजीपी के निर्देश पर 9 सदस्यीय टीम, आईपीएस लोढ़ा बने प्रभारी



*टीम सभी मामलों की गहन जांच कर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई करेगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में व्यापारियों को मिल रही धमकियों के मामले में बड़ा कदम उठाते हुए कैलाश मकवाना ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। यह टीम राज्य में सक्रिय बताए जा रहे लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर दी जा रही धमकियों की जांच करेगी। पुलिस मुख्यालय के अनुसार एसआईटी का गठन एडीजी एसटीएफ के पर्यवेक्षण में किया गया है। जांच दल में कुल 9 अधिकारियों को शामिल किया गया है। टीम की कमान राहुल लोढ़ा को सौंपी गई है, जिन्हें एसआईटी का प्रभारी बनाया गया है। बताया जा रहा है कि इंदौर, भोपाल सहित प्रदेश के कई शहरों में व्यापारियों को लॉरेंस बिश्नोई गैंग और 'हैरी बॉक्स' के नाम से जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं। लगातार ▶▶ शेष पेज 4 पर

मप्र हाई कोर्ट का अहम फैसला

# पति-पत्नी के बीच संबंधों पर धारा 377 के तहत अपराध नहीं माना जा सकता

**धारा 377, जिसमें ओरल और एनल सेक्स से जुड़े तथाकथित अप्राकृतिक कृत्यों का उल्लेख है, पति-पत्नी के वैवाहिक संबंधों पर लागू नहीं होती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि पति पत्नी के बीच सहमति या असहमति से जुड़े शारीरिक संबंधों को भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के तहत अप्राकृतिक अपराध नहीं माना जा सकता। अदालत ने यह टिप्पणी एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान की, जिसमें एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना के प्रकरण को निरस्त करने की मांग की थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि धारा 377, जिसमें ओरल और एनल सेक्स से जुड़े तथाकथित ▶▶ शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो

आंध्र प्रदेश में बड़ा बस हादसा

# ट्रक से टक्कर के बाद बस में लगी आग, 14 की मौत, 20 लोग घायल

पीएमओ ने हताहतों के लिए मुआवजे का किया ऐलान

एजेंसी ▶▶ मार्कपुरम

आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले के रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना हो गई। इस हादसे में स्लैब खदानों के पास एक निजी ट्रैवल बस की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 20 से अधिक लोगों के घायल होने की भी खबर है। यह दुर्घटना उस समय हुई जब बस जगित्याला से कालिगिरी जा रही थी। टक्कर के बाद बस में आग लग गई और वह पूरी तरह से जलकर खाक हो ▶▶ शेष पेज 4 पर



जलती हुई बस

पेंटहाउस विवाद में पिता-पुत्र ने कार चढ़ाई

पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज किया

# महिला आईटी इंजीनियर की मौत.. दो घायल पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक मामूली विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। पेंटहाउस को लेकर चल रहे तनाव के बीच पिता-पुत्र ने भीड़ पर तेज रफ्तार कार चढ़ा दी, जिससे एक महिला इंजीनियर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना एमआर-11 स्थित सागर टाउनशिप के समृद्धि एन्क्लेव में देर रात हुई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान शंपा पाठक (पांडे) के रूप में हुई है, जो आईटी सेक्टर में कार्यरत थीं और इंफोसिस में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर काम कर रही थीं। उनके पति भी आईटी क्षेत्र से जुड़े हैं। परिवार ▶▶ शेष पेज 4 पर



सीसीटीवी फुटेज में कार के नीचे महिला इंजीनियर

### गुस्से में चढ़ाई कार, कई लोग चपेट में आए

तनाव बढ़ने पर आरोपी के बेटे ने गुस्से में कार भीड़ की ओर दौड़ा दी। इस दौरान एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक चौकीदार की पत्नी भी हादसे में जख्मी हुई है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले जनप्रतिनिधियों ने दोनों पक्षों में सुलह कराने की कोशिश भी की थी, लेकिन विवाद सुलझ नहीं पाया।



**इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद राजधानी अलर्ट**

# शहर में 85 दिनों में 14 हजार से ज्यादा पानी के सैंपल की जांच, केवल तीन जगह ई-कोलाई की पुष्टि, प्रभावित क्षेत्रों में अब पानी साफ, लेकिन प्रेशर कम

**पानी की गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल क्लोरीन, पीएच, टरबीडिटी व बैक्टेरिया की आठ प्रयोगशालाओं में करवाई जा रही है जांच**

**खानूगांव में भू-जल स्त्रोत किया बंद, नई पाइप लाइन बिछाई, अब नर्मदा जल की सप्लाई, वाजपेयी नगर में नेटवर्क सुधारा, आदमपुर में टैंकरों से सप्लाई**

हरिभूमि ▶▶ भोपाल

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद राजधानी में बीते 85 दिनों से रोजाना शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पानी के सैंपल लेकर जांच करने का सिलसिला चल रहा है। शहर से रोजाना 100 से ज्यादा सैंपल लिए जा रहे हैं। बीते 85 दिनों में 14 हजार से ज्यादा पानी के सैंपल की जांच करवाई जा चुकी है। इनमें से केवल तीन स्थानों पर पानी में ई-कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि से हड़कंप मच गया था।

यह सभी भू-जल स्त्रोत थे, जिन्हें तत्काल बंद करवाया गया। खानूगांव में जिस कुएं से पानी सप्लाई होता था, उसमें ई-कोलाई की पुष्टि होने के बाद बंद करवाकर नई पाइप लाइन बिछाई गई है। जिससे नर्मदा जल सप्लाई हो रहा है। लोगों का कहना है कि पानी तो अब साफ मिल रहा है, लेकिन प्रेशर कम है, जबकि वाजपेयी नगर में पानी की किल्लत या दूषित पानी की समस्या से लोगों ने इंकार किया। बड़ी समस्या आदमपुर छावनी की है, जहां निगम के टैंकरों से जल प्रदाय किया जा रहा है।

## वाजपेयी नगरः लाइनें बदलीं,यहां पानी अब साफ आ रहा


खानूगांव में कुए को जाली से कवर कर दिया गया है।

अलग खबर

ईदगाह हिल्स स्थित वाजपेयी नगर में ई-कोलाई की पुष्टि होने के बाद बोरवेल को बंद कर दिया गया। पूरे क्षेत्र में पाइप लाइनें बदली गई हैं। रहवासी रिजवान कुरैशी ने बताया कि जहां लाइनें गंदगी और कचरे के ढेर के नीचे दबी थीं उन्हें हटाया गया है। लीकेज सुधारे गए हैं। अब पानी साफ और पर्याप्त आ रहा है।

**आदमपुरः भूजल प्रदूषित, बोरवेल कराए बंद**

रायसेन रोड से लगे आदमपुर छावनी में भू-जल दूषित है। यहां पूरे क्षेत्र में बोरवेल बंद करवाए जा चुके हैं। क्षेत्र में जगह-जगह दो हजार लीटर क्षमता की पानी की टंकियां रखवाई गई हैं। जिनमें निगम के टैंकरों से रोजाना पानी भरा जाता है। यह पानी ग्रामीण उपयोग करते हैं। रत्नागिरी में निगम के हाईड्रेंट से टैंकर आदमपुर में पानी पहुंचाते हैं। पूर्व सरपंच सुरेश इंदौलिया का कहना है कि टैंकरों से पानी सप्लाई हो रहा है, पानी की अभी कोई दिक्कत नहीं है।

**पानी सप्लाई का कोई समय निर्धारित नहीं**



अब पानी साफ आ रहा है। पहले एक घंटे पानी की सप्लाई होती थी, अब पंद्रह मिनट कम कर दिए हैं वो भी कम दबाव से आ रहा है। पानी सप्लाई का कोई समय भी निर्धारित नहीं है। इससे दिक्कत हो रही है।

**शरीफ खान, खानूगांव**

## क्या कहते हैं लोग

**दूषित पानी से 'इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन' का खतरा**

अक्सर जब भी दूषित जल का जिक्र होता है, तो हमारा ध्यान सबसे पहले डायरिया या दस्त की ओर जाता है। लेकिन गंदा पानी कई जानलेवा बीमारियों का जोखिम कई गुना बढ़ा देता है। विशेषकर घनी आबादी वाले क्षेत्रों में जहां पाइपलाइनों में लीकेज की समस्या होती है, वहां पानी का रंग भले ही साफ दिखे, लेकिन उसमें मौजूद सूक्ष्म जीव लीवर और आंतों को स्थायी नुकसान पहुंचा सकते हैं। डिहाइड्रेशन के साथ-साथ इन बीमारियों से होने वाला 'इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन' किडनी फेलियर और तंत्रिका तंत्र की समस्याओं का जोखिम भी कई गुना बढ़ा देता है। पानी की शुद्धता को नजरअंदाज करना जानलेवा है।

**डॉ. धीरज शुक्ला, मेडिसिन विशेषज्ञ**



ई-कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि के बाद कुए को तो पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। नई पाइप लाइन से नर्मदा जल सप्लाई हो रहा है। अब साफ पानी मिल रहा है, लेकिन कम प्रेशर होने के कारण पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है।

**शुभम कुशवाहा, खानूगांव**

**श्रमिकों के खातों में संबल योजना के 157 करोड़ अंतरित**

**किसानों को सालभर में 12 हजार की सम्मान निधि दे रहे**

**छिंदवाड़ा को दी 500 करोड़ के 105 विकास कार्यों की सौगात**

# किसानों की समृद्धि में ही प्रदेश की खुशहालीः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे लिए सीमा पर जवान और खेतों में किसान, दोनों बराबर हैं। प्रदेश के किसानों को सालभर में 12 हजार रुपए की सम्मान निधि और लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात मिल रही है। अन्नदाता की समृद्धि के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया है।

किसानों की समृद्धि में ही प्रदेश की खुशहाली है। इसी ध्येय से किसानों को फसल उत्पादन के साथ-साथ पशुपालन, दूध उत्पादन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण से आय दोगुनी करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डॉ. यादव छिंदवाड़ा में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने चैत्र नवरात्रि की महा अष्टमी के दिन छिंदवाड़ा में दीप प्रज्वलित कर एवं कन्या पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।


हितग्राही को योजना राशि का चेक सौंपते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### कर्मयोगी की तरह प्रदेश को आगे बढ़ा रहे मुख्यमंत्री डॉ. मोहनः सांसद साहू


छिंदवाड़ा से भाजपा सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक कर्मयोगी की तरह प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं। पांढुर्णा में आज श्री हनुमान लोक का लोकार्पण होने के साथ ही दूसरे चरण के कार्यों की घोषणा की गई है। छिंदवाड़ा के जनजातीय अंचलों के लिए 84 उप-स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ-साथ बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए विद्यालय और छात्रावास की भी सौगात मिली है। तामिया-जुन्नारदेव सड़क 2 जिलों को जोड़ रही है। छिंदवाड़ा में एयरपोर्ट के विकास से क्षेत्र की एक अलग पहचान बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों के कल्याण के लिए 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया है। छिंदवाड़ा कॉर्न (मक्का) सिटी है। छिंदवाड़ा जिले में 350 करोड़ से अधिक लागत के सिर्फ लोकार्पण हुए हैं। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा जिले को दीं कई सौगातें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा जिले को 500 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 105 विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें 133 करोड़ की लागत के तामिया-जुन्नारदेव मार्ग, नल जल योजना के कार्य, पुलिस आवास गृह, माध्यमिक विद्यालय भवन और छात्रावास सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के लिए नया भवन बनाए जाने की घोषणा की। डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से प्रदेश के 7008 श्रमिकों के खातों में संबल योजना की 157 करोड़ की राशि का अंतरण किया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में 55 लाख से अधिक हितग्राहियों को 463 करोड़ की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा को लगभग 500 करोड़ और पांढुर्णा को 350 करोड़ से अधिक की अनुपम सौगात मिली है। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के पास जामसांवली में श्री हनुमान लोक के लोकार्पण का सौभाग्य मिला। भगवान श्री हनुमान के बिना तो रामराज्य भी अधूरा सा लगता है।

### श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने में नहीं रखी जाएगी कोई कमीः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन में क्षिप्रा नदी पर निर्माणधीन घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं रखी जाए। डॉ. यादव ने श्री अंगारेश्वर और श्री सिद्धवट के मध्य क्षिप्रा नदी पर बन रहे नए घाटों का अवलोकन भी किया। ये घाट आगामी सिंहस्थ महापर्व-2028 को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के स्नान और अन्य सुविधाओं के लिए तैयार किए जा रहे हैं। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं। डॉ यादव ने नवनिर्मित घाटों के लगभग 200 मीटर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए वस्त्र बदलने की व्यवस्था तथा सुविधाजनक स्थानों पर



टॉयलेट बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख घाटों पर लगभग 200 मीटर की दूरी पर सुविधा घर विकसित करने के निर्देश भी दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## 'चीता बीज' को विश्व स्तरीय ब्रांड के रूप में करें विकसितः मंत्री सारंग


बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते मंत्री सारंग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने राज्य सहकारी बीज एवं विपणन संघ मर्यादित भोपाल (बीज संघ) के संचालक मंडल की बैठक में बीज उत्पादन बढ़ाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा किसानों को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बीज संघ द्वारा मक्का, नॉन-जीएम कपास एवं सब्जियों के हाइब्रिड बीजों का उत्पादन एवं विपणन किया जाएगा।

किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज बाजार मूल्य की तुलना में लगभग आधी कीमत पर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। सारंग ने कहा कि इससे किसानों की लागत कम होगी और उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिलेगी। सारंग ने बीज संघ के 'चीता बीज' को विश्व स्तरीय ब्रांड के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए बीजों की गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा सोशल मीडिया, कृषि मेलों और प्रदर्शनियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में बताया गया कि बीज प्रसंस्करण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नई सीड प्रोसेसिंग यूनिट एवं कलर सॉर्टेक्स मशीनें स्थापित की जाएंगी। प्रथम चरण में यह कार्य गुना एवं खरगोन में प्रारंभ किया जाएगा, जिसे पैक्स एवं सहकारी समितियों के माध्यम से प्रदेश के अन्य जिलों में विस्तारित किया जाएगा। सारंग ने निर्देश दिए कि किसानों को बीज उत्पादन के लिए प्रशिक्षित किया जाए। जिन किसानों ने बीज उत्पादन में अच्छा कार्य किया है, उनके माध्यम से अन्य किसानों को प्रशिक्षण दिया जाए तथा बीज उत्पादन योजनाएं तैयार की जाएं।

**800 में से चुने जाएंगे प्रवक्ता और पैनलिस्ट**

## कांग्रेस का टैलेंट हंटः प्रवक्ता बनने युवाओं-बुजुर्गों में होड़

हरिभूमि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में आगामी चुनावों की तैयारियों के बीच कांग्रेस ने संगठन और मीडिया मैनेजमेंट को मजबूत करने के लिए टैलेंट हंट अभियान शुरू किया है। राजधानी भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में चल रहे इस कार्यक्रम में प्रवक्ता, मीडिया कोऑर्डिनेटर और रिसर्च कोऑर्डिनेटर बनने के लिए युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक में उत्साह देखा जा रहा है।

इस टैलेंट हंट में खास बात यह है कि जहां बड़ी संख्या में युवा भाग ले रहे हैं, वहीं 78 वर्षीय हनीफ खान भी प्रवक्ता बनने की दौड़ में शामिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि वे पहले भी प्रवक्ता रह चुके हैं और एक बार फिर पार्टी के लिए काम करने का मौका चाहते हैं। उनका कहना है कि उम्र कोई बाधा नहीं होती, यदि व्यक्ति में काम करने की इच्छा हो।

विदिशा के कपिल गोस्वामी, जो पिछले नौ वर्षों से कांग्रेस से जुड़े हैं, ने भी इस प्रक्रिया में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि इंटरव्यू के लिए उन्होंने करीब डेढ़ महीने तक तैयारी की। कार्यक्रम को लेकर इतना उत्साह था कि इंटरव्यू से पहले रातभर नींद तक नहीं आई।




**20 राज्य प्रवक्ता चुने जाएंगेः नायक**

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग प्रमुख मुकेश नायक के अनुसार इस प्रक्रिया के जरिए करीब 800 प्रतिभागियों में से 20 राज्य प्रवक्ता चुने जाएंगे। इसके अलावा मीडिया पैनलिस्ट, जिला और मंडल स्तर के प्रवक्ता भी चयनित किए जाएंगे। साथ ही दो राष्ट्रीय पैनलिस्ट और एक अंग्रेजी मीडिया पैनलिस्ट का भी चयन होगा। चयन प्रक्रिया में प्रतिभागियों की वाकपटुता, समसामयिक मुद्दों की समझ, शोध क्षमता, संगठन के प्रति प्रतिबद्धता और मीडिया हैंडलिंग जैसे मानकों को आधार बनाया जा रहा है। पार्टी का उद्देश्य ऐसे प्रभावी चेहरों को सामने लाना है, जो मीडिया के जरिए पार्टी की विचारधारा और मुद्दों को मजबूती से जनता तक पहुंचा सकें।

**पीसीसी दफ्तर में प्रतिभागियों के हुए साक्षात्कार**

कांग्रेस का यह टैलेंट हंट कार्यक्रम चुनावी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसके जरिए पार्टी जमीनी स्तर से लेकर राष्ट्रीय मंच तक अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में जुटी है। नेशनल टैलेंट हंट के तहत प्रतिभागियों का सफलतापूर्वक साक्षात्कार किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अभियान के अंतर्गत प्रतिभागियों का साक्षात्कार राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल यादव और वरिष्ठ साहित्यकार विजय बहादुर सिंह द्वारा लिया गया। चयनकर्ताओं ने प्रतिभागियों के उत्साह, आत्मविश्वास एवं ज्ञान की सराहना करते हुए इसे संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक पहल बताया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक, टैलेंट हंट समन्वय समिति के सदस्य एवं विधायक आरिफ मसूद, मप्र कांग्रेस के प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी और कार्यक्रम समन्वयक अपूर्व भारद्वाज ने किया।

## हादसे पर राजनीति करना कांग्रेस की संवेदनहीन अवसरवादी सोच को करता है उजागरः आशीष

हरिभूमि ▶▶ भोपाल

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने छिंदवाड़ा बस-ट्रक हादसे पर दुख जताया है। वहीं, उन्होंने घटना को लेकर कांग्रेस के राजनीति करने पर कहा कि जीतू पटवारी, हर घटना पर भ्रम फैलाना और राजनीति करना आपकी पुरानी प्रवृत्ति बन चुकी है। छिंदवाड़ा की यह घटना दो वाहनों के मध्य हुआ एक भीषण सड़क हादसा है, न कि किसी अव्यवस्था का परिणाम। आपदा, दुर्घटना में



भी राजनीति करना कांग्रेस की संवेदनहीन और अवसरवादी सोच को उजागर करता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तत्काल संज्ञान लेकर घायलों के उपचार व हर संभव सहायता की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की है। राजनीति से ऊपर उठिए और पीड़ितों के प्रति संवेदना दिखाइए। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने छिंदवाड़ा बस-ट्रक हादसे पर शोक संवेदनाएं जताते हुए सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने इसे सरकारी लापरवाही का परिणाम बताया है। वहीं, घटना की न्यायिक जांच की मांग की है और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

**हेवू-बीएमएस ने कार्यालय में किया शक्ति सम्मान का आयोजन**

## महिला को अब जीजाबाई बनने की आवश्यकता

हरिभूमि ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में जुमड़े भवन महात्मा गांधी चौराहा हेवू बीएमएस कार्यालय में शक्ति सम्मान का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में बीएचईएल की उन मातृ शक्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बूते सप्ताह के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी तथा छमाही सर्वश्रेष्ठ कर्मचारियों की श्रेणी में अपना नाम दर्ज करवाया। बीएचईएल में इंजीनियरिंग, उत्पादन, क्वालिटी



इत्यादि विभागों में कार्य कर रही अनेक मातृ शक्तियों को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी, मेघा दुबे, आभा पांडे ने कहा कि प्रत्येक महिला को अब जीजाबाई बनने की आवश्यकता है, क्योंकि यदि जीजाबाई नहीं होगी तो शिवाजी कहां से जन्म लेंगे? विभाग प्रमुख कमलेश नागपुरे ने उपस्थित मातृ शक्ति को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमएस मेडिकल कमेटी की सदस्य सी राधा ने की। संचालन किरण धामने ने किया। आभार प्रदर्शन प्रेमलता व्यास द्वारा किया गया। सम्मानित महिलाओं में मुख्यतः प्रेमलता व्यास, कविता सोनी, सरिता राजुरकर, पूनम भोय, ओमेश्वरी बिसेन, सुनीता चौहान, नम्रता शर्मा, विजयलक्ष्मी, नीतू सोनी, प्रीति प्रजापति, स्वाति शाक्य, यास्मीन, रखी कासदे, श्वेता कैथल, पिंकी मिश्र, साथी शाह और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

**मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी जा रहीः पटवारी**

# पेट्रोल-डीजल हालात पर कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला, विदेश नीति और बयानों को बताया जिम्मेदार, सरकार से स्पष्टता की मांग

हरिभूमि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह पटवारी ने देश में पेट्रोल-डीजल को लेकर बने हालात पर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार की विदेश नीति और हालिया बयानों के कारण देश में अनावश्यक भय का माहौल बना है। पटवारी ने आरोप लगाया कि भारत की पारंपरिक गुटनिरपेक्ष नीति को कमजोर किया गया है, जिससे कूटनीतिक संतुलन प्रभावित हुआ है।



उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि निर्माण की राजनीति और विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रंप के साथ संबंधों के प्रदर्शन ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। उन्होंने कहा कि संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान के बाद देशभर में घबराहट बढ़ी है। मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी जा रही हैं, जिससे आमजन को परेशानी हो रही है। वहीं भाजपा नेताओं द्वारा किसी संकट से इनकार को उन्होंने विरोधाभासी बताया। पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी पहले ही ऐसी स्थिति को लेकर चेतावनी दे चुके थे, जो अब सही साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ी है और कार्यकर्ताओं से आमजन की मदद करने की अपील की। अंत में उन्होंने केंद्र सरकार से स्थिति स्पष्ट करने, पारदर्शिता बरतने और आम जनता को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## संविदा कर्मचारियों के साथ अन्याय अस्वीकार्य, एक ही दिन दो परीक्षाएं युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ः कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह पटवारी (जीतू पटवारी) ने संविदा कर्मचारियों और प्रतियोगी परीक्षाओं के मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतिगत असंवेदनशीलता के चलते एक ओर संविदा कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर युवाओं के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। पटवारी ने कहा कि संविदा नीति 2023 के पालन को लेकर बार-बार विभागों, निगमों और मंडलों से रिपोर्ट तलब करना इस बात का संकेत है कि अब तक कर्मचारियों को उनके अधिकार नहीं मिल पाए हैं। उन्होंने इसे सरकार की प्रशासनिक विफलता करार दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में करीब 1.5 से 2 लाख संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं, लेकिन उनके भविष्य को लेकर स्पष्ट नीति नहीं है। संविदा नीति लागू होने के बावजूद ग्रेच्युटी, अनुकंपा नियुक्ति और सामाजिक सुरक्षा जैसे लाभ पूरी तरह नहीं मिल पा रहे हैं। उनका कहना है कि केवल रिपोर्ट मंगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा, इसके लिए ठोस निर्णय जरूरी हैं।

**एमपीपीएससी और एमपीएसआई परीक्षा की तारीख टकराने पर कांग्रेस का हमला, सरकार से बदलाव की मांग**

जीतू पटवारी ने युवाओं से जुड़े एक अहम मुद्दे को उठाते हुए कहा कि मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा और एमपीएसआई भर्ती की मुख्य परीक्षा का आयोजन 26 अप्रैल को एक ही दिन रखा जाना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने कहा कि हजारों अभ्यर्थियों ने दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन किया है और वे असमंजस में हैं कि किस परीक्षा में शामिल हों। पटवारी ने आरोप लगाया कि यह निर्णय युवाओं को अपने ही भविष्य के दो महत्वपूर्ण अवसरों में से एक को छोड़ने के लिए मजबूर करता है और यह सरकार के समन्वय की कमी को दर्शाता है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार से मांग की है कि संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं दी जाएं, ग्रेच्युटी और अनुकंपा नियुक्ति जैसे लाभ तत्काल लागू किए जाएं और उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए स्थायी नीति बनाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो कांग्रेस पार्टी कर्मचारियों और युवाओं के साथ मिलकर प्रदेशभर में आंदोलन करेगी।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE
सत्यमेव जयते
Tele MANAS 14416



“ मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएँ, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत आम और सहज हो सके। ”

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# टेली मानस

## भारत का राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की पहल

## क्या आप किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं?


कभी भी, कहीं से भी टेली मानस के माध्यम से सहायता पाएं।
24/7, 20+ भाषाओं में, पूरे भारत में उपलब्ध।

### इन चिंताओं के लिए हमें कॉल करें:

- उदासी, चिंता या तनाव
- नींद की समस्या
- परीक्षा का तनाव
- परिवार से जुड़ी समस्याएँ
- आत्महत्या से जुड़े विचार
- नशे से संबंधित समस्याएँ
- रिश्तों में परेशानी
- याददाश्त से जुड़े मुद्दे
- पैसों की चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ

“ पिछले 3 वर्षों में हमने 30 लाख से अधिक कॉल्स में सहायता की है। ”

**टेली मानस ऐप डाउनलोड करें और स्व-देखभाल सामग्री तथा वेलनेस अभ्यास मॉड्यूल देखें।**



**टेली मानस को कॉल करें**

24/7

**14416**

**टोल-फ्री नंबर**

- 10 क्षेत्रीय भाषाओं + अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध।
- दिव्यांग उपयोगकर्ताओं के लिए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स।
- मिलिए 'अस्मी' से आपके सवालों, जानकारी और सहायता के लिए आपका चैटबॉट।

**यहाँ स्कैन करें**

टेली मानस के बारे में और जानने व ऐप डाउनलोड करने के लिए!

CBC 17193/13/0010/2526

## जैकेट का शेष ...

### हनुमान लोक का ...

मंदिर में श्री हनुमान लोक के प्रथम चरण के लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री एवं पांढुर्णा जिले के प्रभारी प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र भावसिंह लोधी भी मौजूद थे।

### पांढुर्णा जिले के लिए ...

पुलिस थाना बनाया जाएगा। सौंसर में कृषि विकास केंद्र स्थापित करने के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। डॉ. यादव ने कन्हान नदी पर 30 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से बने पुल, मोहगांव से नांदनवाडी तक 22 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत से बनी 24 किमी लंबी सड़क, विभिन्न ग्रामों की नल-जल योजनाओं, नगर पालिका परिषद सौंसर के विभिन्न कार्यों, शासकीय महाविद्यालय पांढुर्णा में अतिरिक्त कक्ष और 4 ग्राम पंचायतों में अटल सेवा केंद्रों का लोकार्पण किया।

### देश में 60 दिन का ...

है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कुछ देशों में जहां ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि, राशनिंग, ऑड-ईवन नियम और पेट्रोल पंप बंद होने जैसी स्थिति है, वहीं भारत में ऐसी किसी भी आपातकालीन उपाय की जरूरत नहीं है। सरकार ने पेट्रोल पंप मालिकों को राहत देते हुए क्रेडिट सीमा 1 दिन से बढ़ाकर 3 दिन कर दी है, ताकि कार्यशील पूंजी की कमी के कारण किसी भी पंप पर ईंधन की कमी न हो। एलपीजी को लेकर भी सरकार ने किसी तरह की कमी से इनकार किया है। मंत्रालय के अनुसार घरेलू उत्पादन में 40% की वृद्धि की गई है, जिससे रोजाना उत्पादन 50 हजार मीट्रिक टन(टीएमटी) तक पहुंच गया है, जो कुल आवश्यकता का 60% से अधिक है। अब आयात की दैनिक जरूरत घटकर 30 टीएमटी रह गई है। इसके अलावा, अमेरिका, रूस और ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों से 800 टीएमटी एलपीजी की खेप पहले से रास्ते में है, जो देश के 22 आयात टर्मिनलों पर पहुंचेगी।

### पिकअप से टकराकर ...

सम्मेलन से लौट रहे थे। इसी दौरान सिमरिया के पास बस और पिकअप वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस सड़क किनारे पलट गई और मौके पर ही चीख-पुकार मच गई। हादसे में कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दुर्घटना इतनी भयावह थी कि एक महिला और एक बच्चे का हाथ कटकर अलग हो गया, जबकि कई लोगों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्रशासन ने तेजी दिखाते हुए मौके से अस्पताल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया, जिससे एंबुलेंस बिना किसी रुकावट के तेजी से अस्पताल पहुंच सकीं। कुल छह एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल लाया गया। छिंदवाड़ा कलेक्टर हरेंद्र नारायण ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बस और पिकअप के बीच टक्कर ओवरटेक करने की कोशिश के दौरान हुई। पिकअप वाहन में लहसुन लदा हुआ था। उन्होंने बताया कि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को नागपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जबकि पांच अन्य घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। बाकी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते रहे। घायलों के इलाज के लिए अस्पताल में अतिरिक्त चिकित्सकों और स्टाफ की व्यवस्था की गई है। हादसे के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा, जहां परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी। बताया जा रहा है कि जिस हितग्राही सम्मेलन से लोग लौट रहे थे, उसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए थे। कार्यक्रम के बाद बड़ी संख्या में लोग अपने-अपने गांव लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में ओवरटेक के दौरान हुई लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है।

**कांग्रेस नेता ने लगाए लापरवाही के आरोप :** घटना के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यक्रम में लोगों को ले जाने की व्यवस्था में लापरवाही बरती गई। साथ ही उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल, मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और उनके परिजनों को सूचना दी जा रही है। जिले में इस दर्दनाक हादसे के बाद शोक का माहौल है।

### मृतकों के परिजनों ...

*से मिलने के लिए निर्देशित किया है। सीएम ने दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित इलाज के लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। जबलपुर से डॉक्टर्स के दल पैरामेडिकल स्टाफ सहित छिंदवाड़ा और नागपुर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम के निर्देश पर मृतकों के निकटम परिजनों को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि और गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। सभी घायलों का इलाज निःशुल्क किया जाएगा। भोपाल में स्वास्थ्य विभाग में नियंत्रण कक्ष बनाकर घायलों के उपचार की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।*

### एयर इंडिया की लंदन ...

हवाई अड्डे पर सुरक्षित वापस उतर गया।

उड़ान के दौरान विमान के अंदर कुछ आवाजें सुनी गई थीं, जिसके बाद यह मार्ग बदलने का फैसला किया गया। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि विमान की वापसी का फैसला ऐहतियात के तौर पर लिया गया। एक संदिग्ध तकनीकी खराबी सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया। प्रवक्ता ने कहा कि विमान सुरक्षित उतर गया है और एयर इंडिया के उच्च सुरक्षा मानकों के तहत इसकी विस्तृत तकनीकी जांच की जा रही है।

### कहा-हम धर्म का उपयोग ...

चाहिए। जब प्रभु का बुलावा आता है तो हर व्यक्ति आ जाता है। वहीं, आप प्रभु राम के यहां आएं और हनुमान जी के दर्शन न करें ऐसा तो संभव नहीं हैं। दिग्विजय सिंह के कार्यालय से जारी रिलीज में याद दिलाया गया है कि 18 जनवरी 2021 को उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को 1,11,111 रुपए का दान दिया था। रिलीज में उन्हें एक सच्चा सनातनी बताते हुए उनकी 3,300 किलोमीटर की नर्मदा परिक्रमा का भी जिक्र किया गया है, जिसे उन्होंने पैदल पूरा किया था।

### कंपनियों की मांग घटी ...

भी स्तर की बढ़ोतरी अंततः उपभोक्ता की जेब पर असर डालती है। टैरिफ आदेश में मीटरिंग चार्ज खत्म करने, ऑनलाइन भुगतान पर छूट और प्रीपेड उपभोक्ताओं को प्रोत्साहन जैसी बातें जरूर कही गई हैं, लेकिन इनका वास्तविक लाभ सीमित उपभोक्ताओं तक ही सिमटा रहेगा। स्मार्ट मीटर पर 20% छूट जैसी योजनाएं भी अभी व्यापक स्तर पर लागू नहीं हैं।

**उद्योग को राहत, घरेलू उपभोक्ता पर भार :** जहां हाई वोल्टेज और औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए विभिन्न छूट और प्रोत्साहन योजनाएं यथावत रखी गई हैं, वहीं घरेलू उपभोक्ता को सीधे बढ़े हुए टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या नीतियां उद्योगों के पक्ष में ज्यादा झुकी हुई हैं?

## पेज एक का शेष ...

### 1 अप्रैल से....

डब्ल्यूपीआई में पिछले साल की तुलना में 0.64956 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसी आधार पर इन दवाओं की कीमतों में करीब 0.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जा रही है। इस बढ़ोतरी से कई आम दवाएं प्रभावित होंगी। इनमें दर्द निवारक दवाएं जैसे पैरासिटामॉल शामिल हैं। इसके अलावा एंटीबायोटिक दवाएं जैसे एजिथ्रोमाइसिन (बैक्टीरियल संक्रमण के लिए) और सिप्रोफ्लॉक्सासिन भी महंगी होंगी। एनीमिया की दवाएं, विटामिन और मिनरल्स की दवाएं, कोविड-19 मरीजों के लिए कुछ दवाएं और स्टेरॉयड्स भी महंगी हो जाएंगी। पैरासिटामॉल में 25 और सिप्रोफ्लॉक्सासिन में 30 प्रतिशत तक का इजाफा बताया जा रहा है, हालांकि आधिकारिक रूप से यह 0.6 प्रतिशत के आसपास है।

### होटलों-रेस्तरां ...

लिया है, और इस प्रथा को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत एक अनुचित व्यापार व्यवहार करार दिया है। बयान में कहा गया कि सेवा शुल्क पर मौजूदा दिशानिर्देशों से बचने के लिए ऐसे शुल्क डिफॉल्ट रूप से लगाए जा रहे हैं, सीसीपीए ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 10 के तहत जारी की नई एडवाइजरी में निर्देश दिया गया है कि ऐसा कोई भी शुल्क स्वचालित रूप से नहीं वसूला जाएगा, और चेतावनी दी है कि उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है। सरकार ने बताया कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) पर प्राप्त शिकायतों और मीडिया रिपोर्टों के आधार पर सीसीपीए ने पाया है कि कुछ होटल और रेस्तरां मेनू में प्रदर्शित भोजन और पेय पदार्थों की कीमत और लागू करों के ऊपर, उपभोक्ता बिल में डिफॉल्ट रूप से ऐसे शुल्क लगा रहे हैं।

### कहा- बिना जांच ....

हुए कलेक्टर से 15 दिन के भीतर व्यक्तिगत हलफनामा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। शाजापुर निवासी जयंत बघेरवाल, जो राजस्व विभाग में सहायक ग्रेड-3 के पद पर 30 वर्षों से अधिक समय से सेवाएं दे रहे हैं, ने अधिवक्ता यश नागर के माध्यम से याचिका दायर की। याचिका में कलेक्टर के 27 और 28 फरवरी 2025 के आदेशों के साथ ही संभागायुक्त के 11 दिसंबर 2025 के अपीलीय आदेश को चुनौती दी गई। हाईकोर्ट ने इन तीनों आदेशों पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने टिप्पणी की कि कलेक्टर ने बिना विवेक के अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन करते हुए दंड दिया। साथ ही यह भी कहा कि अपीलीय प्राधिकारी ने भी इस गंभीर त्रुटि को नजरअंदाज किया। गौरतलब है कि 16 मार्च 2026 को भी हाईकोर्ट ने जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही के निलंबन को गलत ठहराते हुए कलेक्टर के आदेश को अनुचित माना था और उन्हें बहाल करने के निर्देश दिए थे।

### क्या है पूरा ....

थी। शिकायत के बाद कलेक्टर ने नियम 14 के तहत आरोप-पत्र जारी किए बिना केवल कारण बताओ नोटिस जारी किया। जांच अधिकारी की रिपोर्ट में 35,000 और 15,000 रुपए की रिश्वत के आरोप सिद्ध नहीं पाए गए, इसके बावजूद 27 फरवरी 2025 को 'संचयी प्रभाव के साथ दो वेतनवृद्धियां रोकने' की सजा दे दी गई, जो कानूनी रूप से बड़ी सजा मानी जाती है। अगले ही दिन 28 फरवरी को बघेरवाल को गुलाना एसडीओ कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया। आरटीआई में यह भी सामने आया कि शिकायत में जिन वीडियो रिकॉर्डिंग का उल्लेख था, वे आधिकारिक रिकॉर्ड में मौजूद ही नहीं थीं। इसके अलावा, 30 साल की सेवा पूरी होने पर 18 दिसंबर 2025 को जारी तृतीय समयमान वेतन आदेश में भी उनका नाम शामिल नहीं किया गया, जबकि जूनियर कर्मचारियों को इसका लाभ दिया गया।

### 320 पेज की...

ने पूर्व विधायक पारस सकलेचा की 320 पेज की शिकायत पर अब तक क्या जांच हुई और चार्जशीट में क्या स्थिति है, इसकी स्पष्ट जानकारी देने को कहा है। यह मामला पारस सकलेचा की उस याचिका से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने अपनी शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर इंदौर हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने उनकी याचिका इस आधार पर खारिज कर दी थी कि वे सीधे प्रभावित पक्ष नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया ने सीबीआई और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया था, लेकिन समय पर जवाब नहीं मिलने पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए दोनों से हलफनामा पेश करने को कहा है।

### पारस सकलेचा ने ...

शिकायत सौंपी। इस मामले में सीबीआई और एसटीएफ ने उनके बयान दर्ज किए, लेकिन आगे कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के आरोप हैं।

### डीजीपी के निर्देश ....

सामने आ रहे इन मामलों को देखते हुए अब सभी प्रकरण एसटीएफ को सौंप दिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि टीम सभी मामलों की गहन जांच कर धमकी देने वाले आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई करेगी। प्रदेशभर में बढ़ती धमकी की घटनाओं के बीच एसटीएफ गठन को बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है, जिससे व्यापारियों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ने की उम्मीद है।

**इन अधिकारियों को जांच का जिम्मा**

- **राहुल कुमार लोढ़ा** – प्रभारी (पुलिस उप महानिरीक्षक/एसपी रेल, भोपाल)
- **रोज़र सिंह बडेरिया** – पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ भोपाल
- **नवीन कुमार चौधरी** – पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ इंदौर
- **वैभव श्रीवास्तव** – अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पीएचक्यू भोपाल
- **सुधीर कनौजिया** – सहायक पुलिस महानिरीक्षक (रेडियो), मुख्यालय भोपाल
- **सुरजीत अवस्थी** – उप पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ भोपाल
- **दिव्या सिंह राजावत** – उप पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ भोपाल
- **महेंद्र सिंह चौहान** – कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ भोपाल
- **योगिता साटमकर** – कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ भोपाल

### पति-पत्नी के ...

अप्राकृतिक कृत्यों का उल्लेख है, पतिपत्नी के वैवाहिक संबंधों पर लागू नहीं होती। यानी धारा 377 आईपीसी, जिसे पारंपरिक रूप से 'अप्राकृतिक कृत्य' से जोड़कर देखा गया है, पतिपत्नी के वैवाहिक संबंधों पर लागू नहीं होती। 25 मार्च को दिए गए आदेश में जस्टिस मिलिंद रमेश फड़के ने कहा कि मौजूदा कानूनी ढांचे के अनुसार, वैवाहिक संबंधों के दायरे में आने वाले आरोपों पर धारा 377 के तहत अभियोजन नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने धारा 375 आईपीसी में निहित वैवाहिक अपवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में रेप का अपराध भी नहीं बनता, बशर्ते पत्नी नाबालिग न हो।

### ट्रक से टक्कर ...

गई। आशंका है कि इस घटना में कई यात्री जिंदा जल गए हैं। हादसा गुरुवार की सुबह हुआ। शुरुआती जांच में सामने आया है कि टक्कर की वजह से ही बस में आग लग गई थी। शवों की पहचान के लिए प्रयास जारी हैं।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर शोक जताया। उन्होंने घटना की जांच के लिए निर्देश दिए। बस तेलंगाना राज्य के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। पीड़ितों की सहायता के लिए विभिन्न स्थानों पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं और हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने हादसे में मारे गए लोगों के लिए दुख जताते हुए मुआवजे का ऐलान किया। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

### महिला आईटी इंजीनियर...

हाल ही में इसी महीने सोसाFटी में शिफ्ट हुआ था। उनके दो छोटे बच्चे हैं। स्थानीय रहवासियों के मुताबिक, सोसाFटी निवासी कुलदीप चौधरी ने पेंटहाउस खरीदकर उसे किराए पर देना शुरू कर दिया था। बाहरी लोगों की लगातार आवाजाही से परेशान रहवासी इसका विरोध कर रहे थे। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान रहवासियों ने पेंटहाउस की बिजली बंद कर दी, जिसके बाद कुलदीप अपने बेटे के साथ मौके पर पहुंचा और अन्य फ्लैट्स की लाइट बंद कर दी। इसी बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।


## जाहिर सूचना

म.नं. 249, गरीब नगर, एफ-सेक्टर, बीएसएनएल के पीछे, राजवेद कॉलोनी, तह. कोलार, जिला भोपाल (म.प्र.)

मेरे पक्षकार DMI हाऊसिंग फाईनेंस प्रा.लि., शाखा जोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि श्रीमती श्यामवती बाई उर्फ श्यामाबाई जाटव व श्रीमती आशा जाटव ने एक संपत्ति जो कि म.नं. 249, गरीब नगर, एफ-सेक्टर, बीएसएनएल के पीछे, राजवेद कॉलोनी, तह. कोलार, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, को मेरे पक्षकार बैंक के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु 01 सह-स्वामित्व विलेख का निष्पादन किया है। उक्त संपत्ति की नाप 1200 वर्गफिट होकर चतुर्सीमायें पूरब में कुमेर कुदारे का मकान, पश्चिम अन्य की संपत्ति, उत्तर अन्य की संपत्ति, व दक्षिण में रोड इस विक्रय से अलग है। यह कि उक्त संपत्ति श्रीमती श्यामवती बाई उर्फ श्यामाबाई जाटव के पास बिना किसी दखल / विवाद के निरंतर 13 वर्षों से उनके स्वामित्व व आधिपत्य में हैं जिसे कि भविष्यगामी परिस्थितियों को देखते हुए वे अपनी पुत्रवधू श्रीमती आशा जाटव को भी संपत्ति में सह-उत्तराधिकारी नियुक्त करना चाह रही है। पंजीकरण पश्चात् श्यामाबाई जाटव व श्रीमती आशा जाटव संपत्ति के सह-स्वामित्व माने जावेंगे। उक्त सह-स्वामित्व विलेख की मूल प्रति मेरे पक्षकार बैंक के पास जमा होगी। साथ ही संपत्ति से संबंधित सभी दस्तावेज जैसे कि समस्त अनुमतिया, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, नामांतरण पत्र इत्यादि मेरे पक्षकार बैंक के पास सुरक्षित रखे गए हैं। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा।

भवदीय **अभिषेक पंसारी** अधिवक्ता
पता-शॉप नं. 02, जिला बार कैंटीन, अरेरा हिल्स, भोपाल, मो. नं. 9993186085

## जाहिर सूचना

(एक किता आवासीय प्लाट नं. 111, जिसका कुल क्षेत्रफल 35x50=1750 वर्गफीट अर्थात 162.63 वर्गमीटर है जो कि खसरा क्र. 147/1 एवं 147/2 का अंश भाग होकर ग्राम भैरोपुरा, पटवारी हल्का न. 42, तहसील हुजूर जिला भोपाल में स्थित है)

मैं मेरे पक्षकार की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती वैशाली वसंत अन्त्रीवाले पत्नी वसंत अन्त्रीवाले आयु वयस्क निवासी आप्टे की पायगा, नई सड़क, चित्रा टॉकीज के पीछे, लस्कर ग्वालियर (म.प्र.) 474001 से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति एक किता आवासीय प्लाट नं. 111, जिसका कुल क्षेत्रफल 35x50=1750 वर्गफीट अर्थात 162.63 वर्गमीटर है जो कि खसरा क्र. 147/1 एवं 147/2 का अंश भाग होकर ग्राम भैरोपुरा, पटवारी हल्का नं. 42, तहसील हुजूर जिला भोपाल में स्थित है, एवं जिसकी चतुर्थ सीमाएँ निम्नानुसार हैः पूर्व दिशा में प्लाट न. 110, पश्चिम दिशा में प्रस्तावित मार्ग 25 फिट चौड़ा उत्तर दिशा में प्लाट न. 94 दक्षिण दिशा में प्रस्तावित मार्ग 25 फिट चौड़ा है यह कि मूल दस्तावेज का विक्रय पत्र की प्रति गुम हो गया है इस कारण से मेरी मूल विक्रय पत्र मूल दस्तावेज की प्रति का कोई व्यक्ति या संगठन के द्वारा कोई दुरुपयोग न किया जावे। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सोसायटी आदि का उक्त संपत्ति के सम्बंध में कोई पूर्व संव्यवहार हो, या किसी का कोई हित संपत्ति में समाहित हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क करें। सूचित हों।

भवदीय **दिलीप कुमार खरया** अधिवक्ता
ऑफिस नं 9-10, ज्योति कॉम्पलेक्स, प्रथम तल, गागर रेस्टोरेंट के ऊपर, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल, म.प्र. मो. नं. 9893991953

## कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी शाखा), भोपाल

क्रमांक. 117/याँ.वि./26 — निविदा आमंत्रण सूचना — भोपाल, दिनांक- 26/03/2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.में) | निविदा क्रय करने का अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक | समय |
| 1. | 2026 _UAD_ 494665_1 | CONSTRUCTION OF C C ROAD AND DRAIN AT WARD NO. 36 ZONE 09 | 7,62,841/- | 02-APRIL-2026 | 05:30 PM |
| 2. | 2026_ UAD_ 494668_ 1 | CONSTRUCTION OF C C ROAD AND DRAIN AT WARD NO. 37 ZONE 09 | 796518/- | 02-APRIL-2026 | 05:30 PM |

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

सहायक यंत्री (सिविल)
नगर निगम, भोपाल

नि.क्र. 3402/025/026

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



**CHANGE OF NAME**

I, Phatima Bi W/o Abdul Waseem, R/o - 299, Dulha badshah road, Divan Bag Ka Shetra, Sehore (M.P.) 466001, have changed my name to Fatma Bee W/o Abdul Waseem for all future purposes.

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — **भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
**सफेद दाग**
सफल ईलाज का 40 वर्षों का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 6177



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

**शब्द पहेली- 6176 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| य | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | द्द | क | र | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6187

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6186 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।

**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु** — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

**खबर संक्षेप**

## मप्र में 54% डिलीवरी पार्टनर का ईवी पर जोर



**भोपाल।** फ्लिपकार्ट ने 'द लास्ट माईल लीपः एम्पॉवरिंग डिलीवरी फ्लीट्स टू एक्सेलरेट इंडियाज इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ट्रांजिशन'' रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के लिए भारत के लगभग 6,000 डिलीवरी पार्टनर्स का सर्वे किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक मध्यदेश के डिलीवरी पार्टनर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बहुत ज्यादा रुचि रखते हैं। सर्वे में शामिल 54 प्रतिशत डिलीवरी पार्टनर्स ने ईवी अपनाने को लेकर इच्छा प्रकट की।

## श्रुति व मुरली बने अधिरा एंड अप्पा के ब्रांड एंबेसडर



**हैदराबाद।** अधिरा एंड अप्पा कॉफी ने अभिनेताओं श्रुति हासन और मुरली शर्मा को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। यह ग्रुप अब क्यूएसआर और पेय पदार्थ उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने की योजना बना रहा है, लेकिन संधारणीयता और परंपरा के साथ जुड़े रह कर। यह भारत के शहरों में दक्षिण भारत के असली फिल्टर कॉफ़ी का जायका पहुंचाने का लक्ष्य रखता है।

## एथर एनर्जी का सर्विस नेटवर्क दोगुना हुआ



**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी लिमिटेड का सर्विस नेटवर्क भारत में 500 अधिकृत सेंटर्स तक पहुंच चुका है। एथर ने शुरू से ही उन सभी शहरों में सर्विस सपोर्ट देने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है, जहां कंपनी अपने स्कूटर बेचती है। इससे विभिन्न शहरों में एथर राईडर्स को इलेक्ट्रिक स्कूटर के सुविधाजनक अनुभव प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। स्टैंडर्ड सर्विस के अलावा एथर की एक्सप्रेस केयर सर्विस 60 मिनट में पीरियडिक मेंटेनेंस सर्विस प्रदान करती है।

## न्यूजवीक और स्टेटिस्टा ने दुनिया के 32 देशों के 2,500 से ज्यादा अस्पतालों की जांच की

# कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल सातवें साल 'वर्ल्ड्स बेस्ट हॉस्पिटल्स' की सूची में प्रतिष्ठित स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी और लगातार बेहतरीन प्रदर्शन की एक शानदार मिसाल पेश करते हुए कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल एवं मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने न्यूजवीक और स्टेटिस्टा की प्रतिष्ठित 'वर्ल्ड्स बेस्ट हॉस्पिटल्स 2026' की सूची में एक बार फिर अपना स्थान बनाया है। इस बड़ी उपलब्धि के साथ, यह अस्पताल लगातार सातवें वर्ष दुनिया के सबसे अच्छे मेडिकल सेंटर्स की लिस्ट में शामिल हुआ है। यह शानदार कामयाबी दिखाती है कि यह अस्पताल बेहतर इलाज के लिए पूरी तरह समर्पित है। साथ ही, यह मरीजों की देखभाल और नई मेडिकल तकनीकों के मामले में दुनिया भर में सबसे आगे है।

### हॉस्पिटल को भारत के सबसे बेहतरीन अस्पतालों में गिना गया



कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल

न्यूजवीक और स्टेटिस्टा ने दुनिया के 32 देशों के 2,500 से ज़्यादा अस्पतालों की जाँच की। इसमें कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल को भारत के सबसे बेहतरीन अस्पतालों में गिना गया है, जो दुनिया भर में इसकी बढ़ती पहचान को और मज़बूत करता है। यह रैंकिंग दिखाती है कि अस्पताल एडवांस्ड मेडिकल टेक्नोलॉजी, मरीजों की खास जरूरतों के हिसाब से इलाज और बेहतर नतीजों पर लगातार काम करके अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों को अपना रहा है। 'वर्ल्ड्स बेस्ट हॉस्पिटल्स' की रैंकिंग को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के लिए एक भरोसेमंद पैमाना माना जाता है। इसमें अस्पतालों को उनके बेहतर इलाज, मरीजों के अनुभव, सुरक्षा नियमों और दुनिया भर के डॉक्टरों की सलाह जैसे मुख्य आधारों पर परखा जाता है। इस सूची में कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल का लगातार बने रहना यह दिखाता है कि यह हमेशा ऊंचे मानकों का पालन करता है और विश्व-स्तरीय इलाज देने की क्षमता रखता है।

### मरीजों को सर्वोपरि रखने के हमारे अटूट संकल्प का परिणामः डॉ. संतोष शेट्टी

कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल एवं मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक और सीईओ, डॉ. संतोष शेट्टी ने कहा कि भारत और दुनिया के बेहतरीन अस्पतालों में एक बार फिर शामिल होना और पिछले सात वर्षों से लगातार इस सूची में बने रहना, मरीज़ों को सर्वोपरि रखने के हमारे अटूट संकल्प का परिणाम है। लोगों ने कई सालों से हम पर जो अटूट विश्वास रखा है, उसके लिए हम उनके अत्यंत आभारी हैं। हम अपनी क्लिनिकल क्षमताओं को और मज़बूत करके, अत्याधुनिक तकनीकों में निवेश कर और मरीज़ों के इलाज की प्रक्रिया को और बेहतर बनाकर इस विरासत को आगे बढ़ाएंगे। यह सम्मान हमें स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को और ऊंचा उठाने और अपने मरीज़ों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रेरित करता है। 'वर्ल्ड्स बेस्ट हॉस्पिटल्स' की यह सूची दुनिया भर के उन मरीजो के लिए एक भरोसेमंद मार्गदर्शिका बनी हुई है, जो उच्च-स्तरीय चिकित्सा सेवा की तलाश में हैं। इस लिस्ट में कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल का लगातार शामिल होना यह साबित करता है कि यह भारत के अग्रणी स्वास्थ्य संस्थानों में से एक है, जिसकी प्रतिष्ठा अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी तेजी से बढ़ रही है।

## आरोप: कंपनियां हर दूसरे, तीसरे दिन लागू कर रहीं नियम

# गैस सिलेंडर संकट गहराया, डबल सिलेंडर वालों के लिए बड़ा झटका

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए एक बार फिर नियमों में बदलाव कर दिया गया है, जिससे अब राहत के बजाय परेशानी बढ़ गई है। नए आदेश के तहत जिन उपभोक्ताओं के पास दो एलपीजी सिलेंडर हैं, उन्हें अब अगली बुकिंग के लिए 35 दिन का इंतजार करना होगा। पहले यह अवधि 25 दिन थी, जिसे बढ़ाकर सीधे 10 दिन और कर दिया गया है।

एलपीजी डीलरों का आरोप हैं कि कंपनियां हर दूसरे-तीसरे दिन वितरण नीति में बदलाव कर रही हैं जिससे डीलर्स की परेशानी बढ़ रही है तो आम उपभोक्ता पैनिक हो रहा है । कहा जा रहा है कि नई व्यवस्था में उपभोक्ताओं की श्रेणी के अनुसार बुकिंग का समय तय किया गया है। सिंगल सिलेंडर वाले उपभोक्ताओं के लिए अभी भी 25 दिन का नियम लागू रहेगा, जबकि उज्वला योजना के हितग्राहियों को 45 दिन बाद ही अगली बुकिंग की अनुमति मिलेगी। वहीं 10 किलो के कम्पोजिट सिलेंडर के लिए यह अवधि करीब 18 दिन रखी गई है।




### छोटे सिलेंडरों पर भी लागू बदलाव

सिर्फ बड़े सिलेंडर ही नहीं, छोटे सिलेंडरों के लिए भी नई समय सीमा तय की गई है। 5 किलो वाले सिलेंडर के लिए 9 से 16 दिन और 10 किलो वाले के लिए 18 से 32 दिन का अंतराल निर्धारित किया गया है। घरेलू गैस के साथ-साथ कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई भी दबाव में है। फिलहाल इन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सेवाओं और शिक्षण संस्थानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। हालांकि आवंटन बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं, फिर भी बाजार में स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है। विशेषज्ञों का मानना है कि गैस की बढ़ती मांग और सप्लाई प्रबंधन को संतुलित करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

### डिलीवरी की तारीख से गिना जाएगा समय

इस बार सबसे अहम बदलाव यह किया गया है कि बुकिंग का अंतराल अब पिछली डिलीवरी की तारीख से तय होगा। यानी अगर किसी उपभोक्ता ने जल्दी बुकिंग करने की कोशिश की, तो सिस्टम उसे स्वतः ही अस्वीकार कर देगा। इससे समय से पहले गैस मंगवाने की सुविधा पूरी तरह खत्म हो गई है। इस फैसले का सबसे ज्यादा असर शहरों में रहने वाले उन परिवारों पर पड़ेगा, जो डबल सिलेंडर कनेक्शन पर निर्भर हैं। पहले जहां एक सिलेंडर खत्म होते ही दूसरा उपलब्ध हो जाता था और बुकिंग भी समय पर हो जाती थी, अब गैस खत्म होने की स्थिति में इंतजार करना पड़ सकता है।

### रामनवमी भंडारे के लिए एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं : भटेजा

ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने कहा कि आज सनातनियों का त्यौहार रामनवमी है रामनवमी के पर्व पर जगह-जगह भंडारों की व्यवस्था सनातनियों द्वारा की जाती है। भंडारे के लिए खाद्य सामग्री उपलब्ध है परंतु सिलेंडर की व्यवस्था न होने से भंडारे का आयोजन करने वाले काफी चिंतित है। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल मध्यप्रदेश शासन से मांग की है कि भंडारे के लिए गैस सिलेंडर की व्यवस्था कराई जाए।

## उद्योग मंत्री गोयल ने मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की 200 करोड़ रु. की सीएसआर पहल का उद्घाटन किया




छात्रवृत्ति वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने वित्त वर्ष 2026–27 के लिए कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर ) के तहत 200 करोड़ रुपए के योगदान की घोषणा की।

इस मौके पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल उपस्थित रहे। इस सीएसआर पहल के तहत केंद्रीय मंत्री ने देशभर की 33,000 छात्राओं के लिए शैक्षणिक छात्रवृत्ति वितरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मलाबार समूह के चेयरमैन एमपी अहमद, इंडिया ऑपरेशंस के प्रबंध निदेशक ओ. अशर, कार्यकारी निदेशक निशाद एके और अब्दुल्ला इब्राहिम, केरल हाउस के रेजिडेंट कमिश्नर पुनीत कुमार (आईएएस), प्रथम के सीईओ रुक्मिणी बनर्जी और थानल के चेयरमैन डॉ. इदरीस सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट की पहलें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से भारत की बेटियों को सशक्त बनाने के विजन के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि "मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स द्वारा सीएसआर के तहत 200 करोड़ रुपए आवंटित करने का निर्णय देश की प्रगति को और सुदृढ़ करेगा। मलाबार समूह के चेयरमैन एम.पी. अहमद ने कहा कि मानव संसाधन विकास राष्ट्रीय प्रगति की रीढ़ है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से प्रतिभा का विकास अत्यंत आवश्यक है। यह छात्रवृत्ति कार्यक्रम विद्यार्थियों को शैक्षणिक सफलता हासिल करने और देश के विकास में योगदान देने में सक्षम बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि समूह दीर्घकालिक और स्थायी सामाजिक प्रभाव पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2026-27 के दौरान 19 राज्यों के 3,000 से अधिक स्थानों पर 15 प्रमुख सीएसआर परियोजनाएं लागू की जाएंगी, जिससे 2 लाख से अधिक लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

## एचएफसीएल ने की मल्टी-डोमेन डिफेंस इकाई की घोषणा

**नई दिल्ली।** अग्रणी टेक्नोलॉजी एंटरप्राइस एचएफसीएल लिमिटेड ने उच्च मूल्य वाले एयरोस्ट्रक्चर, एयरोनॉटिक्स एवं रक्षा विनिर्माण में दीर्घकालीन वृद्धि को गति देने के लिए एक विस्तार योग्य प्लेटफॉर्म तैयार करते हुए अपने रक्षा कारोबार का रणनीतिक विस्तार एवं एकीकरण करने की घोषणा की। इस पहल से एयरोस्ट्रक्चर, एयरोनॉटिक्स, राडार सिस्टम्स और एडवांस्ड थर्मल वेपन साइट सॉल्यूशंस की पूरक क्षमताएं एक एकीकृत प्लेटफॉर्म के नीचे आ जाएंगी,जिससे भारत के तेजी से उभरते रक्षा पारितंत्र में एचएफसीएल की स्थिति और मजबूत होगी। इस विस्तार की प्रमुख बातों में से एक करीब 1,570 करोड़ रुपये का पुष्ट निर्यात ऑर्डर है। इसका अनुशासित पूंजी आबंटन का ट्रैक रिकॉर्ड है ।

## व्यापारियों से बकाया वसूली के लिए सीधे बैंकों को भेजे जा रहे नोटिस

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मार्च माह में वाणिज्य कर विभाग द्वारा वसूली की कार्यवाही जारी है,राज्य सरकार अधिक से अधिक राजस्व मार्च माह में प्राप्त करना चाहती है इस कारण जीएसटी डिपार्मेंट के अधिकारी अवकाश के दिनों में भी कार्य कर रहे हैं एवं बकाया वसूली करने का प्रयास कर रहे हैं, उनके द्वारा व्यापारियों से बकाया वसूली के लिए सीधे बैंकों को नोटिस भेजे जा रहे हैं साथ ही व्यापारियों से संपर्क कर बकाया मांगों को जमा करने के लिए कहा जा रहा है।

विभाग प्रोफेशनल टैक्स की वसूली पर भी ध्यान दे रहा है जिस पर अभी तक विभाग का ध्यान नहीं था, जीएसटी के पूर्व वेट के अंतर्गत प्रत्येक व्यवसायी का कर निर्धारण होता था एवं उस समय अधिकारी प्रोफेशनल टैक्स जमा करवा लेते थे लेकिन जीएसटी आने के बाद बहुत कम व्यवसाइयों के कर निर्धारण होते हैं इस कारण व्यवसायी भी प्रोफेशनल टैक्स नहीं जमा कर रहे हैं जिस कारण सरकार को राजस्व प्राप्ति नहीं हो रही है। भोपाल संभाग एक की संयुक्त आयुक्त द्वारा अपने अधीनस्थ सभी कार्यालयों को प्रोफेशनल टैक्स की वसूली करने एवं व्यापारियों को इसे जमा करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं। टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मृदुल आर्य ने बताया कि प्रोफेशनल टैक्स जमा करने की आदत व्यापारियों से छूट गई है, विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यापारियों से संपर्क कर इसे जमा करने के लिए कहना चाहिए, बैंकों को जो वसूली के सूचना पत्र सीधे भेजे जा रहे हैं उनकी प्रति व्यापारियों को भी देना चाहिए ताकि वह भी अपने स्तर पर उचित समाधान करवा सकें।

## ब्रिक्स सीसीआई डब्ल्यूई वार्षिक महिला सम्मेलन एवं सम्मान 2026

# वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के भारत के विजन की जड़ें समावेशी वृद्धि में निहित: खडसे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिक्स सीसीआई डब्ल्यूई (वुमेन एंपावरमेंट) वार्षिक महिला सम्मेलन एवं सम्मान 2026 के छठें संस्करण को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और खेल एवं युवा मामलों की राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने कहाकि वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के भारत के विजन की जड़ें समावेशी वृद्धि में निहित हैं जिसमें महिला सशक्तिकरण एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

भारत के युवा और महिलाएं एक प्रगतिशील राष्ट्र की रीढ़ हैं। नवप्रवर्तन और उद्यमशीलता में अवसरों के साथ उन्हें सशक्त करना राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। ब्रिक्स और साझीदार देशों में उद्यमशीलता, व्यापार और




महिला सशक्तिकरण

कारोबार को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक गैर लाभकारी संगठन ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई (ब्रिक्स सीसीआई डब्लूई) ने ब्रिक्स डब्लूबीए (वुमेन बिजनेस एलायंस) के सहयोग सेवुमन इन इनोवेशन, साइंस लीडरशिप, इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप - बदलाव की प्रेरणा, कल का निर्माण थीम पर तीन दिवसीय समिट का आयोजन किया। ब्रिक्स सीसीआई डब्लूई (वुमेन एंपावरमेंट) की अध्यक्ष रूबी सिन्हा ने कहाकि यह समिट कार्रवाई के लिए एक आह्वान है। मजबूत पारितंत्रों का निर्माण करना, व्यापक पहुंच सुगम बनाना और महिलाओं के नेतृत्व वाले नवप्रवर्तन में निवेश करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है क्योंकि जब महिलाएं विज्ञान एवं उद्यमशीलता में नेतृत्व करती हैं तो नवप्रवर्तन में तेजी आती है, अर्थव्यवस्थाओं का विस्तार होता है और समाज में बदलाव आता है।

**बिजनेस न्यूज**

## एलएनसीटी में आईपीएस डॉ.वरुण का 'साइबर अवेयरनेस' पर इंटरैक्टिव सेशन



**भोपाल।** लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में डॉ. वरुण कपूर, सीनियर आईपीएस, महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं (मध्य प्रदेश) का साइबर क्राइम प्रिवेंशन एंड सिक्योरिटी अवेयरनेस विषय पर एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, साइबर सिक्योरिटी विभाग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग डिपार्मेंट और आईआईसी सेल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। यह अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं इंटरैक्टिव सेशन रहा। मुख्य वक्ता 1991 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डॉ. वरुण कपूर ने अपने अनुभवों और ज्ञान के माध्यम से विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। डॉ. वरुण कपूर ने अपने संबोधन में साइबर अपराधों जैसे फिशिंग, हैकिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया स्कैम आदि पर विस्तृत चर्चा की । कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और साइबर सुरक्षा से जुड़े कई प्रश्न पूछे, डॉ. कपूर ने सभी प्रश्नों के सरल एवं व्यावहारिक उत्तर देकर छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को पुलिस बेज भी पहनाया।

## नौ कवि-नौ रस अनोखी काव्य संध्या 29 मार्च को

**भोपाल।** साहित्य और संस्कृति के संगम को एक नए आयाम देने के उद्देश्य से 29 मार्च 2026 रविवार, शाम 7 बजे समन्वय भवन में राम के नवरस का आयोजन होने जा रहा है। आयोजित कवि सम्मेलन देश में अपनी तरह का पहला होगा, जिसमें राम के व्यक्तित्व और उनके जीवन प्रसंगों को नौ अलग-अलग रसों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। यह भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में निहित राम के विविध आयामों को काव्य के माध्यम से जीवंत करेगा। राम के नवरस की इस प्रस्तुति में देश के प्रतिष्ठित और लोकप्रिय कवि अपनी विशिष्ट शैली में नौ रसों श्रृंगार, वीर, करुण, हास्य, रौद्र, भयानक, बीभत्स, अद्भुत और शांत को अभिव्यक्त करेंगे। इस अनूठे मंच पर आमंत्रित कवियों में शशिकांत यादव, राजीव राज, पंकज दीक्षित, अजहर इकबाल, श्रद्धा शौर्य, अभिसार शुक्ला, अमन अक्षर, रामायण धर द्विवेदी एवं अभय निर्भीक शामिल हैं। इस कवि सम्मेलन का शुभारंभ सहकारिता, खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग करेंगे।

## एफआईआईबी मिक्सर सेशन का आयोजन एक अप्रैल को

**ग्वालियर।** प्रबंधन शिक्षा के इच्छुक छात्रों को सूचित एवं सही निर्णय लेने में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से फॉर्च्यून इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस (एफआईआईबी) नई दिल्ली,ग्वालियर में 1 अप्रैल 2026 को एक विशेष एफआईआईबी मिक्सर सेशन का आयोजन कर रहा है। यह सेशन एक इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म के रूप में तैयार किया गया है, जहां प्रतिभागी फैकल्टी और वर्तमान छात्रों के साथ सीधे संवाद कर सकेंगे तथा एफआईआईबी के शैक्षणिक माहौल, शिक्षण पद्धति, कैंपस जीवन और करियर अवसरों के बारे में प्रथम-हाथ जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह सत्र दोपहर 12:30 बजे से आयोजित होगा, जिसका स्थान हैः नथिंग बिफोर कॉफी । इस इंटरैक्टिव सत्र में प्रोग्राम एवं करियर इनसाइट्स, एडमिशन गाइडेंस,फैकल्टी एवं स्टूडेंट इंटरैक्शन ,पीयर नेटवर्किंग प्रमुख विषयों पर चर्चा की जाएगी। एफआईआईबी की प्रेसिडेंट एवं सीईओ, राधिका श्रीवास्तव, ने कहा कि किसी प्रबंधन संस्थान का चयन छात्र के जीवन का एक महत्वपूर्ण निर्णय होता है और आज के एआई -प्रेरित युग में यह और भी अहम हो जाता है कि छात्र यह समझें कि वे क्या और कैसे सीखेंगे।

## मध्यप्रदेश में रैपिडो ने किया 1.3 लाख कैप्टंस का आंकड़ा पार




**भोपाल।** रैपिडो ने मध्य प्रदेश में अपनी मजबूत उपस्थिति को और विस्तार दिया है। कंपनी ने राज्य में 1.3 लाख से अधिक कैप्टंस का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे यह न केवल परिवहन सेवाओं में बल्कि आजीविका के अवसर प्रदान करने में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। राज्य के टियर-2 और टियर-3 शहरों में सस्ती और भरोसेमंद लास्ट-माइल कनेक्टिविटी की बढ़ती मांग के बीच, रैपिडो यात्रा को आसान बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। पवन गुंटुपल्ली, सह-संस्थापक, रैपिडो ने कहाकि मध्य प्रदेश हमारे लिए एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजार है। प्रदेश में बाइक कैप्टन्स औसतन लगभग 28,000 रुपए प्रति माह, ऑटो कैप्टन्स करीब 30,000 रुपए प्रति माह और कैब कैप्टन्स लगभग 35,000 रुपए प्रति माह की कमाई कर रहे हैं। ये आय न केवल अतिरिक्त कमाई का साधन बन रही है, बल्कि कई शहरों में जहां लचीले रोजगार के अवसर सीमित हैं, वहां यह मुख्य आय का महत्वपूर्ण स्रोत भी साबित हो रही है।

## एकेडमी ने की स्क्रीन अवाड्र्स के लिए 31 श्रेणियों में नामांकनों की घोषणा

**मुंबई ।** द इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप की स्क्रीन एकेडमी ने आगामी 5 अप्रैल को होने वाले चेतक स्क्रीन अवाड्र्स के लिए सभी 31 श्रेणियों में नामांकनों की घोषणा कर दी है। यह समारोह 2025 की सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्मों और ओटीटी कंटेंट के सम्मान में आयोजित किया जाएगा। आदित्य धर की स्पाय थ्रिलर धुरंधर 24 नॉमिनेशंस के साथ सबसे आगे रही, जबकि मोहित सूरी की सैयारा ने 17 और नीरज घेवान की होमबाउंड ने 15 श्रेणियों में अपनी जगह बनाई।

## सैमसंग ने गैलेक्सी एस26 सीरीज के साथ 'क्विक शेयर' में जोड़ा एयरड्रॉप सपोर्ट

**गुरुग्राम।** सैमसंग अपनी गैलेक्सी एस26 सीरीज में एयरड्रॉप सपोर्ट पेश कर रहा है, जिससे यूजर्स के लिए 'क्विक शेयर' का उपयोग करके डिवाइसेज के बीच कंटेंट शेयर करना और भी आसान हो जाएगा। यह फीचर 23 मार्च से चरणबद्ध तरीके से रोलआउट होना शुरू होगा, जिसकी शुरुआत कोरिया से होगी। इसके बाद इसे यूरोप, हांगकांग, जापान, लैटिन अमेरिका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण-पूर्वी एशिया और ताइवान सहित अन्य क्षेत्रों में विस्तारित किया जाएगा। एयरड्रॉप सपोर्ट शुरुआत में गैलेक्सी एस26 सीरीज पर उपलब्ध होगा।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद रहली जिला सागर

क्र./ लोक निर्माण/निविदा/2026/257 — रहली दिनांक 24.03.2026

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद रहली को निम्नलिखित सामग्री / कार्य की आवश्यकता है, इस हेतु आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयाविध एवं अनु. लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राषि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_494024_1 25-03-2026 | निर्माण सामग्री सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2-38.00 लाख | 1-5000.00 2-28500.00 | 27-04-2026 |
| 2 | 2026_UAD_494025_1 25-03-2026 | जल प्रदाय सामग्री सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2-38.00 लाख | 1-5000.00 2-28500.00 | 27-04-2026 |
| 3 | 2026_UAD_494026_1 25-03-2026 | मोटर पंप सुधार सामग्री मय सुधार कार्य | 1-1 वर्ष 2-25.00 लाख | 1-5000.00 2-19000.00 | 27-04-2026 |
| 4 | 2026_UAD_494027_1 25-03-2026 | स्टेशनरी एवं अन्य सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2-25.00 लाख | 1-5000.00 2-19000.00 | 27-04-2026 |
| 5 | 2026_UAD_494028_1 25-03-2026 | विद्युत सामग्री सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2-38.00 लाख | 1-5000.00 2-28500.00 | 27-04-2026 |
| 6 | 2026_UAD_494029_1 25-03-2026 | सफाई एवं कीटनाशक सामग्री सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2-35.00 लाख | 1-5000.00 2-26500.00 | 27-04-2026 |
| 7 | 2026_UAD_494030_1 25-03-2026 | विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु किराये पर टेंट सामग्री सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2-35.00 लाख | 1-5000.00 2-26500.00 | 27-04-2026 |
| 8 | 2026_UAD_494031_1 25-03-2026 | विभिन्न प्रजातियों के पौधे, कारपेट घास तथा अन्य पार्क उपकरण एवं सामग्री सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2- 35.00 लाख | 1-5000.00 2-26500.00 | 27-04-2026 |
| 9 | 2026_UAD_494032_1 25-03-2026 | विभिन्न कार्यकमो, बैठको हेतु स्वल्पाहार / भोजन सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2-10.00 लाख | 1-2000.00 2-10000.00 | 27-04-2026 |
| 10 | 2026_UAD_494033_1 25-03-2026 | जल शुद्धिकरण सामग्री सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2-25.00 लाख | 1-5000.00 2-19000.00 | 27-04-2026 |
| 11 | 2026_UAD_494034_1 25-03-2026 | वाहन सुधार सामग्री मय सुधार कार्य | 1-1 वर्ष 2-15.00 लाख | 1-2000.00 2-12000.00 | 27-04-2026 |
| 12 | 2026_UAD_494035_1 25-03-2026 | ठोस कचरा प्रबंधन गतिविधियों को संचालित करने एवं शहर को कचरा मुक्त बनाने जागरूकता हेतु ऐजेंसी नियुक्ति हेतु दर आमंत्रण | 1-1 वर्ष 2-15.00 लाख | 1- 2000.00 2-12000.00 | 27-04-2026 |

नोटः- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

(देवराज सोनी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रहली जिला सागर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद रहली
जिला सागर

## चिंतन

# तेल-गैस की कमी नहीं अफवाहों पर ध्यान न दें

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध से खाड़ी देशों में हुए तनाव के कारण दुनिया में तेल और गैस का संकट बना हुआ है। हालांकि भारत में ऐसे हालात नहीं हैं, लेकिन यह जरूरी है कि लोग तेल और गैस की जमाखोरी न करें, ताकि सप्लाई चेन बनी रहे। जमाखोरी पर अंकुश लगने से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक आपूर्ति बनी रहेगी और लोग पैनिक नहीं होंगे। जमाखोरी से अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो जाता है और अफवाहें फैलती हैं। इससे दिक्कतें आती हैं। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का असर तेल और गैस की कीमतों और आपूर्ति पर पड़ता है, परंतु यह मान लेना कि देश में इनकी कमी हो गई है, पूरी तरह से भ्रामक है। ऐसे समय में सबसे बड़ी चुनौती वास्तविक संकट नहीं, बल्कि अफवाहों और उससे उपजी पैनिक की स्थिति होती है। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता है और सप्लाई चेन को बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। विभिन्न स्रोतों से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। रूस, अर्जेंटीना और ईरान जैसे देशों से आयात बढ़ाकर भारत ने अपने ऊर्जा स्रोतों को विविध बनाया है, जिससे किसी एक क्षेत्र में तनाव का सीधा असर देश की ऊर्जा जरूरतों पर न पड़े। इसके बावजूद, कुछ स्थानों पर पेट्रोल पंपों पर भीड़ या गैस सिलेंडर की अधिक मांग देखने को मिलती है। यह स्थिति वास्तविक कमी के कारण नहीं, बल्कि अफवाहों और जमाखोरी की प्रवृत्ति के कारण उत्पन्न होती है। जब लोग यह मान लेते हैं कि आगे चलकर कमी हो सकती है, तो वे जरूरत से ज्यादा खरीदने लगते हैं। इससे अस्थायी रूप से सप्लाई प्रभावित होती है और फिर यही स्थिति अफवाहों को और हवा देती है। इस तरह एक कृत्रिम संकट पैदा हो जाता है, जो वास्तव में मौजूद नहीं होता। जमाखोरी केवल व्यक्तिगत स्तर पर नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी हानिकारक है। यह न केवल अन्य लोगों के अधिकारों का हनन करती है, बल्कि पूरे सिस्टम पर दबाव डालती है। यदि हर व्यक्ति अपनी जरूरत के अनुसार ही खरीदारी करे, तो उपलब्ध संसाधन आसानी से सभी तक पहुंच सकते हैं। इसलिए इस समय जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देना अत्यंत आवश्यक है। केंद्र और राज्य सरकारें लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और समय-समय पर लोगों को अपडेट दे रही हैं। आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए वैकल्पिक मार्गों और साधनों का उपयोग किया जा रहा है। ईरान द्वारा भारतीय जहाजों के लिए मार्ग खोलना भी एक सकारात्मक संकेत है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत के हितों का ध्यान रखा जा रहा है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर भी स्थिति में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका के रुख में नरमी और कूटनीतिक प्रयासों के चलते उम्मीद की जा रही है कि यह तनाव जल्द ही कम होगा। जैसे ही हालात सामान्य होंगे, ऊर्जा बाजार में स्थिरता लौट आएगी। कीमतों और आपूर्ति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका भी इस समय महत्वपूर्ण हो जाती है। गलत सूचनाएं और अपुष्ट खबरें लोगों में भय पैदा करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि लोग केवल विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करें और किसी भी अफवाह को बिना जांचे-परखे आगे न बढ़ाएं। जागरूकता और संयम ही इस स्थिति से निपटने का सबसे प्रभावी तरीका है।




मुद्दा
अवधेश कुमार

# ईरान पर ट्रंप की घोषणा को कैसे लें

> मध्य पूर्व में दुश्मनी खत्म करने का न्यूनतम अर्थ इजराइल राष्ट्र को औपचारिक रूप से स्वीकार करना या मान्यता देना, यरुशलम को उसकी राजधानी मानना तथा अरब देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ये कितने कठिन हैं बताने की आवश्यकता नहीं। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही इसका बड़ा लक्ष्य इजराइल का राष्ट्र के रूप में अस्तित्व समाप्त करना है। क्या इस्लामिक राज्य अपने लक्ष्य को छोड़ देगा? क्या येरुसलम पर कब्जा और अल अक्सा मस्जिद को इस्लामी शासन के अंतर्गत लाने के उद्देश्य का परित्याग कर देगा? शिया इस्लामी देश को सर्व शक्तिशाली यानी हर स्तर की सैन्य शक्ति को विस्तारित करने की प्रक्रिया पर विराम लगा देगा?

ईरान से जारी युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रूथ सोशल पर तत्काल हमले रोकने और बातचीत के पोस्ट से दुनिया में हलचल मच गई। ट्रंप का पोस्ट सामने आने के साथ ईरान का किसी प्रकार की बातचीत से इनकार करने का बयान कई प्रश्न खड़ा करता है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पिछले दो दिनों में, अमेरिका और ईरान देश के बीच, मध्यपूर्व में हमारी दुश्मनी को पूरी तरह से खत्म करने के बारे में बहुत अच्छी और काम की बातचीत हुई है। इन गहरी, विस्तृत और रचनात्मक बातचीत के अंदाज और लहजे के आधार पर जो पूरे हफ्ते जारी रहेंगी। मैंने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि वे ईरान के पावर प्लांट और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर किसी भी तरह के सैन्य हमले को पांच दिनों के लिए टाल दें। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि चल रही बैठकें और बातचीत कितनी सफल रहती हैं।" इस तरह के पोस्ट से सहसा यह संदेश जाएगा ही कि अमेरिका ने युद्ध रोक दिया है और बातचीत इस अवस्था में पहुंची है कि युद्धविराम हो जाएगा। किंतु यह पोस्ट ही बहुत कुछ कहता है। पोस्ट के बावजूद अमेरिका की ओर से ईरान पर हमले हो रहे हैं और दोनों लड़ रहे हैं। इस पोस्ट में युद्धविराम शब्द का उल्लेख नहीं है।

ध्यान रखिए , ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी थी कि वह हार्मूज जलडमरुमध्य को मुक्त करे अन्यथा 48 घंटे बाद उसके ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले होंगे। इसे ही उन्होंने इस पोस्ट के जरिए 5 दिन आगे बढ़ाया। इसमें अगले 5 दिन केवल बिजली और ऊर्जा प्रतिष्ठान पर हमले न करने की बात है। दूसरे, इसमें मध्यपूर्व में दुश्मनी खत्म करने पर बातचीत का अर्थ व्यापक है। मध्य पूर्व में दुश्मनी खत्म करने का न्यूनतम अर्थ इजराइल राष्ट्र को औपचारिक रूप से स्वीकार करना या मान्यता देना, यरुशलम को उसकी राजधानी मानना तथा अरब देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ये कितने कठिन हैं बताने की आवश्यकता नहीं। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही इसका बड़ा लक्ष्य इजराइल का राष्ट्र के रूप में अस्तित्व समाप्त करना है। क्या इस्लामिक राज्य अपने लक्ष्य को छोड़ देगा? क्या येरूसलम पर कब्जा और अल अक्सा मस्जिद को इस्लामी शासन के अंतर्गत लाने के उद्देश्य का परित्याग कर देगा? शिया इस्लामी देश को सर्व शक्तिशाली यानी हर स्तर की सैन्य शक्ति को विस्तारित करने की प्रक्रिया पर विराम लगा देगा? ट्रंप प्रशासन की ओर से दिया गया 15 सूत्री प्रस्ताव इसी की पुष्टि करता है। इसे स्वीकार करने का मतलब होगा ईरान इजराइल केंद्रित अपने सभी गतिविधियां समाप्त करेगा तथा न्यूक्लियर कार्यक्रम एवं सैन्य शक्ति के लिए अमेरिका की इच्छा अनुसार ही आगे काम कर पाएगा। ऐसा करने का मतलब इस्लामी देश के रूप में ईरान को विसर्जित करना होगा। इजरायल को मान्यता दिलाने के लिए ट्रंप ने पहले कार्यकाल में अब्राहिमक समझौता का प्रारूप लाया था, जिसे कुछ अरब देशों ने स्वीकार किया है। ईरान का इस्लामी शासन इसे स्वीकारने को तैयार नहीं रहा है। कुछ विश्लेषकों का मत है कि ट्रंप पर आंतरिक दबाव है, क्योंकि युद्ध के खर्चे से अर्थव्यवस्था पर उल्टा प्रभाव हो रहा है। चूंकि युद्ध संपूर्ण विश्व को दुष्प्रभावित कर रहा है इसलिए अधिकतर देश इसका अंत चाहते हैं। अमेरिका



में लोगों को संदेह है कि ट्रंप आगे कर लगाएंगे और महंगाई बढ़ेगी। उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस से 200 अरब डॉलर की मांग की है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि यह युद्ध के लिए नहीं, पहले से प्रस्तावित है और पूरक है। युद्ध का व्यय है और यह सामान्य नहीं हो सकता, लेकिन दबाव अमेरिका पर होगा और ईरान पर नहीं यह तर्क हास्यास्पद है। डेढ़ दशक से ज्यादा के प्रतिबंधों के कारण ईरान की अर्थव्यवस्था खस्ताहाल है। युद्ध ने ईरान द्वारा विनाशकारी हथियारों के निर्माण और मिसाइल कार्यक्रम को अनुमान से काफी अधिक विस्तार के आरोपों को सही साबित किया है। अगर वह दियागो गार्सिया में चार हजार किलोमीटर से ज्यादा तक मिसाइल हमले कर सकता है तो इसका अर्थ है ईरान के शास्त्रस्त्रों को लेकर अनेक रक्षा विश्लेषक अमेरिका को झूठा साबित करने की कोशिश कर रहे थे वे सही नहीं थे। इस दृष्टि से भी अमेरिका के लिए उसको कमजोर करना अपरिहार्य हो गया है अन्यथा अरब देश भी रक्षा के लिए नाभिकीय हथियारों की सीमा तक जाने की कोशिश कर सकते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने ट्रंप के पोस्ट के तीन दिनों पहले कहा था कि उनका युद्ध अमेरिका से अलग है। इजराइल द्वारा ईरान के सबसे बड़े गैस केंद्र वेस्टर्न पोर्स पर हमले की आलोचना के बीच ट्रंप ने कहा था कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। इसके बाद बेंजामिन नेतान्याहू ने बयान दिया था। इसका अर्थ है कि अमेरिका कभी हमले रोकने या युद्ध न करने की घोषणा करे दे तो भी इजराइल उसका अनुपालन करने को बाध्य नहीं है। हालांकि अमेरिका युद्ध न करने का दबाव बना दे तो इजरायल ऐसा कर नहीं सकता किंतु जहां उसके राष्ट्र के अस्तित्व का प्रश्न हो तो कोई उसे कैसे रोक सकता है। युद्ध के कुछ समय तक ट्रंप अकेले पड़े थे । ट्रंप के पोस्ट के पहले कुछ स्थितियां भी बदलीं। उन्होंने नाटो के साथ जापान, चीन आदि देशों से हौर्मूज को खुलवाने में आगे आने की अपील किया था। पहले इसमें आनाकानी थी, पर 22 देशों ने संयुक्त बयान जारी कर ईरान को चेतावनी दिया कि वह हौर्मूज में जहाजों का मुक्त आवागमन कायम करें। साफ कहा गया है कि सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 के अंतर्गत समुद्र में स्वतंत्र नेविगेशन अधिकार है। इस चेतावनी का मतलब ईरान ऐसा नहीं करता तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी । इन 22 देशों में फ्रांस , ब्रिटेन, जर्मनी, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया आदि शामिल हैं। इनमें ब्रिटेन को छोड़ कोई युद्ध में ट्रंप के साथ नहीं था। 22 में अरब के केवल दो प्रमुख देश सऊदी अरब और बहरीन हैं। इसके पहले 12 इस्लामी देशों ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में बैठक कर संयुक्त बयान जारी किया जिसमें ईरान द्वारा इस्लामी देशों पर हमले रोकने को कहा। तो यह कहना कि अमेरिका पर दबाव है और ईरान पर नहीं यह ग़लत है। इस्लामी देशों के साथ 22 देशों का बयान ईरान को ही कठघरे में खड़ा करता है। दोनों बयानों में अमेरिका या इजराइल के लिए आलोचना का एक शब्द नहीं है। ईरान हौर्मूज और पड़ोसी देशों पर हमले को लेकर अकेला पड़ चुका है। उसके सर्वोच्च नेताओं की बड़ी संख्या मारी जा चुकी है। यह स्थिति न अमेरिका की है और न इजराइल की। ईरान ने इस्लामी शासन को भी शीर्ष से नीचे तक इतनी परिधियों में निर्मित किया है कि उनका ध्वस्त हो जाना अत्यंत कठिन है। अमेरिका तथा इजरायल अभी इस लक्ष्य की ओर शायद ही बढ़ें। किंतु वे सत्ता को इतना दुर्बल अवश्य बनना चाहेंगे ताकि आंतरिक विद्रोह के कारण परिवर्तन की संभावना सशक्त हो और उसमें उनकी भूमिका हो। इसे समझने वालों का निष्कर्ष यही होगा कि ट्रंप के पोस्ट को एकाएक युद्ध रोकने के रूप में नहीं लिया जाए। संभव है उनकी रणनीति हो।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## राजनीति

अम्बरीष प्रजापति



# अमेरिका और ट्रंप के बयानों के इर्द-गिर्द विपक्ष की राजनीति

लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वैचारिक मतभेद होना न केवल स्वाभाविक है, बल्कि यह एक जीवंत शासन व्यवस्था का लक्षण भी है। परंतु, राजनीति की एक मर्यादा रेखा वहां खिंच जानी चाहिए जहां देश की विदेश नीति और प्रधानमंत्री की अंतरराष्ट्रीय छवि का प्रश्न हो। हाल के वर्षों में भारतीय राजनीति में एक चिंताजनक प्रवृत्ति देखी गई है। विदेशी नेताओं के दावों या अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को आधार बनाकर अपने ही देश के नेतृत्व पर प्रहार करना। यह प्रवृत्ति न केवल कूटनीतिक समझ पर प्रश्न चिह्न खड़ा करती है, बल्कि अनजाने में उन विदेशी ताकतों के हाथ मजबूत करती है जो भारत को एक विभाजित राष्ट्र के रूप में देखना चाहती हैं। अमेरिकी राजनीति अपनी विशिष्ट शैली के लिए जानी जाती है। जहां नेता अक्सर घरेलू मतदाताओं को लुभाने के लिए अतिशयोक्ति पूर्ण दावे करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह दावा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया, इसी श्रृंखला का हिस्सा था। विडंबना यह है कि जब स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के पवित्र पटल पर इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया, तब भी विपक्ष ने एक विदेशी नेता के इस बयान को पत्थर की लकीर मान लिया। विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के लिए बारबार'सरेंडर' या 'कॉम्प्रोमाइज्ड' जैसे शब्दों का प्रयोग करना राजनीतिक अपरिपक्वता दर्शाती है। विचारणीय प्रश्न यह है कि क्या भारत जैसा परमाणु शक्ति संपन्न और विश्व की उभरती आर्थिक महाशक्ति किसी एक फोन कॉल पर अपनी रक्षा रणनीतियों से समझौता कर सकता है? विदेशी धरती से आने वाले बयानों पर मुग्ध होकर अपने ही नेतृत्व पर कीचड़ उछालना न तो लोकतंत्र के हित में है और न ही राष्ट्र के स्वाभिमान के। आज की वैश्विक परिस्थितियों को देखें तो विपक्ष के तर्कों की खोखली बुनियाद स्वतः स्पष्ट हो जाती है। जो अमेरिका व ईरान के साथ युद्ध में संघर्ष की स्थिति में है, जिसे नाटो देशों से मदद की गुहार लगानी पड़ी है और जो धमकियां देने के बावजूद युद्ध के मैदान में अनिर्णय की स्थिति में है, क्या वह वास्तव में इस स्थिति में है कि भारत जैसे देश पर अपनी मर्जी थोप सकें? जो स्वयं संकट के समाधान के लिए सहयोगियों की बाट जोह रहा हो, उसके बयानों को आधार बनाकर मोदी सरकार को कॉम्प्रोमाइज्ड कहना तर्कहीनता है। ईरान-अमेरिका संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा को हिलाकर रख दिया है। दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति बाधित है, लेकिन इस भीषण संकट के बीच भी भारत का सुरक्षित रास्ता निकालना एक बड़ी कूटनीतिक विजय है। यदि भारतीय नेतृत्व वास्तव में 'कॉम्प्रोमाइज्ड' होता, तो होर्मुज जलक्षेत्र से हमारे जहाज शिवालिक और नंदा को सुरक्षित रास्ता कभी न मिलता। वहीं, शिवालिक और नंदा जहाज एलपीजी गैस लेकर भारत पहुंच भी गए। यह किसी दबाव का नहीं, बल्कि भारत की कूटनीतिक रणनीति और विदेश नीति का परिणाम है। कूटनीति में रियायतें कमजोरी से नहीं, बल्कि सामर्थ्य से हासिल की जाती हैं। यह बेहद संवेदनशील विषय है कि जब-जब विदेशी मंचों से भारत के विरुद्ध कोई भ्रामक नैरेटिव गढ़ा जाता है, तब हमारा विपक्ष उसी भाषा में प्रतिध्वनि करने लगता है। प्रधानमंत्री के लिए वोट चोर, सरेंडर, कॉम्प्रोमाइज्ड जैसे शब्द विशेषणों का उपयोग अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि को ही धुंधला करता है। संकट के समय जब दुनिया भारत की कूटनीतिक कुशलता को देख रही है, तब अपने ही घर में इस तरह की बयानबाजी प्रतिद्वंद्वी देशों के एजेंडे को हवा देती है। राजनीति में विरोध मुद्दों पर होना चाहिए, विदेशी दुष्प्रचार पर नहीं। कूटनीतिक सफलताएं किसी एक दल की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की होती हैं। जब हम अपने संस्थानों और संवैधानिक पदों की गरिमा को विदेशी चश्मे से तौलने लगते हैं, तो हम अपनी स्वतंत्रता को ही जोखिम में डालते हैं। यह समझना आवश्यक है कि सत्ताएं आती-जाती रहती हैं, लेकिन देश की साख और प्रधानमंत्री के पद की गरिमा अक्षुण्ण रहनी चाहिए। भारत आज उस मुकाम पर है जहां वह अपनी शर्तें खुद तय करता है। ईरान युद्ध के बीच भारत की रणनीतिक स्थिरता ने यह सिद्ध कर दिया है कि हम किसी के पिछलग्गू नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति हैं। विपक्ष को अब विदेशी चश्मे को उतारकर भारतीय चश्मे से देश की प्रगति को देखना होगा। विदेशी धरती से उठने वाले शोर को अपनी सियासत का एजेंडा बनाना बंद करना ही राष्ट्रहित में है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मसम्मान के विषयों पर कम से कम देश के भीतर एक सुर होना चाहिए क्योंकि राष्ट्र प्रथम की भावना ही लोकतंत्र की असली शक्ति है। इसलिए सभी दलों को पीएम पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मनुष्य इंद्रिय विषयों में करता है आनंद अनुभव



संकलित
**दर्शन**

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है। केवल उन पर ध्यान करो और अन्य सब बातें त्याग दो (मुंडकोपनिषद)। जो लोग केवल उन्हीं की चर्चा करते हैं, वे भक्त को मित्र समान प्रतीत होते हैं और जो अन्य लोग अन्य विषयों की चर्चा करते हैं, वे उनको शत्रु समान दिखते हैं।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
**प्रेरणा**

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। वह बाघ भी उसके पीछे दौड़ने लगा। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। तब उन्होंने देखा कि वह तालाब बहुत गहरा नहीं था। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस किचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। वह बाघ भी उसके पास होते हुए भी उसे पकड़ नहीं सका। वह भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया। जाते समय गाय और उसका मालिक दोनों एक दूसरे की तरफ कृतज्ञता पूर्वक देख रहे थे।

## सटाका




## आज की पाती

### समान नागरिक संहिता व्यापक बदलाव का संकेत

गुजरात विधानसभा में पारित 'यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) विधेयक, 2026' केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारतीय समाज की संरचना में एक व्यापक बदलाव का संकेत है। यह विधेयक उस लंबे विमर्श का परिणाम है, जो दशकों से "समान नागरिक कानून" की अवधारणा को लेकर देश में चलता रहा है। अब गुजरात ने इस दिशा में ठोस पहल करते हुए विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों जैसे व्यक्तिगत मामलों में एक समान कानूनी ढांचा लागू करने का साहसिक निर्णय लिया है। यह कदम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 की भावना के अनुरूप है, जो राज्य को सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में प्रयास करने का निर्देश देता है। *-रविंद्र, रोहतक*

## करंट अफेयर

# रूस अपने मालवाहक जहाजों को सुरक्षा मुहैया कराएगा



रूस ने कहा है कि वह अपने मालवाहक जहाजों को नौसैनिक सुरक्षा प्रदान करेगा क्योंकि पश्चिमी देशों की नौसेनाओं द्वारा ऐसे जहाजों को रोकने की घटनाएं बढ़ रही हैं। रूस के मैरीटाइम बोर्ड ने बुधवार को एक बैठक में अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर रूसी जहाजों की जब्ती या रोकथाम से निपटने के लिए नए दिशा-निर्देश तैयार किए। ये दिशा-निर्देश मुख्य रूप से अजोव-काला सागर क्षेत्र और बाल्टिक सागर पर लागू होंगे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य क्षेत्रों में भी नौसैनिक सुरक्षा दी जाएगी या नहीं। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब यूरोपीय देश रूस के तथाकथित शैडो फ्लीट को बाधित करने की कोशिशें तेज कर रहे हैं, जिनका उपयोग भारत और चीन जैसे पारंपरिक ग्राहकों तक हाइड्रोकार्बन पहुंचाने के लिए किया जाता है। बोर्ड के प्रमुख निकोलाई पत्रुशेव ने कहा, रूस के साथ काम करने वाले जहाज मालिकों को नौसेना के साथ समन्वय के निर्देश दिए गए हैं और रूसी मालवाहक जहाजों की निगरानी बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि जहाजों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए रूसी नौसेना उनकी निगरानी करेगी और नौवहन क्षेत्रों पर नजर रखेगी।

## ऑफ बीट

# पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न



पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमुख कारण है, और इसकी आर्थिक लागत मधुमेह या कैंसर से भी अधिक है। सबसे आम दीर्घकालिक दर्द पीठ दर्द है। कई मरीज़ - और डॉक्टर - पीठ की विभिन्न समस्याओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनके बारे में उन्हें संदेह है कि यह दर्द का कारण हो सकता है। इसलिए वे हर तरह के उपचार आज़माते हैं, लेकिन अक्सर कोई फायदा नहीं होता। वैज्ञानिकों की बढ़ती संख्या अब यह मानती है कि पुराने पीठ दर्द के कई मामले मुख्य रूप से मस्तिष्क में परिवर्तन के कारण होते हैं। दर्द किसी चोट से उत्पन्न हो सकता है।

## ट्रेंड

### रामनवमी की शुभकामनाएं



देशभर के मेरे परिवारजनों को रामनवमी की असीम शुभकामनाएं। त्याग, तप और संयम से भरे मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से हमें हर परिस्थिति का पूरे सामर्थ्य से सामना करने की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्श अनंतकाल तक भारतवासियों के साथ-साथ संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे। मेरी कामना। **-नरेंद्र मोदी,** पीएम

### चुनाव आयोग निष्पक्ष संस्था



भारत देश में चुनाव आयोग एक निष्पक्ष संस्था है। अगर किसी के पास चुनाव आयोग के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं तो वो सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। इस बार टीएमसी बुरी तरह से हारेगी और दो तिहाई बहुमत के साथ पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। **-सुकांता मजूमदार,** केंद्रीय मंत्री

### सतीशान की प्रतिक्रिया जानें



केरल के धर्मनिरपेक्ष लोगों को विपक्ष के नेता वी डी सतीशान की प्रतिक्रिया जानने का अधिकार है, जिन्होंने 2006 में अपने परवूर निर्वाचन क्षेत्र में माधव सदाशिव गोलवलकर शताब्दी समारोह में भाग लिया था। **-पिनारयी विजयन,** सीएम केरल

### मेरा केरल पर फोकस



मेरा फोकस केरल चुनाव पर है। असम, बंगाल, तमिलनाडु में मेरे साथी कैंपेन कर रहे हैं। केरल में लोग बदलाव चाहते हैं। भाजपा राज्य में कोई अप्रासंगिक कारक नहीं है। असली लड़ाई यूडीएफ व एलडीएफ के बीच है। भाजपा को वोट देना बेकार है। यूडीएफ को वोट दें। **-शशि थरूर,** कांग्रेस सांसद

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान हिंसा

# दक्षिण 24 परगना में भाजपा कार्यकर्ताओं को पीटा पुलिस समेत 10 कार्यकर्ता घायल, 8 उपद्रवी गिरफ्तार

**408 करोड़ की चीजें जब्त:** चुनाव आयोग ने बताया कि कमीशन ने 408 करोड़ के कैश के साथ ही शराब और अन्य चीजें भी जब्त की है। चुनावों से ठीक पहले अवैध धन और सामग्री के खिलाफ अब तक की बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।

एजेंसी ⏭ कोलकाता

चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल से एक बड़ी खबर है। दक्षिण 24 परगना जिले के बसंती में भाजपा उम्मीदवार बिकाश सरदार के चुनाव प्रचार के दौरान भीषण हिंसा भड़क उठी। बसंती बाजार के पास उपद्रवियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं की पिटाई की और पुलिसकर्मियों पर हमला बोल दिया। इस झड़प में कई पुलिसकर्मी और कम से कम 8-10 भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए। इस घटना के बाद कम से कम 8 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है हिंसा के बाद भारी संख्या में सीएपीएफ और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया, जिससे स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना दोपहर करीब 1 बजे हुई, जब भाजपा उम्मीदवार बिकाश सरदार चुनाव प्रचार कर रहे थे। सरदार ने आरोप लगाया कि टीएमसी कार्यकर्ताओं ने सुनियोजित तरीके से हमला किया। उन्होंने कहा कि टीएमसी कार्यकर्ताओं ने सड़कें जाम कर दीं और पुलिस पर भी हमला किया। तृणमूल ने बीडीओ और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर भाजपा पर हमला करने की कोशिश की है। वे अपनी हार से डरे हुए हैं। मेरे भाई पर भी हमला हुआ और कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई।

## बिकाश सरदार के प्रचार के दौरान हमला, टीएमसी पर लगा आरोप

### आरएएफ जवान भागा

घटना से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कथित वीडियो में दिखाया गया है कि उपद्रवियों के एक समूह ने एक व्यक्ति को बांस की लाठियों से बुरी तरह पीटा जा रहा है। हालांकि, इस वीडियो की सत्यता की अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है। झड़प के दौरान एक आरएएफ जवान को भागते हुए भी देखा गया।


दक्षिण 24 परगना जिले में हमले के बाद जवानों ने स्थिति पर काबू पाया

### हथियार और लाठियों से किया गया हमला

इस हमले के बाद एक घायल भाजपा कार्यकर्ता ने बताया कि लगभग 8-10 भाजपा कार्यकर्ता घायल हुए। मैं पुलिस वैन के साथ था। बसंती बाजार के पास मुझ पर पीछे से हमला किया गया। उपद्रवियों के पास हथियार थे और वे हमें बांस की लाठियों से पीट रहे थे। फिलहाल स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गए हैं और स्थिति को काबू में करने का प्रयास शुरू कर दिया है। मामले की जांच जारी है।

## बंगाली-गैर-बंगाली के खिलाफ भ्रष्टाचार-घुसपैठियों का मुद्दा उछला

बंगाल चुनाव से पहले भाजपा एक्शन मोड में है। वह टीएमसी की सरकार के खिलाफ चार्जशीट जारी करने वाली है। गृहमंत्री अमित शाह 28 मार्च को कोलकाता में ममता के खिलाफ चार्जशीट जारी करेंगे। यह चार्जशीट ममता सरकार में हुए भ्रष्टाचार और अपराधों की सूची है।

### शाह कल जारी करेंगे चार्जशीट



#### भाजपा ने हिंदी पर दिया जोर

टीएमसी ने 'बंगाली-गैर-बंगाली' का नारा इस्तेमाल किया है। लेकिन, भाजपा सूची हिंदी में प्रकाशित की। बंगाल में एसआईआर कराने का मुद्दा छाया रहेगा।

### भ्रष्टाचार, बेरोजगारी पर हमला

भाजपा समेत अन्य विपक्षी दल ममता सरकार पर दो प्रमुख मुद्दों को लेकर हमलावर है। पहला भ्रष्टाचार और दूसरा बेरोजगारी। भाजपा चुनाव अभियान में 'घुसपैठियों' के मुद्दे को प्रमुखता से रखेगी।

### बंगाल में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन



## भवानीपुर में सुवेंदु ने 'राम राज्य' का नारा दिया

कोलकाता के सबसे चर्चित विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर की सड़कों पर सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में रामनवमी का जुलूस निकाला। इस दौरान अधिकारी ने 'राम राज्य' का नारा दिया। उन्होंने कहा कि सुशासन और रोजगार ही 'राम राज्य' है। बंगाल में राम राज्य आने वाला है। भवानीपुर सिर्फ एक सीट नहीं, बल्कि ममता का इलाका है। यहां सुवेंदु का जुलूस निकालना और हाजरा क्रॉसिंग पर इसका समापन होना, बड़ा सियासी संदेश दे रहा है। भाजपा इस बार 'दीदी' को उन्हीं के घर में घेरने की तैयारी में हैं।

### रेलवे का अनुशासन मामला

#### स्वप्ना बर्मन की राजगंज से उम्मीदवारी पर संकट!

एशियन गेम में स्वर्ण पदक विजेता स्वप्ना बर्मन कानूनी उलझनों में घिर गई है। राजगंज से टीएमसी की उम्मीदवार स्वप्ना पर रेलवे ने अनुशासनात्मक जांच शुरू कर दी है। रेलवे ने सेवा में रहते हुए राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने के कारण कार्रवाई शुरू की है। इससे पहले कोलकाता हाईकोर्ट की जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच ने स्वप्ना को निर्देश दिया था कि वे रेलवे को अपनी गलती स्वीकार करते हुए पत्र सौंपें। उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।



### सुरक्षित लैंडिंग

#### तेज आंधी-बारिश में फंसा ममता का हेलिकॉप्टर

कोलकाता में गुरुवार को तेज आंधी और बारिश के कारण सीएम ममता बेनर्जी का हेलिकॉप्टर लंबे समय तक हवा में फंसा रहा और करीब डेढ़ घंटे बाद सुरक्षित लैंडिंग कर सका। हेलिकॉप्टर ने कई बार उतरने की कोशिश की, लेकिन वापस मुड़ना पड़ा। ममता अंडाल से कोलकाता लौट रही थीं। उनका निजी विमान दोपहर 3 बजकर 39 मिनट पर रवाना हुआ था और करीब 4 बजे उतरना तय था।



## खबर संक्षेप

### आईआईटी जैम की टॉपर लिस्ट जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे ने 26 मार्च को जॉइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स के सभी विषयों के स्कोरकार्ड और टॉपर्स की सूची जारी कर दी है। परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट और मेरिट लिस्ट देख सकते हैं। केमिस्ट्री में आयुषी अग्रवाल ने पहला स्थान हासिल किया है।



### पानीपत की फैक्ट्री में 2 चचेरे भाइयों की मौत

**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत में गुरुवार को एक टेक्सटाइल फैक्ट्री में बड़ा हादसा हो गया। यहां टैंक की सफाई करने उतरे 2 युवकों की जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई। दोनों बिना सेफ्टी किट के टैंक में उतरे थे। कुछ देर में ही उन पर बेहोशी छाने लगी। अन्य साथियों ने तुरंत दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक वे बेहोश हो चुके थे।



### दो ट्रकों में भिड़ंत के बाद आग, 3 जिंदा जले

**बांदा।** महोबा-बांदा नेशनल हाईवे पर दो ट्रकों की आमने-सामने की भिड़ंत में 3लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना कस्बा थाना से 3 किमी दूर मुंडेरी मोड़ के पास हुई। कबरई से बांदा जा रहे गिट्टी भरे ट्रक के चालक सुरेश पांडे और महोबा जा रहे खाली ट्रक के चालक सूरज नाथ की मौत हो गई।



### गेट कॉप के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**नई दिल्ली।** 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन करने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए शानदार खबर है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आज यानी 26 मार्च से शुरू हो गई है। ऐसे में जिन इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को इसके लिए आवेदन करना है, वे सभी आधिकारिक वेबसाइट coap2026.iitr.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।




## सेना, नौसेना और वायुसेना के जांबाजों के लिए केंद्र का अहम फैसला

# भारत सरकार ने दी वीरता पदक विजेताओं को रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार ने सेना, नौसेना और वायुसेना में वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस आदेश के अनुसार इन वीरता पुरस्कार विजेताओं को भारतीय रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा प्रथम श्रेणी, सेकंड एसी या एसी चेयर कार में एक साथी के साथ उपलब्ध होगी। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह रियायत देश के बहादुर जवानों के सम्मान में दी गई है। यह योजना उन सभी सैनिकों पर लागू होगी जिन्हें सेना, नौसेना या वायुसेना पदक से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार विजेताओं के जीवनसाथी भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इसमें विधवाएं और विधुर शामिल हैं, जब तक वे पुनर्विवाह नहीं करते। इसके अतिरिक्त, अविवाहित मरणोपरांत पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता को भी यह सुविधा प्रदान की जाएग

भारत सरकार ने सेना, नौसेना और वायुसेना में वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस आदेश के अनुसार इन वीरता पुरस्कार विजेताओं को भारतीय रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा प्रथम श्रेणी, सेकंड एसी या एसी चेयर कार में एक साथी के साथ उपलब्ध होगी।

### प्रथम श्रेणी, सेकंड एसी या एसी चेयर कार में एक साथी के साथ मिलेगी सुविधा

**रक्षा अधिकारियों ने दी यह जानकारी**

परिजनों को भी मिली इसमें सहूलियत




### परिवारों को यात्रा में आर्थिक सहायता दी

यह कदम देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले और वीरता दिखाने वाले सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। इससे इन परिवारों को यात्रा में आर्थिक सहायता मिलेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। भारतीय रेलवे इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करेगा। यह सुविधा पूरे भारतीय रेलवे नेटवर्क पर मान्य होगी।

### मनोबल बढ़ाएगा फैसला

#### कांप्लीमेंट्री लाइफटाइम रेल पास/कार्ड जारी होगा

जानकारों का मानना है कि यह कदम सशस्त्र बलों के जवानों का मनोबल बढ़ाने वाला है। यह केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि देश की ओर से उन वीरों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की परवाह नहीं की। रेलवे प्रशासन जल्द ही पात्र कांप्लीमेंट्री कॉम्पलीमेंट्री लाइफटाइम रेल पास/कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू करेगा।

#### जीवनसाथी, विधवाएं और विधुर और पुनर्विवाह तक अब इसमें पात्र होंगे

इस योजना के तहत सेना, नौसेना और वायुसेना पदक से सम्मानित सभी व्यक्ति पात्र होंगे। पुरस्कार विजेता के जीवनसाथी, जिनमें विधवाएं और विधुर शामिल हैं, पुनर्विवाह तक पात्र रहेंगे। अविवाहित मरणोपरांत पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता भी इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यह सुनिश्चित किया गया है कि देश के लिए सेवा करने वाले हर पात्र व्यक्ति को यह सम्मान मिले। रक्षा मंत्रालय जल्द ही विस्तृत दिशानिर्देश जारी करेगा। इससे हौसला बढ़ेगा।

## पहले 6 'चक्र' पुरस्कारों तक सीमित थी यह सुविधा



अब तक आजीवन मुफ्त रेल यात्रा की सुविधा केवल परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र, अशोक चक्र, कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र पुरस्कार विजेताओं को मिलती थी। नए आदेश के बाद सेना, नौ सेना और वायु सेना के वीरता पदक भी इसी श्रेणी में शामिल कर लिए गए हैं। सेना के जांबाज जवानों को भारतीय रेल में मुफ्त यात्रा की सुविधा पहले भी मिलती थी। पहले आजीवन बिना किसी शुल्क का भुगतान किए रेल यात्रा की सुविधा केवल 6 वीरता पुरस्कारों से सम्मानित जवानों और उनके परिजनों को ही मिलती थी। जिंदगी भर मुफ्त रेल यात्रा की श्रेणी में पहले परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र, शौर्य चक्र, अशोक चक्र, कीर्ति चक्र के विजेता ही आते थे। भारत सरकार की ओर से जारी किए इस नए आदेश के बाद अब थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के वीरता पदक से सम्मानित जांबाज भी इस सुविधा के दायरे में आ सकेंगे। जवानों के साथ ही उनके परिजनों को भी मुफ्त रेल यात्रा के दायरे में लाए जाने को सेना का मनोबल बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम बताया जा रहा है।

## वंदे भारत में घटिया खाने का दावा

# वीडियो वायरल, दही में रेंगते मिले कीड़े, प्रोवाइडर पर केस



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

तेज रफ्तार और प्रीमियम सुविधाओं के चलते अक्सर वंदे भारत सुर्खियों में रहती है, लेकिन इस बार वंदे भारत ट्रेन की सुर्खियों में रहने की वजह कुछ और है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में वंदे भारत के खाने की घटिया क्वालिटी ने यात्रियों को हैरान कर दिया है। वीडियो में वंदे भारत ट्रेन में भरोसे गए खाने की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि वंदे भारत ट्रेन में यात्री को दिए गए दही में कीड़े निकल आए। इस पूरी घटना का वीडियो सामने आते ही इंटरनेट पर हड़कंप मच गया। यह मामला सिर्फ शिकायत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि लोगों के गुस्से और तीखे रिएक्शन का बड़ा मुद्दा भी बन गया।

### मामला पटना

#### टाटानगर का, विभाग पर 10 लाख जुर्माना

यह मामला पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस का बताया जा रहा है, जहां एक यात्री ने खाने में परोसे गए दही में कीड़े होने का दावा किया। वीडियो में भी साफ देखा जा सकता है कि दही के बाउल में छोटे-छोटे कीड़े नजर आ रहे हैं। वायरल हो रहे क्लिप में यात्री रेलवे स्टाफ को बुलाकर दही के बाउल में कीड़े होने की शिकायत की। रेलवे अधिकारी ने भी दही को करीब से देखा। इस दौरान यात्री भी इस घटना को लेकर नाराज दिखाई दिए। लोगों के नाराजगी बढ़ने के बाद रेल मंत्रालय ने एक्स पर बयान जारी कर इस मामले को गंभीरता से लिया। रेल मंत्रालय ने आईआरसीटीसी पर 10 लाख का जुर्माना लगाया है। सर्विस प्रोवाइडर पर 50 लाख का जुर्माना लगाया।

### मीडिया पर भड़का यात्रियों का गुस्सा

वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया यूजर्स ने रेलवे की व्यवस्था पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। इस वीडियो को देखने के बाद सोशल मीडिया पर एक यूजर कमेंट करता है दही में कीड़े मिले और अटेंडेंट कह रहा है, यह केसर है वाह। वहीं दूसरा यूजर कमेंट करता है अब तो व्हाइट केसर की नई खोज हो गई है। एक और यूजर कमेंट करता है राजधानी एक्सप्रेस का खाना इससे बेहतर है। एक और यूजर कमेंट करता है रेलवे का खाना खाने से अच्छा है, भूखे रहना। एक यूजर ने सवाल उठाते हुए लिखा एक्सपायर दही पर नया स्टिकर लगाकर बेच देते हैं। एक अन्य ने मजाक के अंदाज में लिखा, एक तो कभी जिंदगी में ट्रेन के अंदर ब्रांडेड फूड नहीं देखा, जब देखना शुरू ही हुआ था तो उसमें भी कीड़े निकल आए।

## केरल में मोदी और ईसीआई का अपमान

# 'मानहानि' वाली वीडियो को लेकर एक्स के खिलाफ केस

एजेंसी ⏭ तिरुवनंतपुरम

केरल पुलिस की साइबर शाखा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और उसके एक हैंडल के खिलाफ एआई से निर्मित एक वीडियो प्रसारित करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। वीडियो में कथित तौर पर पीएम नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग को भ्रामक और मानहानिकारक तरीके से चित्रित किया गया है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि कथित मानहानिकारक सामग्री को भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) सहित आधिकारिक चैनलों के माध्यम से उसके संज्ञान में लाया गया था।



### जनता को गुमराह किया गया: पुलिस

केरल पुलिस ने कहा कि जांच में पाया गया कि एआई से बनेवीडियो में जनता को गुमराह करने, निकायों की विश्वसनीयता को कमजोर करने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव डालने की क्षमता है।

## 2024-25 में प्रमुख राजनीतिक दलों की चंदे से कमाई सामने आई

# 4 राष्ट्रीय दलों के चंदे से भाजपा को मिला 10 गुना से ज्यादा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2024-25 में प्रमुख राजनीतिक दलों की चंदे से कमाई के आंकड़े सामने आए हैं। भाजपा फिर देश में सबसे ज्यादा चंदा पाने वाली पार्टी बनी है। दूसरा नंबर कांग्रेस का है। एडीआर के अनुसार भारत के पहले नंबर के राजनीतिक दल और दूसरे नंबर के राजनीतिक दल के तरफ से जुटाए गए चंदे के बीच का दायरा करीब 12 गुना से ज्यादा है। यह आंकड़ा इसलिए भी आश्चर्य में डालने वाला है, क्योंकि भाजपा के पास कांग्रेस के मुकाबले सिर्फ दोगुने दानकर्ता हैं।




**बहुजन समाज पार्टी :** जिन दलों को चंदा मिला है, उनमें एक चौंकाने वाला आंकड़ा बहुजन समाज पार्टी का है। पार्टी ने पिछले 19 साल की तरह इस बार भी यही दर्शाया है कि पार्टी को 20,000 से अधिक का कोई चंदा प्राप्त नहीं हुआ है।

### पार्टियों को इतना मिला चंदा

*सभी राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को कुल मिलाकर 11,343 दानकर्ताओं की तरफ से 6648.563 करोड़ रुपए का चंदा मिला।*

**भारतीय जनता पार्टी :** राजनीतिक दलों को जितना चंदा मिला, उसकी कुल राशि में 91 फीसदी से ज्यादा भाजपा को ही मिला। भाजपा ने 6074.015 करोड़ रुपए का दान दिखाया है।

**कांग्रेस:** कांग्रेस ने दान 517.394 करोड़ दिखाया है, जो कि 2501 दानकर्ताओं से मिला है। यह राशि भाजपा के मुकाबले करीब 1000 प्रतिशत कम है।

**आम आदमी पार्टी :** आप ने 2024-25 के लिए अपनी दान की राशि 38.106 करोड़ रुपए दर्शाया है, जो कि उसे 2554 दानकर्ताओं की तरफ से मिली।

**मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी :** माकपा को 2024-25 में 16.957 करोड़ रुपए का दान मिला, जो कि 741 दानदाताओं से जुटाया गया।

**नेशनल पीपुल्स पार्टी :** पूर्वोत्तर की इस प्रमुख पार्टी ने अपना दान 2.091 करोड़ रुपए दिखाया है, जो कि उसे 25 दानकर्ताओं से मिला।

## इजराइल का बड़ा दावा

# होर्मुज बंद करने वाले ईरानी नौसेना प्रमुख की हमले में हुई मौत
# ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को 'बंद' करने की दी चेतावनी

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ तेल अवीव

ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना के कमांडर अलीरेजा तंगसीरी एक हवाई हमले में मारे गए। इजराइली मीडिया ने एक अधिकारी के हवाले से यह दावा किया। हालांकि, इस हमले की न तो ईरान की तरफ से और न ही इजराइली सेना (आईडीएफ) की ओर से आधिकारिक पुष्टि की गई है।



रिपोर्ट के मुताबिक, तंगसीसी आईआरजीसी की नौसेना के प्रमुख थे और उन्हें होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके जवाब में ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को बंद करने की चेतावनी दी है। बाब-अल-मंदेब रेड सी का एंट्री प्वाइंट है। यह रेड सी को अरब सागर से जोड़ता है। स्वेज नहर तक जाने वाले जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं। दुनिया के करीब 12 प्रतिशत तेल की सप्लाई यहीं से गुजरती है। यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शिपिंग रूट है। बाब-अल-मंदेब अफ्रीकी देश जिबूती में मौजूद अमेरिकी मिलिट्री बेस इस स्ट्रेट से सिर्फ 30 किमी दूर है।

### रोजाना लगभग 45 लाख बैरल तेल यहां से गुजरता है

### सालाना करीब 94 लाख करोड़ रुपए का करोबार यहां से

### ईरान की मदद कर सकते हैं हूती विद्रोही


ईरान की ओर से यूएई में दागी गई मिसाइल

*अगर बाब-अल-मंदेब में भी रुकावट आती है, तो मिडिल ईस्ट में चल रहा संघर्ष और बढ़ सकता है। यह यूरोप, एशिया और मिडिल ईस्ट को जोड़ने वाला अहम समुद्री रास्ता है। हर साल करीब 1 ट्रिलियन डॉलर (करीब 94 लाख करोड़ रुपए) का सामान इस रास्ते से गुजरता है। रोजाना लगभग 45 लाख बैरल तेल यहां से ट्रांसपोर्ट होता है। हालांकि, इसे बंद करना ईरान के लिए आसान नहीं है, क्योंकि यह स्ट्रेट ईरान से करीब 2500 किमी दूर है। हालांकि यह यमन के पास स्थित है, जहां ईरान समर्थित हूती विद्रोही मौजूद हैं। पहले भी गाजा युद्ध के दौरान हूती ने ड्रोन और मिसाइल से जहाजों को निशाना बनाया था, जिससे रेड सी का ट्रैफिक प्रभावित हुआ था।*

### ईरान ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के तहत किए हमले

*वहीं, आईआरजीसी और ईरानी सेना ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के तहत बुधवार को कई जगह सैन्य कार्रवाई की। यह अभियान अमेरिका और इजराइल के हमलों के तुरंत बाद शुरू किया गया था। ईरानी सशस्त्र बलों ने अब तक 82 मिसाइल और ड्रोन से हमले किए हैं, जिनमें आधुनिक हथियारों इस्तेमाल हुआ। इन हमलों में इजराइल के सैन्य ठिकाने और पश्चिम एशिया में फैले अमेरिकी सैन्य अड्डे रहे हैं। इस संघर्ष में लेबनान का हिजबुल्ला और इराक का इस्लामी रेजिस्टेंट समूह भी शामिल हो गए हैं और उन्होंने अपने दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाने का दावा किया है।*

### यूएन ने जताई चिंता
### संघर्ष का सबसे बुरा असर गरीबों और कमजोरों पर: गुटेरेस

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का सबसे अधिक प्रभाव सबसे गरीब और सबसे कमजोर आबादी पर पड़ रहा है। उन्होंने युद्ध को तत्काल खत्म करने और कूटनीति के लिए एक नए सिरे से प्रयास करने का आह्वान किया है। एक्स पर एक पोस्ट में गुटेरेस ने कहा कि संघर्ष के मानवीय परिणाम उन नागरिकों द्वारा भुगते जा रहे हैं जिनकी इस संघर्ष में कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व में संघर्ष के झटके उन लोगों को सबसे अधिक लग रही हैं जिनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है: सबसे गरीब और सबसे कमजोर।



#### युद्ध को जल्द खत्म करें

गुटेरेस ने कहा कि होर्मुज मार्ग के बंद रहने से तेल, गैस और खाद की आपूर्ति रुक रही है, जिससे दुनिया भर में असर पड़ रहा है- खासकर खेती के समय। गुटेरेस ने अमेरिका और इजराइल से अपील की कि वे युद्ध को जल्द खत्म करें, क्योंकि इससे आम लोगों की हालत खराब हो रही है और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी भारी असर पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने ईरान से भी कहा कि वह अपने पड़ोसी देशों पर हमले बंद करे।

### लेबनान से शुरू करेंगे बफर जोन बढ़ाने की योजना: इजराइल

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान की सीमा पर देश के बफर जोन को बढ़ाने की योजनाओं का ऐलान किया है। नेतन्याहू ने बफर जोन बढ़ाने के इन उपायों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ये हर मायने में सीमाओं को तोड़ने की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करते हैं। इजराइल सरकार इन कार्रवाइयों के माध्यम से क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। बता दें, बफर जोन वह क्षेत्र होता है जो दो विरोधी देशों, सेनाओं या विवादित सीमाओं के बीच बनाया जाता है।



### इजराइली सेना दिखा रही ताकत, लेबनान में 2 की मौत, 8 घायल

दक्षिणी लेबनान के नबातियेह जिले के हारूफ कस्बे में इजराइल के हवाई हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और 8 अन्य घायल हुए। हमले के बाद राहत और बचाव कार्य जारी है। इससे पहले दक्षिणी लेबनान में इजराइली हमलों में 3 लोगों की मौत और 11 घायल हुए थे। वहीं, इजराइली सेना ने बताया कि दक्षिणी लेबनान में चल रहे उसके अभियान के दौरान एक सैनिक शहीद हो गया है। सेना ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि गोलानी ब्रिगेड के 21 वर्षीय सैनिक ओरी ग्रीनबर्ग शहीद हो गए।

### ईरान के हमले से अबू धाबी में 2 की मौत


*संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि देश में मिसाइल और ड्रोन हमलों की कोशिशें की जा रही हैं। एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी हमलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने नागरिकों से सुरक्षा निर्देशों का पालन करने और सतर्क रहने की अपील की है। अबू धाबी में एक मिसाइल हमले को नाकाम कर दिया गया। हालांकि, मिसाइल का मलबा गिरने से दो लोगों की मौत हो गई।*

### जमीनी हमला किया तो गंभीर नतीजे होंगे

*आईआरजीसी ने अमेरिका और इजराइल को चेतावनी भी दी कि अगर ईरान की जमीन पर जमीनी हमला किया गया, तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। बयान में कहा गया कि नेतन्याहू और ट्रंप के बहकावे में आकर अपने बच्चों को जंग में न भेजें, क्योंकि हमला करने वाले सैनिक ईरान की जनता के बीच घिर जाएंगे और मारे जाएंगे। आईआरजीसी ने अमेरिकी लोगों से सीधे अपील करते हुए कहा कि उन्हें झूठ और गलत जानकारी के जरिये गुमराह किया जा रहा है। इस जंग की सच्चाई अमेरिका में पेट्रोल पंपों, ईरान की सड़कों और तेल अवीव व हाइफा के आसमान में देखी जा सकती है।*

### युद्ध लक्ष्य में अमेरिका फेल: अराघची

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका ईरान के खिलाफ अपने प्रमुख युद्ध लक्ष्यों में विफल रहा है। उन्होंने बताया कि अमेरिका न तो तेज सैन्य जीत हासिल कर पाया और न ही तेहरान में शासन परिवर्तन ला सका। अराघची ने ईरान के पड़ोसी देशों से अमेरिका से दूरी बनाने का आग्रह किया और कहा कि ईरान की प्रतिक्रिया ने पूरी दुनिया को दिखा दिया कि कोई भी देश इसकी सुरक्षा को धमकी नहीं दे सकता।




### ट्रंप ने ईरान को समझौते की दी धमकी, कहा- जल्द फैसला लें

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान को जल्द गंभीर होकर फैसला लेना होगा, वरना हालात ऐसे हो जाएंगे जहां से वापसी संभव नहीं होगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि ईरान के वार्ताकार अजीब हैं और समझौते के लिए भीख मांग रहे हैं, लेकिन सार्वजनिक तौर पर इनकार कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई के बाद ईरान सैन्य रूप से कमजोर हो चुका है और उसके पास वापसी का कोई मौका नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ईरान ने जल्द फैसला नहीं लिया तो वापसी का रास्ता बंद हो जाएगा।

#### अमेरिका को नाटो की जरूरत नहीं

ट्रंप ने कहा कि इस संकट के समय नाटो देशों ने अमेरिका का साथ नहीं दिया। उन्होंने कहा कि नाटो देश ईरान के खिलाफ कार्रवाई में शामिल नहीं हुए और केवल तेल की कीमतों को लेकर शिकायत करते रहे। उन्होंने कहा कि अमेरिका को नाटो की जरूरत नहीं है और सहयोगी देशों को इस समय को कभी नहीं भूलना चाहिए।



### होर्मुज से निकलने वाले जहाजों से शुल्क वसूल रहा है ईरान!

आरोप है कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क वसूल रहा है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कुछ जहाजों से प्रति यात्रा करीब 20 लाख डॉलर तक का शुल्क मांगा जा रहा है। यह वसूली किसी तय नियम के तहत नहीं, बल्कि अलग-अलग मामलों में की जा रही है। कुछ जहाजों ने यह भुगतान भी किया है, हालांकि भुगतान की प्रक्रिया और मुद्रा को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं है। सूत्रों का कहना है कि ईरान भविष्य में इस शुल्क को आधिकारिक रूप देने की योजना बना सकता है। हाल ही में वहां के एक सांसद ने प्रस्ताव दिया था कि जो देश इस मार्ग का इस्तेमाल करें, उनसे शुल्क लिया जाए। अगर ऐसा होता है तो यह वैश्विक व्यापार के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है।

### ईरान पर जारी हमले में दो किशोरों की मौत

बुधवार शाम को शिराज क्षेत्र के काफ्री गांव में एक आवासीय क्षेत्र पर अमेरिकी-इजराइली हमले में दो किशोर लड़कों की मौत हो गई। हमले में मारे गए लड़कों की पहचान इल्या और अमीर हुसैन शराफी के रूप में हुई है। ईरान के दक्षिण-पश्चिमी फार्स प्रांत स्थित लमर्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अमेरिकी और इजराइली हमले में प्रोजेक्टाइल गिरे। इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और नुकसान सीमित है। इससे पहले लमर्ड क्षेत्र में हुए हमलों में नागरिक हताहत हुए थे, जिससे इलाके की संवेदनशीलता बढ़ गई है।

### ट्रंप का नई युद्धनीति
### ईरान में उतर सकती है 82वीं एयरबोर्न डिवीजन टुकड़ी

*मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका अपनी 82वीं एयरबोर्न डिवीजन को भी ईरान में उतारने की तैयारी कर रहा है, ताकि संघर्ष में अपने कुछ लक्ष्यों को तुरंत पूरा किया जा सके। इस डिवीजन के कुछ हिस्से को क्षेत्र में तैनात किया जा सकता है। अमेरिका खर्ग द्वीप पर संभावित जमीनी हमले पर विचार कर रहा है। 82वीं एयरबोर्न डिवीजन को दुनियाभर में अपनी तेजी के लिए जाना जाता है। आदेश मिलने के महज 18 घंटे के अंदर यह डिवीजन अपने लगभग 3,000 सैनिकों यानी एक पूरी ब्रिगेड को दुनिया में कहीं भी तैनात करने में सक्षम है। इसकी भूमिका पारंपरिक सैन्य बलों से भी अलग होती है और आमतौर पर आपात स्थिति में ही इन्हें तैनात किया जाता है। इनका काम सबसे पहले घुसकर शुरुआती अनिश्चित माहौल को स्थिर करना और पीछे से आ रही भारी सेना (जैसे मरीन या बख्तरबंद बल) के लिए सुरक्षित रास्ता बनाना होता है। इसके सैनिक पैदल सेना को मिलने वाले मानक हथियारों, टैंक-रोधी प्रणाली और पोर्टेबल संचार उपकरणों से लैस होते हैं।*



---

## खबर संक्षेप

### डेनमार्क के पीएम का हार के बाद इस्तीफा

**नई दिल्ली।** डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन ने चुनाव में हार के बाद इस्तीफा दे दिया है। चुनाव में उनकी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी को सिर्फ 38 सीटें ही मिलीं। वह जून 2019 में डेनमार्क की पीएम बनीं और 2022 में दोबारा जीत हासिल की। मेटे 41 साल की उम्र में पद संभालने वाली देश की सबसे कम उम्र की पीएम बनी थीं। ग्रीनलैंड के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने अड़ गई थीं।



### क्रिप्टो के जरिए हारिश को कर रहे थे टेरर फंडिंग

**मुरादाबाद।** संदिग्ध आतंकी हारिश मुरादाबाद समेत पश्चिम यूपी के कई शिक्षण संस्थानों में अपना नेटवर्क खड़ा कर रहा था। वह आकाओं से मिले निर्देश पर शिक्षण संस्थानों के छात्रों को अपने साथ जोड़ रहा था। हारिश टेरर फंडिंग के लिए क्रिप्टो करेंसी के जरिये रकम जुटा रहा था। बीते दो वर्षों के दौरान हारिश और उसके करीबियों के बैंक खातों में क्रिप्टो करेंसी के जरिए लाखों रुपए भेजे गए थे। एटीएस पूछताछ में खुलासा हुआ है।



### नीरव मोदी को ब्रिटिश कोर्ट से करारा झटका

**लंदन।** लंदन हाई कोर्ट ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के उस आवेदन को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने भारत प्रत्यर्पण के मामले को दोबारा खोलने की मांग की थी। नीरव मोदी पर भारत में करीब 13,000 करोड़ रुपए के पंजाब नेशनल बैंक घोटाले का आरोप है। कोर्ट में भारत की तरफ से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने मजबूत दलीलें पेश कीं।



## कई देशों के साथ करेंगे द्विपक्षीय बातचीत, कई वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

# दो दिवसीय फ्रांस दौरे पर विदेश मंत्री जयशंकर, जी-7 बैठक में लेंगे हिस्सा

**होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रखने के प्रयासों में समन्वय पर विशेष ध्यान देंगे**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए गुरुवार को फ्रांस रवाना हुए। वे एबे डेस-वॉक्स-डे-सेर्ने की यात्रा करेंगे। जयशंकर जी-7 बैठक से इतर अपने समकक्षों के साथ संभवतः द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, डॉ. जयशंकर फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री जीन-नोएल बैरोट के बुलावे पर बैठक में शामिल होंगे। इस दौरान, उनके अलग-अलग देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बातचीत करने की भी उम्मीद है।

इस बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा होगी और होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रखने के प्रयासों में समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में यूक्रेन में चल रहे युद्ध, पुनर्निर्माण की कोशिशों, समुद्री सुरक्षा की चिंताओं और ग्लोबल गवर्नेंस सिस्टम में सुधार जैसे कई जरूरी वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होनी है।


बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

#### फ्रांस ने भारत को आमंत्रित किया

*हालांकि भारत जी7 का सदस्य नहीं है लेकिन इस प्रभावशाली समूह के मौजूदा अध्यक्ष फ्रांस ने उसे साझेदार देश के रूप में आमंत्रित किया है। इस बैठक में अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, इटली, फ्रांस, जापान और ब्रिटेन के शीर्ष राजनयिक हिस्सा ले रहे हैं। फ्रांस ने भारत के अलावा सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और ब्राजील को भी आमंत्रित किया है।*

#### फ्रांस, जापान व अन्यों के साथ हुई चर्चा

*डॉ.जयशंकर ने कहा, फ्रांस पहुंचने के बाद मेरी पहली द्विपक्षीय मुलाकात फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री जीन-नोएल बैरोट से हुई है। मैं, उनके शानदार स्वागत के लिए आभारी हूं। अपनी कुछ अन्य एक्स पोस्ट पर विदेश मंत्री ने जापान और दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रियों के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी दी। जिसमें जापानी विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी के साथ हुई मुलाकात को लेकर उन्होंने कहा, जापान के विदेश मंत्री और अपने दोस्त मोटेगी से मिलकर हमेशा अच्छा लगता है। इस बार जी-7 के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान उनसे मुलाकात हुई है। दक्षिण-कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ हुई मुलाकात को लेकर जयशंकर ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि दक्षिण-कोरिया के विदेश मंत्री के साथ सार्थक बैठक हुई है।*

#### शांतिरक्षा अभियानों को सुव्यवस्थित करने पर चर्चा हुई

जयशंकर ने एक्स पर बताया कि उन्होंने विदेश मंत्रियों की बैठक में आमंत्रित साझेदारों के साथ वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार पर बात की। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों, शांतिरक्षा अभियानों को सुव्यवस्थित करने और मानवीय सहायता आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण की ऊर्जा चुनौतियों, उर्वरक आपूर्ति और खाद्य सुरक्षा संबंधी चिंताओं को उठाया।

#### पश्चिम एशिया संकट पर अलग सत्र

फ्रांस के एक अधिकारी के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट पर एक अलग सत्र आयोजित किया जाएगा। मंत्री इस क्षेत्र में तनाव कम करने और समुद्री मार्ग फिर से खोलने के लिए विभिन्न वार्ता माध्यमों की तलाश करने पर विचार-विमर्श करेंगे। इस बात पर भी चर्चा करेंगे कि ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक कार्यक्रम से कैसे निपटा जाए। प्रवक्ता पास्कल ने कहा कि एक बड़ा फोकस एरिया यूक्रेन होगा, जिसमें रिकंस्ट्रक्शन और क्षेत्रीय सुरक्षा पर खास सेशन होंगे।

## ईद पर 5 दिन का सीजफायर खत्म
# अफगानिस्तान-पाक में फिर झड़प 2 की मौत, सेना की चौकियां ध्वस्त

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर अस्थायी युद्धविराम खत्म होने के बाद बुधवार को एक बार फिर हमले शुरू हो गए। इस संघर्ष में अफगानिस्तान के पूर्वी हिस्से में कम से कम दो नागरिकों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में सूचना और संस्कृति विभाग के प्रवक्ता जिया-उर-रहमान स्पिंगहर ने बताया कि मुस्लिमों के त्योहार ईद-उल-फितर से पहले दोनों पक्षों ने संक्षिप्त संघर्षविराम की घोषणा की थी। इसके खत्म होते ही पाकिस्तानी बलों ने नराई और सरकानो जिलों में दर्जनों तोप के गोले दागे, जिससे दो नागरिकों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए, जिसके बाद अफगान सीमा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। स्पिंगहर ने दावा किया कि उन्होंने पाकिस्तान की तीन सैन्य चौकियों को तबाह कर दिया और एक व्यक्ति को मार गिराया। हालांकि, उनके दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है।


17 मार्च को हुआ हमला फाइल फोटो

#### पाक ने कई क्षेत्रों में की गोलाबारी

इस बीच, उत्तर-पश्चिम में पाकिस्तान के एक स्थानीय अधिकारी ने अफगान बलों पर कई क्षेत्रों में गोलीबारी शुरू करने का आरोप लगाया। बता दें, सऊदी अरब, तुर्किये और कतर के अनुरोध पर अफगानिस्तान में पाकिस्तानी हवाई हमलों पर रोक को लेकर दोनों पक्षों के सहमति जताने के करीब एक सप्ताह बाद ये हमले हुए हैं। इससे पहले 17 मार्च की रात पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में हवाई हमले किए थे। हमलों में काबुल के एक नशा मुक्ति अस्पताल को निशाना बनाया गया, जिसमें 400 से ज्यादा लोग मारे गए। हालांकि पाकिस्तान ने नागरिकों को निशाना बनाने से इनकार करते हुए कहा कि हमला गोला-बारूद के भंडार पर था।

## विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को दी यह जानकारी
# पश्चिम-एशिया संकट के बीच पी.कुमारन होंगे ब्रिटेन में भारत के नए उच्चायुक्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के वर्ष 1992 बैच के वरिष्ठ अधिकारी पी. कुमारन को ब्रिटेन में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। जल्द ही वह अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। कुमारन, विक्रम दोराईस्वामी की जगह पर ब्रिटेन में यह दायित्व संभालेंगे। जिन्हें सरकार ने चीन में भारत का राजदूत नियुक्त किया है। वर्ष 2025 से पी. कुमारन मंत्रालय में सचिव (पूर्व) के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें हिंदी, अंग्रेजी के अलावा तमिल, अरबी भाषाओं का अच्छा ज्ञान है। ब्रिटेन के साथ बीते वक्त में हुए भारत के द्विपक्षीय व्यापक व्यापार समझौते में उनकी भूमिका रही है। ऐसे में अब कुमारन की तैनाती काफी अहम हो जाती है।



बतौर विदेश सेवा के अधिकारी के रूप में पी. कुमारन का पहला कार्यकाल मिस्र की राजधानी काहिरा में वर्ष 1994 से 97 तक भारत के तीसरे सचिव के रूप में रहा है। नियुक्तियों के बाद वह भारत लौटे और 2003 से 2005 तक उन्होंने विदेश मंत्रालय में उप-सचिव (यूरोप-पश्चिम) के रूप में कार्य किया।

## हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल का ऐतिहासिक पल गवाह बना
# श्रीनगर के रघुनाथ मंदिर में 36 साल बाद राम नवमी पूजा

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

श्रीनगर के हब्बा कदल इलाके में स्थित रघुनाथ मंदिर गुरुवार को एक ऐतिहासिक पल का गवाह बना, जब 36 वर्ष बाद इस सौ साल पुराने मंदिर में राम नवमी की पहली पूजा आयोजित की। इस खास अवसर पर न सिर्फ हिंदू श्रद्धालु जुटे, बल्कि उनके मुस्लिम पड़ोसी भी साथ खड़े नजर आए, जिससे माहौल भाईचारे और सौहार्द से भर उठा। हालांकि, मंदिर में अभी मरम्मत और पुनर्निर्माण का काम जारी है, फिर भी मंदिर प्रबंधन समिति ने इस ऐतिहासिक अवसर का जश्न मनाने के लिए पूजा का आयोजन किया। राम नवमी के अवसर पर शहर के अन्य मंदिरों, जैसे शंकराचार्य मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान पर्यटकों और सुरक्षा बलों ने भी स्थानीय हिंदू समुदाय के साथ मिलकर उत्सव में भाग लिया।


रघुनाथ मंदिर

#### दान से पुनर्निर्माण में सहयोग

समिति के महासचिव सुनील कुमार ने बताया कि 36 साल बाद यहां राम नवमी की पूजा हो रही है। हममें से कुछ लोग जम्मू से आए हैं, लेकिन देश-विदेश से कई लोगों ने दान देकर मंदिर के पुनर्निर्माण में सहयोग किया है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण अभी मूर्ति स्थापना नहीं हो सकी है।

#### कश्मीरी मुसलमानों का साथ जरूरी

कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के सवाल पर सुनील कुमार ने कहा कि यह तब तक संभव नहीं है, जब तक कश्मीरी मुस्लिम समुदाय का सहयोग न मिले। उन्होंने कहा, "सरकार हमें एक साल में बसाकर पुनर्वास कर सकती है, लेकिन हमारी वापसी के लिए कश्मीरी मुसलमानों का साथ जरूरी है। इस अवसर पर स्थानीय मुस्लिम निवासी गुलाम हसन भी मंदिर पहुंचे और उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कश्मीरी पंडित और मुसलमान भाई-भाई हैं। हम दशकों से साथ रहते आए हैं।

### वैष्णो देवी मंदिर में 2.69 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान 2.69 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गुफा मंदिर में प्रार्थना की। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि 25 मार्च तक 2,69,716 श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। हालांकि, यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। नवरात्र के पहले दिन 19 मार्च को 31,815 श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए, जबकि 20 मार्च को 34,805, 21 मार्च को 41,078, 22 मार्च को 43,482, 23 मार्च को 45,478, 24 मार्च को 38,158 और 25 मार्च को 34,900 श्रद्धालुओं ने मंदिर का दौरा किया।



## खबर संक्षेप



### महाअष्टमी पर कन्या पूजन कर कराया भोज

**औबेदुल्लागंज।** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में माता रानी के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ रहीं। श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर भोजन कराया और उपहार भेंट किए। वहीं मंदिरों में हवन-पूजन, दुर्गा सप्तशती पाठ और भजन-कीर्तन भी पूरे दिन चलता रहा। भोजपुर नारी शक्ति की अध्यक्ष आरती यादव, वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, पूर्व पार्षद पदम चौहान, माखन सेन, राहुल प्रजापति, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, कमल मालवीय, राहुल महेश्वरी, बंटी जोशी, जीतू नेमा आदि ने पूजा अर्चना की।

### कुलदेवी और गुरु बाबा की पूजा की



**तामोट।** नवरात्रि पर गुरुवार को सुलेखा रामपाल सिंह चौहान ने पूरे परिवार के कुलदेवी और गुरु बाबा की पूजा की। उसके बाद कन्या पूजन किया और भंडारा करवाया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच संजीव चौहान, मानसिंह चौहान, कृष्णपाल सिंह चौहान, सुरेंद्र सिंह चौहान, राजन सिंह चौहान सहित अन्य लोगों ने पूजा कर हवन किया।

### 31 की बजाए 30 मार्च को जैन समाज मनाएगा भगवान महावीर जयंती

**औबेदुल्लागंज।** जैन समाज इस वर्ष भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव (महावीर जयंती) 31 मार्च के बजाय 30 मार्च को मनाने का निर्णय लिया है। सरकारी और अन्य कैलेंडरों में 31 मार्च की तिथि अंकित होने के कारण उत्पन्न हुए भ्रम को समाज ने स्पष्ट कर दिया है। जैन समाज अध्यक्ष सुनील तामोट अनुसार, भगवान महावीर का जन्मोत्सव प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल तेरस को मनाया जाता है। इस वर्ष यह तिथि 30 मार्च को आ रही है। पंडित लक्ष्मीचंद, मुकेश जैन, मनोज जैन, सुनील वर्धमान, आकाश जैन, अनुराग जैन, पवन जैन, रूपेश जैन, रवि जैन, दिनेश गुड्डन, तरुण जैन, संभव जैन, विनय जैन, प्रदीप भंडारी, अनिकेत जैन आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि शासकीय अवकाश 31 मार्च के स्थान पर 30 मार्च को घोषित किया जाए। भगवान महावीर के 'जियो और जीने दो' के संदेश का सम्मान करते हुए उस दिन मांस की दुकानें बंद रखी जाएं।

### पूर्व पार्षद नागर का मनाया जन्म दिन



**औबेदुल्लागंज।** पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता उमेश नागर का गुरुवार को जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। उनके जन्मदिन पर विधायक सुरेंद्र पटवा, रामेश्वर नागर, कैलाश डब्बू, बच्चन लोधी, बंटी तिवारी आदि ने बधाई दी।

### बड़ी झील किनारे बोट क्लब से हटाए अतिक्रमण

**भोपाल।** शहर की बड़ी झील किनारे बोट क्लब क्षेत्र से गुरुवार को निगम अमला ने अवैध अतिकमण हटा कर तीन ट्रक सामान जब्त किया। साथ ही शहर के अन्य स्थानों पर अतिक्रमण कर लगाए गए ठेले, गुमठियां, सब्जी, फल आदि की दुकानें व बाहर रखा सामान हटवाया और सामान जब्त किया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2749 | | |
| दिन: | 889 | 51 | 678 |
| रात: | 279 | 86 | 358 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 680 | 43 | 580 |
| रात: | 470 | 13 | 670 |

# निलंबन पर रोक से हाईकोर्ट का इंकार बैंक अधिकारी धनवाल को राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

> अपेक्स बैंक द्वारा 22 मार्च को पीएस धनवाल को निलंबित किया था, मामले की अगली सुनवाई 31 मार्च को होगी

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सीधी के निलंबित मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीएस धनवाल को फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है। उनके द्वारा निलंबन आदेश को चुनौती देते हुए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जबलपुर उच्च न्यायालय ने स्थगन देने से इंकार कर दिया है। अपेक्स बैंक द्वारा 22 मार्च 2026 को पीएस धनवाल को निलंबित किया गया था। इसके खिलाफ उन्होंने जबलपुर हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई 26 मार्च 2026 को न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकल पीठ के समक्ष हुई।

सुनवाई के दौरान धनवाल की ओर से उनके अधिवक्ता ने निलंबन आदेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। वहीं अपेक्स बैंक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपरा और अधिवक्ता कपिल दुग्गल ने इस मांग का कड़ा विरोध किया। उन्होंने तर्क दिया कि बैंक का विस्तृत जवाब तैयार है और उसे प्रस्तुत करने के बाद ही मामले की सुनवाई की जानी चाहिए।



शासन की ओर से उपमहाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली ने भी अपेक्स बैंक के पक्ष का समर्थन करते हुए स्थगन का विरोध किया। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने अपेक्स बैंक के तर्कों को स्वीकार करते हुए निलंबन आदेश पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। हालांकि, अदालत ने यह स्पष्ट किया कि मामले की अगली सुनवाई 31 मार्च 2026 को होगी। साथ ही, यह भी निर्देश दिया गया कि इस प्रकरण में की जाने वाली समस्त कार्रवाई न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी। इस फैसले के बाद फिलहाल पीएस धनवाल का निलंबन जारी रहेगा और अब सभी की नजरें आगामी सुनवाई पर टिकी हैं, जहां मामले में आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# औबेदुल्लागंज के विद्यार्थियों ने देखा संसद और राष्ट्रपति भवन

ग्रामीण विद्यार्थियों के सपनों की ऐतिहासिक उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों के लिए आयोजित शैक्षणिक भ्रमण एक साधारण यात्रा नहीं, बल्कि जीवन का एक ऐसा अनुभव बन गया, जिसने उनके सोचने के दायरे को नई दिशा दी। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले इन बच्चों को भारत की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था के दो सर्वोच्च केन्द्रों, संसद भवन और राष्ट्रपति भवन को निकट से देखने का अवसर मिला।

संसद भवन में लोकसभा की कार्यवाही को समझने का अवसर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उन्होंने जाना कि किस प्रकार देश से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं और जनप्रतिनिधि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी भूमिका निभाते हैं। यह अवसर संभव हुआ क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सहयोग से, जिनके प्रति विद्यालय परिवार ने आभार व्यक्त किया।



विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

## परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित ग्राम रतनपुर में सुबह हुआ हादसा

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, सड़क पर गिरे युवक के सिर से गुजरा पहिया, मौत

**मृतक भौंरी में एक फर्नीचर की दुकान पर कारपेंटर की नौकरी करता था, पुलिस ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

> टक्कर के बाद ट्रैक्टर सड़क से उतर कर खेत में जा पहुंचा

> हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया

परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित ग्राम रतनपुर में गुरुवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे ट्रैक्टर ने बाइक सवार कारपेंटर को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार कारपेंटर सड़क पर गिरा और ट्रैक्टर का पहिया उसके सिर के ऊपर से निकल गया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर सड़क से उतर कर खेत में जा पहुंचा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद से ही ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार मनोज विश्वकर्मा (38) ग्राम रतनपुर, परवलिया सड़क में रहता था और भौंरी में एक फर्नीचर की दुकान पर कारपेंटर की नौकरी करता था। गुरुवार सुबह प्रतिदिन की तरह वह बाइक से भौंरी दुकान जाने के लिए निकला। सुबह करीब साढ़े 9 बजे के आसपास वह रतनपुर में भैरों सिंह मेवाड़ा के घर के पास आम रोड पर पहुंचा ही था कि सामने से आ रहे ट्रैक्टर के चालक मनोज की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह बाइक सहित सड़क पर गिरा था। सड़क पर गिरते ही ट्रैक्टर का बड़ा पहिया मनोज के सिर से होता हुआ गुजर गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल, डायल 112 और एंबुलेंस को दी थी। एंबुलेंस में पहुंचे स्वास्थ्यकर्मी ने मनोज को चेक करते हुए मृत घोषित कर दिया।



हादसे के बाद ट्रैक्टर सड़क से उतर कर खेत में जा पहुंचा। इधर इंसेट में मृतक मनोज विश्वकर्मा।

### जुए की फड़ से 24 हजार की नगदी सहित तीन बाइक जब्त

कजलीखेड़ा पुलिस ने ईशान विस्टा कॉलोनी के पास नाले में बैठी जुए की फड़ पर छापामार कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के पास से 24 हजार की नगदी, तीन बाइक और ताश की गड्डी जब्त की गई। पुलिस जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि ईशान विस्टा कॉलोनी के पास जुए की फड़ बैठी हुई है। पुलिस की टीम ने इलाके की घेराबंदी करते हुए दबिश दी और जुआ खेल रहे आधा दर्जन जुआरियों को दबोच लिया। जुआरियों की पहचान सौरभ जैन, कृष्णगोपाल, ललित शर्मा, गोलू अहिरवार, नारायण सिलावट, रामभरोस मालवीय के रूप में की गई।

### तीन दोस्तों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर

> पिपलानी की 60 क्वार्टर बस्ती के मोड़ पर हुआ हादसा

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित खजूरी कला रोड पर 60 क्वार्टर बस्ती के मोड़ पर बुधवार रात अज्ञात वाहन ने स्कूटर सवार तीन दोस्तों को टक्कर मार दी। परिजन का कहना है कि उन्हें सूचना मिली थी कि तीनों दोस्त सड़क किनारे घायल अवस्था में हैं। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और तीनों दोस्तों को बेहोशी की हालत में अलग-अलग निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जांच के बाद डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे तो कोई वाहन नहीं मिला। लोगों का कहना है कि कोई अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भागा है। तीनों दोस्त घूमने के लिए बस्ती से निकले थे। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक 60 क्वार्टर झुग्गीबस्ती निवासी अभिषेक सिनेरिया (22) प्राइवेट काम करता था। बुधवार रात करीब दस बजे वह अपने दोस्तों के साथ स्कूटी पर घूमने निकला था। कुछ देर बाद बस्ती के लोगों को सूचना मिली कि मोड़ पर तीनों दोस्त घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़े हैं। सूचना मिलते ही परिजन समेत बस्ती के लोग मौके पर पहुंचे और तीनों दोस्तों को अस्पताल लेकर रवाना हुए। डॉक्टर ने जांच के बाद अभिषेक को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके दोस्त गगन व एक अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। एसआई राजकुमार गौतम का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने और घायलों के बयान दर्ज होने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# स्कूटर से टक्कर लगने पर बदमाश ने नाबालिग को मारा चाकू, घायल

**भाई के साथ डिलीवरी देने जा रहा था नाबालिग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

> घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक कर रही पुलिस

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित सिंधी मार्केट में साईं बाबा मंदिर के पास एक बदमाश ने नाबालिग पर चाकू से हमला कर दिया। घटना बुधवार रात करीब सवा 9 बजे के आसपास की है। दरअसल, नाबालिग अपने चचेरे भाई के साथ स्कूटर से डिलीवरी देने के लिए निकला था। स्कूटर से मामूली टक्कर लगने से बदमाश ने बिना किसी विवाद के चाकू से हमला कर दिया। नाबालिग को बांए पैर की जांघ और हाथ में कोहनी के पास चाकू लगा है। पुलिस ने अज्ञात हमलावर पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 19 साल का अली शाहजहांनाबाद में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह डिलीवरी ब्वॉय है। उसके चाचा का बेटा श्योपुर से उसके घर ईद में आया था। वह चचेरे भाई के साथ डिलीवरी करने के लिए सिंधी मार्केट पहुंचा। सिंधी कॉलोनी साईं मंदिर के पास उनकी स्कूटर से एक अज्ञात व्यक्ति को मामूली टक्कर लगी थी। इस पर उक्त व्यक्ति ने बिना कुछ कहे चाकू निकाला और अली के नाबालिग भाई पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक कर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### महिला ने बाथरूम में लगाई फांसी

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित कुंजनगढ़ गांव में सीआरपीएफ कैंप गेट नंबर दो के पास किराए से रहने वाली महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार सोनू गुप्ता पति केसरीमल गुप्ता (45) गांव रुनाहा, तहसील बैरसिया की रहने वाली थी। उसके पति केसरीमल गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनके दो बच्चे हैं। 18 साल का बेटा और 17 साल की बेटी। दोनों रुनाहा में छोटे भाई के साथ रहते हैं। केसरीमल होटल में काम करते हैं और पत्नी के साथ यहां किराए के मकान में रह रहे थे। वह प्रतिदिन सुबह होटल चले जाते थे, वहां से रात में घर लौटते थे।



### औबेदुल्लागंज में जैन मुनिश्री ससंघ की हुई भव्य अगवानी

**औबेदुल्लागंज।** युग शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य विद्या शिरोमणि आचार्य समयसागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य का गुरुवार को औबेदुल्लागंज में भव्य अगवानी हुई। मुनिश्री उद्यमसागर महाराज, मुनिश्री गरिष्ठसागर महाराज, मुनिश्री आदरसागर महाराज, मुनिश्री स्वरूपसागर महाराज, मुनिश्री हीरकसागर महाराज ससंघ का मंगल विहार इटारसी जंक्शन से औबेदुल्लागंज पहुंचने। नगर में तरुण जैन, सुनील वर्धमान, टिल्लू जैन, विनय जैन, पवन जैन, रितेश जैन, अनुराग नीति जैन, विजय जैन, मुकेश जैन, जैन समाज के अध्यक्ष सुनील ने अगवानी कर पद प्रक्षालन किया।

### मुक्तागिरी में दीक्षित 5 जैन मुनियों का मंडीदीप में प्रथम मंगल प्रवेश आज

**मंडीदीप।** नगर शुक्रवार को सिद्ध क्षेत्र मुक्तागिरी में आयोजित भव्य 'जैनेश्वरी मुनि दीक्षा' समारोह में दीक्षित 5 मुनिराज पहली बार मंडीदीप में अपने पावन चरण रखेंगे, जिससे यह आयोजन और भी विशेष और गौरवपूर्ण बन जाएगा। मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद जैन ने बताया कि नगर में शुक्रवार को मुनिश्री 108 उद्यमसागर महाराज, मुनिश्री 108 गरिष्ठसागर महाराज, मुनिश्री 108 आदरसागर महाराज, मुनिश्री 108 स्वरूपसागर महाराज व मुनिश्री 108 हीरकसागर महाराज की भव्य आगवानी सुबह 8 बजे जिलेटिन चौराहे से जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मंगल आगवानी के पश्चात सुबह 10 बजे पटेल नगर स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में संतों की आहारचर्या संपन्न होगी।

# मुकिता इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों को मिली एक नई बस की सौगात

**अब विद्यार्थियों को आने-जाने में होगी सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सुधार सभा द्वारा संचालित मुकिता इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एक नई बस क्रय की गई। इस संस्था में न्यूनतम आय वाले विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इन विद्यार्थियों के लिए लंबे समय से बस की अत्यंत आवश्यकता थी। अब विद्यार्थियों को आने-जाने में सुविधा होगी।

सर्वप्रथम पंडित नारायण शर्मा द्वारा बस की विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद सिद्ध भाउ के कर कमलों द्वारा बस का पूजन किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष एसी साधवानी, महासचिव कन्हैयालाल रामनानी, सचिव वासदेव मोतियानी, कोषाध्यक्ष जनक थद्धानी, संचालक महेश दयारामानी, शिक्षा समिति से लखन भागचंदानी, कर्नल नारायण पारवानी, भगवान बाबानी, प्राचार्या सुतापा जायसवाल, उप प्राचार्या स्वाति कलवानी, पीआरओ दीपा आहूजा एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।




# नगर परिषद का 82,36,39,009 करोड़ का बजट ध्वनि मत से पारित

**लक्ष्मी चौकसे की अध्यक्षता में परिषद में आयोजित हुई बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद के पदाधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे की अध्यक्षता में गुरुवार को परिषद की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि भारती नरेशसेठी, प्रीति अनूप चौधरी, प्रमोद सेन, राजेश खटीक, सुजीत यादव, शंकर लाल इरपाचे, सरोज रामेश्वर नागर, राधा राजेंद्र साहू, सन्ना आमीर ममनून, सुनील सेरिया, हेमलता मनोज चौरसिया, दीपेश परमार, नगर परिषद औबेदुल्लागंज के उपयंत्री मुकेश जैन, संजय दुबे, स्वच्छता निरीक्षक राजकुमार शर्मा, शालिनी जैन, चंद्रभान जैन सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



परिषद की बैठक में विभिन्न प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित हुए। इसमें वर्ष 2026-2027 का अनुमानित 82,36,39,009 करोड़ रुपए का बजट ध्वनि मत से पारित हुआ, जिसे बजट सभापति वित्त समिति सुजीत यादव ने प्रस्तुत किया था। इसके अतिरिक्त नगर विकास संबंधित कई प्रस्ताव पारित किए गए।

**अब थानों में सशक्त होगी साइबर हेल्प डेस्क, पीड़ितों को तुरंत मिलेगी सहायता**

# 20 दिन के प्रशिक्षण के बाद मप्र में साइबर अपराधों से निपटने 1074 नव आरक्षक बनेंगे 'साइबर वॉरियर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में साइबर अपराधों से निपटने के लिए पुलिस व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य में प्रशिक्षण ले रहे 4000 से अधिक ट्रेनी पुलिस कांस्टेबलों में से 1074 को 'साइबर वॉरियर' के रूप में चयनित किया गया है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद इन जवानों को प्रदेशभर के थानों में संचालित साइबर हेल्प डेस्क की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

पुलिस विभाग द्वारा पहली बार आरक्षक प्रशिक्षण के दौरान 20 दिन का विशेष साइबर क्राइम कोर्स तैयार किया गया। इसका उद्देश्य जवानों को आधुनिक तकनीक आधारित अपराधों से निपटने के लिए सक्षम बनाना है। चयनित आरक्षक साइबर अपराधों की जांच, शुरुआती कार्रवाई और पीड़ितों को त्वरित सहायता देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**डिजिटल साक्ष्य जुटाने और सुरक्षित रखने की प्रक्रिया सिखाई**

शिक्षण के दौरान कांस्टेबलों को डिजिटल साक्ष्य जुटाने और सुरक्षित रखने की प्रक्रिया सिखाई गई। साथ ही आईपी एड्रेस ट्रैकिंग, बैंकिंग सिस्टम, पेमेंट गेटवे, यूपीआई और नेट बैंकिंग से जुड़े फ्रॉड की जांच की तकनीकों की जानकारी दी गई। सरकारी पोर्टल जैसे 'संचार साथी' और वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े सिस्टम का उपयोग भी प्रशिक्षण का हिस्सा रहा।

### चार हजार नव आरक्षक ले रहे प्रशिक्षण

प्रदेश के नौ पुलिस प्रशिक्षण स्कूलों में करीब चार हजार नव आरक्षक इस समय प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन्हें फर्स्ट रिस्पॉन्डर के तौर पर कार्य करने, आईटी एक्ट की बारीकियों को समझने और डिजिटल अपराधों की जांच करने की ट्रेनिंग दी जा रही है। अब तक साइबर अपराधों की जांच के लिए पुलिस को विशेषज्ञों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन इस पहल से थानों के स्तर पर ही प्रशिक्षित कर्मी उपलब्ध हो सकेंगे।

### सिमुलेशन के जरिए जांच प्रक्रिया समझाई

प्रैक्टिकल और फील्ड वर्क के दौरान ट्रेनी जवानों को वास्तविक मामलों के सिमुलेशन के जरिए जांच प्रक्रिया समझाई गई। इसके अलावा केस डायरी तैयार करने और अदालत में साक्ष्य प्रस्तुत करने की प्रक्रिया का भी अभ्यास कराया गया, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में कोई कमी न रहे।

### चयन परीक्षा काफी कड़ी और प्रतिस्पर्धी रही

अधिकारियों के मुताबिक साइबर वॉरियर के चयन के लिए आयोजित परीक्षा काफी कड़ी और प्रतिस्पर्धी रही। कंप्यूटर जागरुकता और साइबर सुरक्षा कोर्स पूरा करने के बाद ही अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया गया। अनुमान है कि यदि चयन मानकों में थोड़ी और छूट दी जाती, तो करीब 2500 अभ्यर्थी इस श्रेणी में शामिल हो सकते थे।

## इंटर स्टेट कराटे प्रतियोगिता

# मंडीदीप के 12 खिलाड़ी इंदौर रवाना जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

फीनिक्स मॉल इंदौर में आयोजित होने वाली इंटर स्टेट कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने मंडीदीप के 12 प्रतिभाशाली खिलाड़ी उत्साह के साथ इंदौर के लिए रवाना हुए। इस दौरान खिलाड़ियों में खासा जोश देखने को मिला। कराटे कोच अमन पात्रे ने बताया कि प्रतियोगिता में मानवी कहार, लक्षीयता लोवंशी, योगिता लोवंशी, भावना कौरेती, दीक्षा यादव, नंदनी अहिरवार, भूमिका झारे, रचना झारे, प्रीशा मिश्रा, राखी चिराड़, आरती लोधी एवं मनीषा डाबर नगर का प्रतिनिधित्व करेंगी। भाजपा के मंडल महामंत्री अमित जैन नपा अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, सेवा समिति जीवन सिंह पाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव, स्वामी विवेकानंद स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष विनोद जैन ने शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### सांची विवि के कुलाधिपति प्रोफेसर यज्नेश्वर एस. शास्त्री दर्शन रत्न से सम्मानित



**भोपाल।** सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आचार्य प्रोफेसर यज्नेश्वर एस. शास्त्री को प्रतिष्ठित दर्शन रत्न सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें इंटरनेशनल कांग्रेस ऑफ सोशल फिलॉसफी द्वारा दर्शन शास्त्र के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। मेघालय की नार्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, शिलॉन्ग में 25 मार्च को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रोफेसर शास्त्री को इस उपाधि से विभूषित किया गया। इस अवसर पर देश-विदेश के दार्शनिकों और विद्वानों ने उनके द्वारा दर्शन जगत में किए गए कार्यों की सराहना की।

### डॉ. रंजन सिंह 'शिक्षक शिरोमणि' से सम्मानित



**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. रंजन सिंह यूपी के मिर्जापुर जिले में आयोजित तीन दिवसीय 'गांव महोत्सव' में शिक्षक शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किए गए। उन्हें यह सम्मान शिक्षा जगत में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। मां विंध्यवासिनी विश्विविद्यालय के कुलपति प्रो. शोभा गौड़ ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षाविद, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह योजना में फेरबदल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना में अब हितग्राहियों को उसी जिले से लाभ मिलेगा, जहां उनकी परिवार आईडी दर्ज होगी। सामाजिक न्याय विभाग ने इस संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

## प्रॉपर्टी खरीदारों पर दोहरी मार, प्रति वर्गमीटर पर होगी रिकॉर्ड बढ़ोतरी

# नई गाइडलाइन: एक हजार रुपए कंस्ट्रक्शन कॉस्ट बढ़ाई, 65 हजार लोकेशन पर महंगी होगी रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन को लेकर गुरुवार को केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने भोपाल सहित प्रदेश के 55 जिलों की एक लाख 5 हजार 252 लोकेशन में से 65 हजार पर प्रॉपर्टी की कीमतें बढ़ाने का फैसला लिया है, जिससे इन जगहों पर प्लॉट और मकान खरीदना महंगा हो जाएगा। खरीदारों को रजिस्ट्री कराने के लिए अधिक राशि खर्च करना पड़ेगी। इधर पंजीयन विभाग ने आम लोगों पर दोहरी मार डालते हुए मकान की कंस्ट्रक्शन कॉस्ट को भी 13 हजार से बढ़ाकर 14 हजार कर दिया है। जिससे एक हजार वर्गफीट (सौ मीटर लगभग) की रजिस्ट्री पर कंस्ट्रक्शन कॉस्ट के नाम पर दस हजार रुपए अधिक चुकाना पड़ेंगे।

भोपाल में भी 740 लोकेशन पर एक से 181 फीसद तक बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी गई है। वर्तमान में नगर निगम सीमा में मकान की निर्माण दर 13 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर थी। जिसे बढ़ाकर 14 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर कर दिया है। ये बढ़ोतरी पक्के मकान की निर्माण पर लागू होगी।

**»** *केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने दी बढ़ी हुई दरों को मंजूरी*



### पिछले साल 13, इस बार 16 फीसदी बढ़ोतरी

इस बार नई गाइडलाइन में 38 हजार 396 लोकेशन पर दाम नहीं बढ़ाए गए हैं। जिससे प्रदेश में औसत के हिसाब से 16 फीसदी बढ़ोतरी कर दी है। हालांकि पिछले साल एक लाख 9 हजार लोकेशन में से सिर्फ 61 हजार 970 लोकेशन पर प्रॉपर्टी की कीमतें बढ़ाई गई थी। जिसका औसत 13 फीसदी था। इस बार इसे बढ़ाकर 16 फीसद कर दिया है। जिससे इस बार तीन फीसद की ज्यादा बढ़ोतरी की गई है।

### 25 हजार लोकेशन पर हायर रेट में रजिस्ट्री

प्रदेश की 25 हजार से अधिक लोकेशन पर गाइडलाइन से ज्यादा रेट पर रजिस्ट्री की गई है। जबकि 6 हजार 800 लोकेशन को मर्ज किया गया है। जबकि 500 लोकेशन ऐसी हैं, जहां पर टीएंडसीपी से जुड़ी कॉलोनियों को अनुमति दी गई हैं। यहां पर भी दाम बढ़ाए गए हैं।

### भोपाल में 740 लोकेशन पर बढ़ेंगे दाम

भोपाल में इस बार 2175 लोकेशन में से 740 लोकेशन पर प्रॉपर्टी के दाम बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूर किया गया है। यहां पर 1 से लेकर 181 फीसद तक प्रॉपर्टी की कीमतें बढ़ाई गई हैं। यहां पर 795 लोकेशन को मर्ज भी किया गया है।

### निगम क्षेत्र की टॉप टेन बढ़ोतरी वाली लोकेशन

| लोकेशन | वर्तमान(आ/व्या) | वित(आ/व्या) | बढ़ोतरी% |
|---|---|---|---|
| निर्मल सिटी | 6400/9600 | 18000/27000 | 181/181 |
| निशातपुरा सड़क | 15000/30000 | 40000/80000 | 166/166 |
| समर ग्रीन | 6400/9600 | 16000/24000 | 150/150 |
| यशोदा नगर | 6400/9600 | 16000/24000 | 150/150 |
| मुर्गी बाजार | 32000/48000 | 80000/110000 | 150/129 |
| मालीपुरा | 25000/37500 | 60000/75000 | 140/100 |
| भोपाल टॉकीज से सेफिया | 30000/45000 | 72000/110000 | 140/144 |
| बगलामुखी नगर | 12800/19200 | 26900/40400 | 110/110 |
| विजय लक्ष्मी होम | 9600/14400 | 20000/30000 | 108/108 |
| विजय लक्ष्य होम | 9600/14400 | 20000/30000 | 108/108 |

नोट- राशि प्रति वर्गमीटर में है।

## नए नगर निगम मुख्यालय में बड़ी संख्या में पहुंचे प्रदर्शनकारी

# जल संकट पर फूटा गुस्सा, नारेबाजी प्रदर्शन के दौरान बुजुर्ग महिला बेहोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार के हिनोतिया आलम में बीते चार दिनों से पानी सप्लाई बंद होने के विरोध में गुरुवार को सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने नगर निगम के नए मुख्यालय भवन का घेराव कर दिया। प्रदर्शन में शामिल महिलाएं परिसर के हाउसिंग फॉर आल सेक्शन तक पहुंच गईं और अपनी बात अधिकारियों के सामने रखी। इसके पूर्व भवन के बाहर हंगामे और नारेबाजी के बीच एक बुजुर्ग महिला बेहोश होकर जमीन पर गिर गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल डॉक्टर के यहां पहुंचाया और उपचार के बाद घर पहुंचाया। इधर प्रदर्शनकारियों और अधिकारियों के बीच पानी की समस्या के निराकरण के लिए चर्चा की गई और मेंटेनेंस के लिए समिति बनाकर जिम्मेदारी देने पर सहमति बनी। अधिकारियों ने जल्द ही पानी सप्लाई शुरू करने का भी आश्वासन दिया। रहवासी सागर मेहरा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हिनोतिया आलम में 12 ब्लॉक हैं और 100 से ज्यादा परिवार रहते हैं। चार दिन पहले पानी की सप्लाई बंद कर दी गई। रहवासी पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। पानी सप्लाई की वैकल्पिक व्यवस्था भी निगम ने नहीं की।

- हाउसिंग फॉर आल के हिनोतिया आलम में पानी सप्लाई बंद करने के विरोध में निगम मुख्यालय पहुंचे थे रहवासी
- अधिकारियों से चर्चा, समिति बनाकर मेंटेनेंस करने पर सहमति, पानी सप्लाई शुरू करने का आश्वासन



### अब आगे क्या...

प्रदर्शन करने पहुंची महिलाओं व अन्य रहवासियों और निगम के अधिकारियों के बीच बातचीत के दौरान मेंटेनेंस का जिम्मा समिति के हवाले करने पर सहमति बनी। अब मेंटेनेंस शुल्क समिति वसूल करेगी और पूरा जिम्मा समिति का होगा। यह समिति बिजली, पानी व साफ-सफाई सहित देखरेख करेगी।

### यह है मामला

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हिनोतिया आलम में बनी मल्टी में पानी, बिजली, साफ-सफाई और अन्य कार्यों के मेंटेनेंस का जिम्मा निगम ने एक एजेंसी को दिया है। हर माह मेंटेनेंस का शुल्क तय है। बताया जा रहा है मेंटेनेंस का शुल्क एजेंसी को नहीं मिलने के कारण बडी राशि का भुगतान नहीं होने के कारण जल प्रदाय बंद कर दिया गया। जिसके विरोध में रहवासी निगम मुख्यालय विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे।

### निगम का तर्क- समिति बनाकर मेंटेनेंस करने पर बनी है सहमति


नगर निगम में प्रभारी नगर यंत्री प्रोजेक्ट एचएफए आरके गोयल ने बताया कि मेंटेनेंस शुल्क जमा नहीं करने के कारण संबंधित एजेंसी ने पानी सप्लाई बंद कर दी थी। अब यह काम समिति बनाकर संचालित करने के लिए रहवासी तैयार हैं। इसके लिए पत्र तैयार हो रहा है। व्यवस्थाओं के संचालन के लिए मेंटेनेंस शुल्क जमा करना जरूरी है। अब मेंटेनेंस की जिम्मेदारी समिति की रहेगी।

## बीयू: नए सत्र के लिए करीब 10 करोड़ घाटे का बजट पेश, ईसी में कई अहम मुद्दों पर मिली हरी झंडी

- *बीयू की कुल आय के मुकाबले खर्चा अधिक होने से घाटे का बजट हुआ पेश*
- *शिक्षकों को वर्ष 2014 के एरियर भुगतान के साथ ही 50 हजार संविदा नियुक्तियों के रास्ते खुल सकेंगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में गुरुवार को नए सत्र के लिए बजट पेश किया गया। इस साल बीयू की आय के मुकावले करीब 10 करोड़ रूपए घाटे का बजट पेश किया गया है। पेश बजट के अनुसार इस बार बीयू की कुल आय 159 करोड़ 42 लाख 91 हजार रूपए है, जबकि खर्चा 169 करोड़, 72 लाख 19 हजार रूपए पेश किया गया है। कार्यपरिषद की बैठक में पेश किए गए बजट में इस बार कई अहम मुद्दों पर हरी झंडी मिली है। इनमें प्रमुख रूप से शिक्षकों के लिए वर्ष 2014 के एरियर के भुगतान के साथ ही बीयूआईटी सहित अन्य विभागों के लिए करीब 50 हजार संविदा नियुक्तियां की जाएंगी।



### इस बार यह बिंदु रहे खास

पेश किए गए बजट में इस बार कुछ बिंदु विशेष रहे हैं। इनमें शोधार्थियों के लिए अध्ययनशालाओं में रिसर्च के लिए नए और विशेष साइंटिफिक उपकरण आदि के लिए 105 लाख का प्रावधान किया है। शासकीय संस्थाओं में परियोजना और अनुदान के लिए करीब 10 लाख रूपए का प्रावधान है। यूटीडी में इंफ्रास्ट्रक्चर और लैब तथा भवन निर्माण तथा मेंटेनेंस के लिए 941 लाख बजट है। शोध को बढ़ावा देने के लिए बीयू और संवद्ध कॉलेजों में राष्ट्रीय सेमिनार, संगोष्ठी, वर्कशॉप आदि के लिए सामान्य मद के बजट के तहत रुपये 100 लाख का प्रावधान है।

### शराब ठेके की नीलामी में बदलाव, सिंगल दुकान के टेंडर भी अब होंगे स्वीकार

**भोपाल।** प्रदेश में शराब ठेकों की नीलामी के आठवें चरण में आबकारी विभाग ने बदलाव करते हुए समूहों के साथ अब सिंगल दुकानों के टेंडर भी स्वीकार करने की व्यवस्था लागू कर दी है। इसके तहत समूह और अलग-अलग दुकानों से प्राप्त ऑफरों में जो राशि अधिक होगी, उसी आधार पर दुकानों का आवंटन किया जाएगा। इससे साथ ही शराब ठेकेदारों को मिली बड़ी राहत भी मिलेगी। आबकारी विभाग ने शेष 511 समूहों की नीलामी के लिए नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। ठेकेदारों को रिजर्व प्राइस से 15 प्रतिशत कम दर पर भी ऑफर देने की अनुमति प्रदान की गई है। भोपाल में अभी तक 59 दुकानों की नीलामी नहीं हो सकी है।

> आबकारी के नए निर्देश से ठेकेदारों को मिली बड़ी राहत

#### ये नए दिशा-निर्देश

- समूह में ऑफर नहीं दुकानों के अलग-अलग ऑफर मान्य
- समूह + दुकान दोनों में ऑफर जो कुल ज्यादा, वही फाइनल
- आंशिक ऑफर की स्थिति में कुल राशि के आधार पर निर्णय

#### शासन ने संबंधित क्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारी, परियोजना क्षेत्रपाल को बनाया वृक्ष अधिकारी

## अब नगर निगम से नहीं, वन विभाग से लेना होगी पेड़ों की कटाई के लिए अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब पेड़ों की कटाई और हटाने की अनुमति नगर निगम से नहीं मिलेगी। इसकी अनुमति वन विभाग से लेना होगी। सरकार ने बदलाव करते हुए संबंधित क्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारी, परियोजना क्षेत्रपाल को वृक्ष अधिकारी बनाया है जो अनुमति देगें। शहर में बिना अनुमति लगातार पड़ों की कटाई को देखते हुए शासन ने यह निर्णय लिया है। ऐसा माना जा रहा है कि बीते 6 महीने के दौरान ननि अफसरों ने खासकर गार्डन सेक्शन के जिम्मेदारों ने नियमों की अनदेखी कर सैंकड़ों पेड़ों की कटाई की अनुमतियां जारी कर दीं। अयोध्या बायपास 10 लेन रोड निर्माण में बाधक करीब 8 हजार पेड़ों की कटाई की नगर निगम ने अनुमति जारी की थी।




### नोटिफिकेशन जारी किया

इस संबंध में सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया है। इसके तहत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के कार्यों हेतु क्षेत्राधिकार वाले एवं वन विभाग स्वामित्व अथवा वन विकास निगम को हस्तांतरित भूमि पर खड़े वृक्षों को काटने-हटाने के लिए संबंधित क्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारी, परियोजना क्षेत्रपाल को वृक्ष अधिकारी और सहायक वन संरक्षक संवर्ग के उप वनमंण्डलाधिकारी अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है।

#### परिषद की बैठक में निगम कमिश्नर को किया गया था अधिकृत निगम ने संबंधित एजेंसी को जारी की एलओआई

## आदमपुर कचरा खंती में 7 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट हटाने को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आदमपुर छावनी में कचरा खंती में करीब 7 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट हटाने के मामले को लेकर सरकार ने हरी झंडी दे दी है। इस मामले को लेकर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने पूरी जानकारी शासन को भेजी थी। जिसे मंजूरी मिल गई। निगम प्रशासन ने सौराष्ट्र कंपनी को इसका एलओआई (लेटर ऑफ इंटेंट) जारी कर दिया है। अब आदमपुर में लेगेसी वेस्ट हटाने को लेकर आ रही रुकावट दूर हो गई है।

जानकारी के अनुसार लेगेसी वेस्ट की मंजूरी के लिए प्रस्ताव पहले एमआईसी भेजा गया था। जहां से मंजूरी नहीं मिलने के कारण 23 मार्च को प्रस्ताव परिषद भेजा गया, लेकिन परिषद ने भी इसे मंजूर नहीं किया था। परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कमिश्नर को इस पर निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया था।

### खंती में है 7.5 लाख मीट्रिक टन वेस्ट

आदमपुर छावनी कचरा खंती में करीब साढ़े 7 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट मौजूद है। इसे खत्म करने के लिए नगर निगम ने 33 करोड़ का टेंडर लगाया था। इसके विरुद्ध सौराष्ट्र कंपनी ने 55 करोड़ का टेंडर डाला है। करीब 67 प्रतिशत अधिक रेट आने के कारण टेंडर को मंजूरी के लिए करीब 14 दिन पहले निगम प्रशासन ने एमआईसी के पास प्रस्ताव भेजा था। इससे पहले भी निगम प्रशासन इस प्रस्ताव को एमआईसी भेज चुकी है। दोनों बार मंजूरी न मिलने के कारण 23 मार्च को प्रस्ताव परिषद के सामने रखा गया।

#### स्कूल शिक्षा विभाग और यूआईडीएआई लगाएगा स्कूलों में शिविर, यह अभियान 1 अप्रैल से 15 मई तक संचालित किया जाएगा

## एक अप्रैल से स्कूलों में बनेंगे विद्यार्थियों के आधार, सुधार भी करा सकेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में एक अप्रैल से विद्यार्थियों के आधार कार्ड बन सकेंगे। इसके साथ ही विद्यार्थी इसमें जरूरी सुधार भी करा सकेंगे। यह अभियान 1 अप्रैल से प्रारंभ होकर 15 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसके तहत विद्यार्थियों को स्कूल स्तर पर ही आधार से संबंधित सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। दरअसल, राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग मप्र द्वारा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के सहयोग से प्रदेश के स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए आधार नामांकन एवं अद्यतन शिविर विद्यार्थियों के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार का अगला चरण 1 अप्रैल से शुरू किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके विद्यालय परिसर में ही आधार से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें नामांकन और अपडेट के लिए अलग से कहीं जाने की आवश्यकता न पड़े। इससे पूर्व यह कार्यक्रम 18 अगस्त से 31 अक्टूबर 2025 के बीच दो चरणों में आयोजित किया जा चुका है।

#### स्नातक (द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष) तथा स्नातकोत्तर (तृतीय सेमेस्टर) के परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश नवीनीकरण के लिए विशेष अवसर

## यूजी-पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश नवीनीकरण के लिए 28 मार्च तक खुला रहेगा प्रवेश पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के विद्यार्थियों के व्यापक शैक्षणिक हितों एवं भविष्य की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए, स्नातक (द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष) तथा स्नातकोत्तर (तृतीय सेमेस्टर) के परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश नवीनीकरण के लिए विशेष अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा डॉ दिवा मिश्रा ने बताया कि यह विशेष सुविधा उन विद्यार्थियों के लिए प्रदान की गई है, जो प्रवेश नवीनीकरण के लिए निर्धारित तिथि के बाद पूरक परीक्षा परिणामों की घोषणा के कारण नियत समय-सीमा में अपनी प्रवेश औपचारिकताएं पूर्ण करने से वंचित रह गए थे। प्रवेश पोर्टल को 28 मार्च 2026 तक सक्रिय किया जा रहा है। संबंधित विद्यार्थी, इस विस्तारित अवधि का लाभ उठाकर अपने प्रवेश नवीनीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।

### कॉलेज प्राचार्यों को किया निर्देशित

सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्राधिकार के तहत संचालित महाविद्यालयों के शेष पात्र विद्यार्थियों का त्वरित चिन्हांकन कर, उनका प्रवेश नवीनीकरण एवं शुल्क समय सीमा में जमा कराना सुनिश्चित करें। उच्च शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा सीमित अवधि के लिए ही उपलब्ध होगी, इसलिए सभी संबंधित विद्यार्थी एवं संस्थान निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन करें।

## सपत्नीक मौजूद रहे शिवराज, बताया सनातन परंपरा का मूलमंत्र

# केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने अष्टमी पर कन्या पूजन कर कराया भोज

### कहा- बेटियों में ही निवास करती हैं देवियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवरात्रि की पावन अष्टमी के अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पत्नी साधना सिंह ने अपने भोपाल स्थित निवास पर कन्या पूजन कर कन्याओं को भोज कराया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि, सही अर्थों में देवी का साक्षात स्वरूप हमारी बेटियां ही हैं।

उन्होंने कहा कि अगर देवी मां का प्रत्यक्ष रूप कहीं दिखाई देता है तो वह हमारी बेटियों में दिखाई देता है। हमारी सनातन परंपरा रही है कि नवरात्रि के नौवें दिन, जब मां सिद्धिदात्री के रूप में आशीर्वाद देती हैं और कृपा बरसाती हैं, तब हम बेटियों का पूजन करते हैं और कन्या भोज कराते हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि समाज का भविष्य बेटियों से ही सुरक्षित और समृद्ध बनता है। बेटियां हैं तो ही कल है। बेटियों के बिना यह दुनिया चल ही नहीं सकती। मैं सभी बेटियों को प्रणाम करता हूं, सभी देवियों को नमन करता हूं। इस अवसर पर उन्होंने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राम राज्य का अर्थ है, ऐसा समाज जहां किसी को कोई कष्ट न हो। हर प्रकार के कष्टों से मुक्त समाज ही राम राज्य का स्वरूप है। सभी सुखी हों, प्रसन्न हों और सबका मंगल और कल्याण हो।



अष्टमी के अवसर पर कन्यापूजन करते केन्द्रीय मंत्री शिवराज।



शाहजहांनाबाद मंदिर में भंडारे का आयोजन हुआ।

### एक साथ पांच कॉलोनियों में कन्या भोज-भंडारा आज, मंत्री कृष्णा गौर होंगी शामिल



**भोपाल।** गोविंदपुरा विधानसभा की तक्षशिला नगर, कल्याणी कुंज टाउन, श्री आनंदन कॉलोनी, कृष्णा नगर फेस-1, कल्याणी टॉवर और श्रीराम सांई परिसर में शुक्रवार को पांच कॉलोनियों के निवासियों द्वारा सामूहिक कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य मंत्री कृष्णा गौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगी। आयोजन की रूपरेखा को लेकर रहवासी समितियों की बैठक हुई। बैठक में कन्या भोज और भडारें का स्थानीय निवासियों ने मिलकर आयोजित करने पर सहमति जताई, ताकि सभी परिवार एक मंच पर आएं और आपसी परिचय तथा भाईचारा बढ़े।

## हनुमत धाम में नीम करोली बाबा की कुटिया के गर्भ गृह के निर्माण का भूमिपूजन



**भोपाल।** नरेला में बन रहे हनुमत धाम में बाबा नीम करोली की कुटिया भक्तों के लिए खोलने के बाद दूसरे दिन गुरुवार को बाबा के विग्रह की स्थापना हेतु गर्भ गृह के निर्माण का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। हनुमत धाम का यह निर्माण बाबा नीम करोली की प्रेरणा और आशीर्वाद से आरंभ हुआ है। बाबा की कुटिया का निर्माण कपिल त्यागी और विजय ने संयुक्त रूप से कराया, जिसका भूमि पूजन पूर्व में बाबा के पौत्र डॉ. धनंजय शर्मा द्वारा किया गया था। कुटिया के भक्तों के लिए खुलने के साथ ही श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। भक्तों ने इसे बाबा की सजीव उपस्थिति का अनुभव बताते हुए यहां ध्यान, प्रार्थना और भक्ति का क्रम शुरू किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान, हवन, पूजन और मंत्रों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और बाबा की आरती ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।



# रंगमंच की मिट्टी से निकले ‘धुरंधर’ कलाकार, स्क्रीन पर रच रहे ‘इतिहास’

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज का आईना है। यहां शब्दों में भावनाएं बसती हैं, और कलाकार अपने अभिनय से कहानियों को जीवंत कर देते हैं। मंच पर हर किरदार एक नई दुनिया रचता है, जो दर्शकों को सोचने, महसूस करने और जुड़ने का अवसर देता है। सदियों से रंगमंच ने संस्कृति, परंपरा और विचारों को संजोकर उन्हें नई पीढ़ियों तक पहुंचाने का कार्य किया है, यही इसकी असली ताकत और खूबसूरती है। यही वजह है कि फिल्मों और टेलीविजन में सशक्त चरित्र भूमिकाओं के लिए अक्सर रंगमंच से जुड़े कलाकारों को प्राथमिकता दी जाती है। ये रंगकर्मी वर्षों की साधना और अनुभव के साथ न केवल मंच और छोटे पर्दे पर, बल्कि बड़े पर्दे पर भी अपने अभिनय का लोहा मनवा रहे हैं। विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर, ऐसे ही शहर के धुरंधर रंगकर्मियों से हरिभूमि ने खास बातचीत की और जाना उनके इन प्रभावशाली किरदारों के पीछे की संघर्ष और सफलता की कहानी।




**विश्व रंगमंच दिवस आज**

रंगमंच से फिल्मी दुनिया तक, शफर कर परचम फहराने वाले शहर के धुरंधर रंगकर्मी से हरिभूमि की खास बातचीत

## फिल्मों में जो मुकाम हासिल हुआ उसमें पूरा योगदान रंगकर्म का





पापकॉर्न से अपने सोलो अभिनय का लोहा मनवाने वाले और हाल ही में धड़क 2 में खड़ूस प्रोफेसर का किरदार निभाने वाले शहर के रंगकर्मी बालेंद्र सिंह बालू ने कहा कि मैं 33 सालों से रंगमंच से जुड़ा हूं, यूं कह सकते हैं कि रंगमंच मेरी रग-रग में बसा है, लेकिन फिल्मों में काम करने को भी मैं रंगमंच के रूप में ही लेता हूं, क्योंकि रंगमंच में रीटेक नहीं होता और फिल्मों में आप बार बार रीटेक करके अपने रोल को ओर भी रियलिस्टक कर सकते हो। उन्होंने कहा कि फिल्मों में मेरी शुरुआत अमिताभ बच्चन की पीकू के साथ साल 2014 से हुई। इसके बाद मैंने दर्जनों फिल्मों में काम किया। बालेंद्र ने कहा कि भले ही आप फिल्मों में काम करके बड़ा नाम कमा लेते हो, देश और दुनिया के लोग आपको जानने लगते हैं लेकिन थिएटर एक ऐसा मंच है जो हकीकत में आपको पहचान देता है।

## हमेशा किरदारों को जीती हूं, फिर वो रंगमंच का हो या फिल्मों का

2026 ऑस्कर के लिए नॉमिनेट फिल्म ‘होमबाउंड’ में लीड आर्टिस्ट ईशान की मां का रोल निभाने वाली भोपाल की सुदीप्ता भट्टाचार्य ने कहा, लोगों को लगता है कि इतनी बड़ी फिल्में हमें यूं ही मिल जाती होंगी, लेकिन आपको हैरानी होगी कि इस फिल्म के लिए मैंने तीन महीने हेयर कलर नहीं किया था, छः किलो तक अपना वजन कम किया, ताकि एक मिडिल क्लास मुस्लिम महिला का किरदार निभा सकूं। पटना शुक्ला, गर्मी, घर वापसी, महारानी 2, मौका ए वारदात जैसे दर्जनों सीरियल और सीरिज में काम कर चुकी सुदीप्ता ने कहा मुझे रंगमंच से तो बेहद प्यार है, अपने हर किरदार को बखूबी निभाती हूं। साथ ही अपने किरदार से कुछ न कुछ सीखती रहती हूं। इस फिल्म में मुझे लगा कि मैं एक्टिंग वर्कशाप ले रही हूं और जल्द ही मेरी कई शार्ट फिल्में और फीचर फिल्म आने वाली है, जिसमें मेरे किरदार के डिफरेंट शेड ही नजर आएंगे।



## एक रंगकर्मी का धर्म हर किरदार को शिद्दत से निभाओ...





धुरंधर फिल्म में मुंबई ब्लास्ट का मुख्य आरोपी अब्दुल भुट्टावी का किरदार निभाने वाले, लगभग चार दशकों से रंगमंच का जाना पहचाना चेहरा संजय मेहता ने कहा कि मुझे फिल्मों में रोल निभाते हुए करीब 15 साल हो गए और मेरी कद काठी की वजह से मुझे ज्यादातर आतंकवादी के ही रोल मिलते हैं, जिसका मुझे कोई मलाल नहीं है। क्योंकि एक रंगकर्मी का धर्म है कि आपको जो भी रोल मिले उसे आप पूरी शिद्दत से निभाओ फिर वो विलेन का रोल हो या हीरो का, लेकिन मेरे किरदारों में डिफरेंट शेड रहे हैं, जहां ड्राई डे में सौरभ शुक्ला की फिल्म में बिल्कुल अलग कैरेक्टर रहा तो वहीं, धड़क 2 में कॉमेडी सीक्वेंस। यही नहीं, जी 5 के दूसरी मां सीरिज में मेरा किरदार एक सिद्ध बाबा का रहा। तो मेरे किरदारों में विभिन्नताएं है। उप्र संगीत नाटक अकादमी द्वारा बीएम शाह सम्मान से नवाजे जाने वाले संजय मेहता ने कहा कि फिल्मों के किरदार निभाने के साथ मैं रंगमंच से भी जुड़ा रहा और रंगमंच पर मेरे हसीना मान जाएगी, संत कबीर, शिवोहम जैसे नाटक देश में काफी प्रसिद्धी पा चुके हैं।

## घुंघरु-धुन, प्रोत्साहन मंच का 3 दिनी आयोजन आज से

**भोपाल।** चाइल्ड राइट्स ऑब्जर्वेटरी और इसकी अनुषंग इकाई म्यूजिक एंड डांस टीचर्स फोरम द्वारा 28 से 30 मार्च तक संगीत और नृत्य का कार्यक्रम प्रोत्साहन मंच मंजरी हॉल में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य संगीत और नृत्य के नवोदित कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहन मंच उपलब्ध कराना है। आयोजन के तहत सांयकाल 5 से 6 बजे तक प्रतिदिन घुंघरु और धुन दो सत्र होंगे। पहले दिन 28 मार्च को कथक गुरु क्षमा मालवीय की शिष्यांएकल और युगल नृत्य और सितार गुरु स्मिता नागदेव की शिष्या उर्वी कुलकर्णी सितार वादन करेंगी। दूसरे दिन 29 मार्च को भारतनाट्यम की गुरु श्वेता देवेन्द्र की शिष्याएं नृत्य और अनूप शर्मा की शिष्या सुहानी सिंह का गायन होगा। तीसरे दिन 30 मार्च को कथक गुरु अल्पना वाजपेयी की शिष्याएं युगल कथक नृत्य का प्रदर्शन करेंगी और स्मिता नागदेव की शिष्या लक्ष्मी जोशी का सितार वादन होगा।

## लच्छियों से सीखें सुंदर-सजावटी सामान बनाना

**भोपाल।** आर्ट डिजाइन टीचर्स फोरम द्वारा मैक्रम कार्यशाला द आर्ट ऑफ नॉट्स का आयोजन रविवार, 29 मार्च को जवाहर बाल भवन में किया जा रहा है। रचनात्मकता और हस्तकला के प्रति रुचि को बढ़ावा देने उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला में प्रतिभागियों को मैक्रम की मूल तकनीकों और विभिन्न प्रकार की गांठों के माध्यम से सुंदर एवं उपयोगी सजावटी वस्तुएं बनाना सिखाया जाएगा। कार्यशाला सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जवाहर बाल भवन में आयोजित की जाएगी।

रंग श्री लिटिल बेले में 20वें भोपाल रंग महोत्सव में ‘प्रकाश हाजिर हो’ का मंचन

# भोपाल रंग महोत्सव में चला बिज्जी की कहानियों का जादू, किया प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय साहित्य के विलक्षण कथाकार विजयदान देथा बिज्जी की कहानियां सभी को हमेशा से ही प्रभावित करती रही हैं, क्योंकि उनकी लगभग सभी कहानियां नाटकीयता के तत्वों से परिपूर्ण है, जो हमेशा ही मानसिक और सामाजिक आंदोलनों का रूप लेती हुई प्रतीत होती हैं। कभी दैवीय और कभी यथार्थ से रूबरू कराती बिज्जी की कहानियों की इसी प्रासंगिकता पर आधारित नाटक प्रकाश हाजिर हो का मंचन गुरुवार शाम रंग श्री लिटिल बेले में किया गया। 20वें भोपाल रंग महोत्सव में मंचित इस नाटक में गीत व निर्देशन मनोज नायर का रहा।

**एलबीटी में मंचित नाटक में गीत व निर्देशन मनोज नायर का था**


नाटक ‘प्रकाश हाजिर हो’ का मंचन करते कलाकार।

### कथासार

एक कहानी है उजाले के मुसाहिब, जो कि चकवा-चकवी दो पक्षियों के द्वारा कही जाती है। यह कहानी एक गुरु के प्रति अथाह स्नेह दिखाते एक मूर्ख राजा की है, जो दरबारियों के साथ मिलकर प्रकाश को थामने की कोशिश में तंत्र विद्या का प्रयोग तक कर डालता है। कहानी को नाटक का रूप देने के लिए एक नाटक मंडली का समावेश किया गया है, जो एक स्थानीय पार्क में नाटक की रिहर्सल के लिए आई है। प्रकाश नाम का एक मुख्य अभिनेता वहां नहीं पहुंचता, जिसकी वजह से मंडली में तनाव उत्पन्न हो जाता है।

### नाटक को एक समानांतर गति देता ‘प्रकाश’

चकवा-चकवी की कथा में राजा द्वारा प्रकाश की खोज और मंडली में प्रकाश नाम के कलाकार का इंतज़ार-नाटक को एक समानांतर गति प्रदान करता है। दोनों ही परिस्थितियों में प्रकाश का इंतज़ार नाटक का मूल कथासार बन जाता है।




# ‘हास्य’ के माध्यम से धीरे-धीरे ‘आत्मचिंतन’ की ओर ले जाता नाटक ‘जल कुकड़े’

जनजातीय संग्रहालय में आयोजित उर्दू ड्रामा फेस्टिवल में नाटक ‘जल कुकड़े’ का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में जारी उर्दू ड्रामा फेस्टिवल के दूसरे दिन नाटक ‘जल कुकड़े’ का मंचन किया गया। रफी शब्बीर द्वारा लिखित और फर्रुख शेर खान द्वारा निर्देशित इस नाटक में संगीत श्रुति धर्मेश का रहा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने नाटकों में हास्य और व्यंग के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय नाट्य परंपरा में भी व्यंग्य और हास्य केवल क्षणिक हंसी का साधन नहीं हैं, बल्कि वे मनुष्य और समाज के लिए आत्मावलोकन का माध्यम हैं। नाट्यशास्त्र में भरतमुनि ने हास्य रस को उन प्रमुख रसों में शामिल किया है, जो दर्शक के हृदय में स्वाभाविक आनंद उत्पन्न करते हुए उसे भीतर से परिष्कृत करता है।


जनजातीय संग्रहालय में नाटक ‘जल कुकड़े’ का मंचन करते कलाकार।

### मनोरंजन के साथ-साथ ‘हितोपदेश’ का संदेश देता नाटक



नाटक में विभिन्न पात्रों के माध्यम से प्रस्तुत हास्य धीरे-धीरे दर्शकों को आत्मचिंतन की ओर ले जाता है, जो इसकी एक महत्वपूर्ण विशेषता है, मनोरंजन के साथ-साथ ‘हितोपदेश’। लोकनाट्य परंपरा से समानता के आधार पर यह नाटक अपनी संरचना और प्रस्तुति में भारतीय लोकनाट्य शैलियों जैसे नौटंकी, स्वांग और भवाई की याद दिलाता है। आधुनिक समाज में प्रतिस्पर्धा, सामाजिक तुलना और मानसिक दबाव बहुत बढ़ गया है। इस संदर्भ में जलकुकड़े आज के कम्पैरिजन कल्चर को उजागर करता है।



# पलायन पर चोट करता नाटक ‘गबरघिचोर’

## मायाराम सुरजन भवन में नाटक ‘गबरघिचोर’ का मंचन


हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विश्व रंगमंच दिवस की पूर्व संध्या पर मायाराम सुरजन भवन में भिखारी ठाकुर के प्रसिद्ध भोजपुरी लोकनाटक ‘गबरघिचोर’ का सफल मंचन हुआ। एकजुट थिएटर एंड वेलफेयर समिति द्वारा मंचित यह नाटक पलायन, स्त्री की विवशता, पारिवारिक विघटन और मातृत्व की त्रासदी को केंद्र में रखकर समाज को एक गहरी दार्शनिक दृष्टि प्रदान करता है। दर्शकों ने नाटक की कथा, अभिनय और संदेश को भरपूर सराहना की।


नाटक ‘गबरघिचोर’ का मंचन करते कलाकार।

### बेटे के टुकड़े नहीं होने देती मां

नाटक ग्रामीण पलायन, अनैतिकता और प्रवासी पति की अनुपस्थिति में पैदा हुए एक बच्चे (गबरघिचोर) पर दो पुरुषों (पति और प्रेमी) के दावे और मां की ममता की कहानी है। यह नाटक सामाजिक विसंगतियों और पंचायत के अमानवीय निर्णय पर कड़ा प्रहार करता है। पंचायत बच्चे को दो हिस्सों में काटकर बांटने का अमानवीय फैसला लेती है। मां (गलीज बहू) अपनी ममता के कारण बच्चे को बचाने के लिए खुद को गंवाने तक को तैयार हो जाती है, लेकिन बेटे के टुकड़े नहीं करने देती।


नाटक में संवाद करते दंपती।

# बैंड, कास्ट प्ले और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

## एमसीयू में फिल्मफेस्ट सिनेब्रेशन 3.0 का आयोजन


एमसीयू के फिल्मफेस्ट में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फिल्में और पुस्तकें हमारे जीवन और समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। बहुत सारे जरूरी विषयों पर फिल्मों और किताबों से हमारी समझ बेहतर होती हैं।

ये बातें एमसीयू के फिल्मफेस्ट सिनेब्रेशन 3.0 में मौजूद सतपुड़ा फिल्म सोसाइटी के अध्यक्ष लाजपत आहूजा ने कही। वो एमसीयू में फिल्मफेस्ट सिनेब्रेशन 3.0 के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। समारोह में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय फिल्मों के साथ-साथ सिनेमा विभाग के छात्रों द्वारा निर्मित फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर बैंड, कास्ट प्ले और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांधा।

### सिनेमा पर आधारित पुस्तकों की लगी प्रदर्शनी

पिछले दो दिनो में एमसीयू का माखनपुरम कैंपस सिनेमा, थियेटर,कला और संस्कृति प्रेमियों की चहलकदमी का प्रमुख केंद्र बना रहा। फिल्मों और अभिनय में रूचि रखने वाले लोगों का पिछले दो दिनों में यहां तांता लगा रहा। कई उभरते युवा फिल्मकारों और अदाकारों ने अपनी उपस्थिति यहां दर्ज करवाई। इसके साथ ही इन क्षेत्रों की दिग्गज हस्तियों ने यहां आकर यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों की बनाई फिल्मों को देखा, उनके निर्देशन, प्रोडक्शन, सिनेमा आर्ट और अभिनय को सराहा। सिनेमा पर आधारित पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगी ।



# बीएसएस में रिदम स्टूडियो की दसवीं वर्षगांठ मनाई, दी गीतों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के बीएसएसएस कॉलेज में रिदम स्टूडियो की दसवीं वर्षगांठ इंद्रधनुषी रंगों के साथ संपन्न हुई। जिसमें छात्र कलाकारों ने एक से बढ़कर एक हिंदी फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देकर ऑडिटोरियम को गुंजायमान बना दिया। जहां एक ओर स्टूडेंट्स अपनी परफार्मेंस दे रहे थे तो वहीं दूसरी ओर श्रोता भी उनके साथ गुनगुनाते हुए नजर आए। इस अवसर पर सुर संग्राम प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित हुए जिसमें प्रथम-अनिकेत नामदेव रहे और द्वितीय-यश पंडित।

गैर-विनाशकारी तकनीकों के प्रयोग से हुई जांच

# मैनिट की टीम ने की गौहर महल में की जल रिसाव की गहन जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गौहर महल जैसी ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और अभिनव पहल सामने आई है। संत रविदास मप्र हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लिमिटेड ने मौलाना आजाद प्रौद्योगिकी संस्थान (मेनिट) के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से महल का वैज्ञानिक मूल्यांकन प्रारंभ किया है। इस परियोजना के तहत संरचना की मजबूती, स्थायित्व और भू-तकनीकी स्थिति का अध्ययन आधुनिक गैर-विनाशकारी तकनीकों के माध्यम से किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को मैनिट की शोध टीम ने गौहर महल परिसर में जल रिसाव (सीपेज) की गहन जांच की। इस अध्ययन का उद्देश्य महल के भीतर और उसकी नींव के नीचे जल प्रवाह की स्थिति को समझना और उसके संरचनात्मक प्रभावों का विश्लेषण करना है।

इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य महल के भीतर और उसकी नींव के नीचे जल प्रवाह की स्थिति को समझना था


आधुनिक तकनीकों से गौहर महल की जांच करते विशेषज्ञ।

### अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से किया परीक्षण

मैनिट के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. ऋतुजा चव्हाण और प्रोफेसर डॉ. ज्योति सरूप के मार्गदर्शन में बी.टेक और पीएचडी शोधार्थियों की टीम ने अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से स्थल पर परीक्षण किए। इस दौरान ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार और मैग्नेटोटेल्यूरिक तकनीक जैसे उन्नत साधनों का उपयोग करते हुए महल की सतह के नीचे की स्थिति का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया। गौहर महल के प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया की विशेषता यह रही कि जांच पूर्णतः गैर-विनाशकारी तकनीकों के माध्यम से की गई।

**डिफरेंट फॉर्मेट और कई भाषाओं में बनी करीब 55 सीरीज और फिल्में हैं शामिल...**

# प्राइम वीडियो ने अब तक की अपनी सबसे बड़ी भारतीय ओरिजिनल्स स्लेट की प्रस्तुत

⏭ मुंबई से लौटकर मधुरिमा राजपाल

भारत में दर्शकों के मनोरंजन के सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन, प्राइम वीडियो ने मुंबई के निजी होटल में आयोजित ‘प्राइम वीडियो प्रेजेंट्स’ कार्यक्रम में अब तक की सबसे बड़ी नई ओरिजिनल सीरीज और फिल्मों की घोषणा की, जिसमें लगभग 55 नई सीरीज और फिल्में शामिल हैं। इस प्रजेंटेशन में भारतीय ओरिजिनल कंटेंट की बड़ी सूची के साथ एमेजॅन एमजीएम स्टूडियोज इंडिया की थिएटर में रिलीज होने वाली फिल्मों और कई बड़ी लाइसेंस्ड फिल्मों की भी घोषणा की गई।

### पहली हिंदी सुपरहीरो सीरीज ‘द कलयुग वॉरियर्स’ खास तौर पर स्ट्रीमिंग के लिए बनी




इस स्लेट में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में कई जबरदस्त ओरिजिनल सीरीज और फिल्में शामिल हैं। जैसे निखिल आडवाणी की महान रचना द रिवोल्यूशनरीज, जिसमें भुवन बाम, रोहित सराफ, प्रतिभा रांटा और गुरफतेह पिरजादा नजर आएंगे, मटका किंग जिसमें विजय वर्मा हैं, राख जिसमें अली फजल, सोनाली बेंद्रे और आमिर बशीर हैं। लुक्खे, जिसमें रैपर किंग पहली बार एक्टिंग करते दिखेंगे और वंश- द कलयुग वॉरियर्स, जो भारत की पहली हिंदी सुपरहीरो सीरीज है, खास तौर पर स्ट्रीमिंग के लिए बनाई गई है।

### पहली बार स्ट्रीमिंग की दुनिया में कदम रख रही ‘एचआरएक्स फिल्म्स’

इस लाइनअप में प्राइम वीडियो के लिए कई नए बड़े सहयोग भी शामिल हैं। ऋतिक रोशन की एचआरएक्स फिल्म्स अब पहली बार स्ट्रीमिंग की दुनिया में कदम रख रही है, जिसमें ओरिजिनल सीरीज स्टॉर्म और ओरिजिनल फिल्म मेस शामिल हैं। वहीं आलिया भट्ट की इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस भी ओरिजिनल फिल्म डोंट बी शाय लेकर आ रही है। इस लाइनअप की एक खास झलक एमेजॅन एमजीएम स्टूडियो की थिएटर में रिलीज होने वाली फिल्मों की घोषणा भी रही, जिसमें पांच नई भारतीय फिल्में भी शामिल हैं।





रोचक / शिखर चंद जैन

# मूर्ख बनाने वाले ये पशु-पक्षी



बच्चो, इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी मूर्ख बनाने में पीछे नहीं होते। ये इतनी चालाकी से मूर्ख बनाते हैं कि कुछ आभास ही नहीं होता। पशु-पक्षी कभी अपने फायदे के लिए, कभी शिकार करने के लिए तो कभी अपनी जान बचाने के लिए दूसरे जंतुओं को मूर्ख बनाते हैं। अप्रैल फूल-डे के मौके पर हम तुम्हें मूर्ख बनाने वाले कुछ पशु-पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

## कोयल कौवे को बनाती है मूर्ख

**मादा कोयल** बड़ी चतुर होती है। वह खुद घोंसला नहीं बनाती, चुपके से जाकर कौवे के घोंसले में अंडे दे आती है। चतुर कहलाने वाला कौवा, कोयल के इस कारनामे के आगे मात खा जाता है। कौवा, कोयल के अंडों को अपने अंडे समझकर सेता है, उसकी देखभाल करता है। दरअसल, कोयल के अंडे भी आकार और प्रकार में बिल्कुल कौवे के अंडे जैसे दिखते हैं। इस तरह कोयल, कौए को 'मूर्ख' बनाकर अपने अंडों की देखभाल करवा लेती है। *

## ऑक्टोपस मिमिक्री से देता है धोखा



**ऑक्टोपस एक** समुद्री जंतु है। यह अपनी त्वचा का रंग और बनावट बदलने में माहिर होता है। यह मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया में, विशेषकर इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के पास के समुद्रों में पाया जाता है। ऑक्टोपस इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के उथले, रेतीले और कीचड़ भरे पानी में रहने वाला एक अनूठा समुद्री जंतु है, जो 15 से अधिक समुद्री जीवों की मिमिक्री यानी नकल करने की क्षमता रखता है। कलाकार प्रकृति का यह ऑक्टोपस समुद्र के अन्य खतरनाक जंतुओं जैसे लॉयन फिश या समुद्री सांपों की नकल कर लेता है। यह अपनी एक्टिंग इस आधार पर चुनता है कि सामने कौन-सा शिकारी है, ताकि उसे डरा सके। इस तरह शिकारी को धोखा देकर अपनी जान बचा लेता है। *

## किलडियर ड्रामेबाजी में माहिर



**किलडियर मुख्य** रूप से उत्तरी, मध्य और दक्षिणी अमेरिका के खुले, घास वाले मैदानों, खेतों, गोल्फ कोर्स और जल निकायों के किनारे पाए जाते हैं। ये कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कैरिबियन कंट्रीज में भी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। यह प्लोवर प्रजाति का एक तटीय पक्षी है, जो जमीनी इलाकों में रहता है। जब कोई शिकारी, जैसे- कुत्ता, लोमड़ी या इंसान इसके जमीनी घोंसले के करीब आता है, तो मादा या नर किलडियर घोंसले से दूर जाकर जमीन पर लेट जाता है। यह अपने पंख को इस तरह फैलाता और फड़फड़ाता है, जैसे कि पंख टूट गया हो। यही नहीं ड्रामेबाज किलडियर लंगड़ाकर चलने लगता है और दर्द भरी आवाजें भी निकालने लगता है। यह सब देखकर शिकारी को लगता है कि यह पक्षी घायल हो गया है, इसे पकड़ना आसान है। जैसे ही शिकारी, इस पक्षी का पीछा करते हुए घोंसले से काफी दूर चला जाता है, किलडियर फुर्र से उड़ जाता है। कभी-कभी तो ये चतुर पक्षी शिकारी को भ्रमित करने के लिए किसी खाली जगह पर ऐसे बैठ जाता है, जैसे वहां उसका घोंसला हो, ताकि असली घोंसला सुरक्षित रहे। *

## एंग्लर फिश टॉर्चनुमा अंग देता है चकमा

**एंग्लर फिश** मुख्य रूप से अटलांटिक और अंटार्कटिक महासागरों के बहुत गहरे और ठंडे पानी में पाई जाती है। यह मछली समुद्र की सतह से लगभग 600 मीटर से लेकर 8,370 मीटर (27,500 फीट से अधिक) की गहराई में रहती है। एंग्लर फिश दुनिया के सबसे अंधेरे और गहरे समुद्री इलाकों में रहने वाली एक रहस्यमयी मछली है। गहरे समुद्र के अंधेरे में रहने वाली इस मछली के सिर पर एक चमकता हुआ टॉर्चनुमा अंग होता है। छोटी मछलियां जब इस रोशनी को भोजन समझकर पास आती हैं, तब एंग्लर फिश तुरंत उन्हें निगल लेती है। *



## फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाकर चुराता है खाना

**फोर्क-टेल्ड** ड्रोंगो पक्षी, मुख्य रूप से अफ्रीका में सहारा मरुस्थल के दक्षिण में पाया जाता है। यह पक्षी खुले घास के मैदानों, झाड़ियों और हल्के घने वनों में रहता है। यह पक्षी अपनी गहरी कटी हुई पूंछ और निडर स्वभाव के लिए जाना जाता है। फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो दूसरे जानवरों, जैसे कि मीयरकैट्स के खतरे वाली आवाजों की नकल करता है। जब मीयरकैट्स अपना खाना जुटा लेते हैं, तो ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाता है। डर के मारे मीयरकैट्स अपना खाना छोड़कर भाग जाते हैं और फिर ड्रोंगो उसे चुराकर अपना पेट भर लेता है। *



छोटी कहानी

एक ठग ने अपने तोते को बस एक शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। इस शब्द के जरिए ठग ने एक युवक को ऐसा मूर्ख बनाया कि बेचारा हजार अशर्फियां गंवा बैठा। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।

# ठग का तोता



एआई इमेज

एक ठग के पास एक तोता था। उसने उसे सिर्फ एक ही शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। वह उस तोते के साथ एक गांव में आया। रात को उसने एक जगह एक छोटे से बक्से में सोने के सिक्के भरकर गाड़ दिए। अगले दिन वह फिर तोते के साथ वहां पहुंचा और उससे बातें करने लगा। उत्सुकतावश लोग वहां इकट्ठा होने लगे।

ठग ने तोते से पूछा, 'क्या तुम मुझे गड़े खजाने का पता बता सकते हो?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने रात वाली जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'अगर मैं वहां खोदूं तो क्या खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने खुदाई की तो लोग देखकर हैरान रह गए कि वहां वाकई खजाना निकला। यह सब देखकर एक लालची युवक ने उस ठग से पूछा, 'क्या वह तोता बेचेगा?'

ठग बोला, 'हां, बेच सकता हूं, लेकिन एक हजार अशर्फियों से कम नहीं लूंगा।'

युवक ने तोते का इतना अधिक दाम सुनकर पूछा, 'इतना ज्यादा?'

ठग बोला, 'तुम तोते से पूछ लो।'

युवक ने तोते से पूछा, 'क्या तुम इस लायक हो कि तुम्हारे लिए एक हजार अशर्फियां दी जाएं?'

तोते ने झट से उत्तर दिया, 'यकीनन।' युवक ने उस तोते को खरीद लिया। एक हजार अशर्फियां लेकर ठग अपने रास्ते चला गया।

युवक ने घर आकर तोते से पूछा, 'मुझे कहां खजाना मिलेगा?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसकी समझ में कुछ नहीं आया तो उसने एक जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'क्या वहां खोदने पर खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

युवक ने खोदा तो वहां कुछ नहीं निकला। वह तोते के पास आया और बोला, 'तुमने झूठ क्यों बोला?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

ऐसे ही हर सवाल का जवाब जब उसे एक ही शब्द 'यकीनन' में मिला तो वह झुंझलाकर बोला, 'मैं क्या बेवकूफ हूं, जो तुम्हें एक हजार अशर्फियों में खरीदा?'

तोता फिर से बोल पड़ा- यकीनन।

ठग की चालाकी और अपने लालच, बेवकूफी की वजह से वह युवक यकीनन मूर्ख बन चुका था। *

**प्रस्तुतिः एफएमएन**

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# अप्रैल फूल

दिवस प्रथम अप्रैल आ गया
जब हंसता-सा भाई,
भालू जी ने नंदन-वन में
यह योजना बनाई!
गीदड़, लोमड़, शेर सभी को
संदेशा भिजवाया,
जंगल में मंगल करने को
समारोह रखवाया!
नियत जगह पर आ पहुंचे थे
बन-ठन प्राणी सारे,
मगर न कोई तैयारी थी
चकित हुए मन मारे!
देख सभी का सिर चकराया
चतुर लोमड़ी बोली,
आज प्रथम अप्रैल सुनो जी
मेरे सब हमजोली!
लौट के बुद्धू घर को आए
कहा-हो गई भूल,
एक साथ ही सभी जानवर
बने अप्रैल फूल!



एआई इमेज

## बूझो तो जानें



1
मैं पूरब से चलता हूं,
दिनभर आग उगलता हूं।
शाम ढले छिप जाता हूं,
रात में नहीं निकलता हूं।



2
न तन सुंदर न गोरी
छौंक में आऊं काम,
सब्जी-दाल में डाली जाऊं
बूझो मेरा नाम।

3
चार अक्षर का नाम है,
कटे पे आऊं काम।
रंग श्वेत होता मेरा,
अधिक न मेरा दाम।

-वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1.सूरज, 2.हींग, 3.फिटकरी

## जीके क्विज-198



1. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 में किस देश को पहला स्थान दिया गया है?
2. साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 (हिंदी भाषा के लिए) किन्हें प्रदान किया जाएगा?
3. विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?
4. हाल में नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
5. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर कौन थे?
6. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
7. दिसपुर किस राज्य की राजधानी है?
8. अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?
9. एक वयस्क मनुष्य में सामान्यत: कितने दांत पाए जाते हैं?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?



**बच्चो, जीके क्विज-198 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-197 का उत्तर:** 1.चंडीगढ़, 2.यूएसए, मैक्सिको, कनाडा, 3.असम, 4.मयंक चक्रवती, 5.महात्मा गांधी, 6.एम.एस. स्वामीनाथन, 7. 27 मार्च, 8.ऑक्सीजन, 9.अलेक्जेंडर फ्लेमिंग, 10.महाराष्ट्र

**जीके क्विज-197 का सही उत्तर देने वाले:** अनुभव-राजनांदगांव, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, संकेत-बालोद, अंकित-रायगढ़, सूरज-महेंद्रगढ़, प्रिया-दिल्ली, जतिन-कांकेर, सुमन-दुर्ग



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

रोहित का अपने दादा जी से रिश्ता एकदम दोस्त जैसा था। दोनों एक-दूसरे के साथ खूब हंसी-मजाक करते थे। रोहित ने पहली अप्रैल को अपने दादा जी को अप्रैल फूल बनाने की सोची। लेकिन दादा जी ने ऐसा चकमा दिया कि रोहित खुद ही अप्रैल फूल बन गया।

# अप्रैल फूल बनाया!



इन दिनों रोहित बहुत खुश था। खुश इसलिए क्योंकि उसके दादा जी गांव से उसके पास यहां, रायपुर जो आए हुए थे। पांचवीं कक्षा की उसकी परीक्षाएं खत्म हो चुकी थीं। इन दिनों उसके स्कूल में छुट्टियां थीं। दादा जी और रोहित में उम्र का बहुत बड़ा फासला था लेकिन दोनों के बीच दोस्तों जैसा रिश्ता था। वे दोनों आपस में खूब हंसी-मजाक और चुहल करते रहते।

एक दिन रोहित के दिमाग में आया कि क्यों न दादा जी को पहली अप्रैल को अप्रैल फूल बनाया जाए। ऐसा करने के लिए वह कोई तरकीब सोचने लगा। थोड़ा सोचने पर उसे एक तरकीब सूझ गई।

दादा जी सुबह जल्दी उठ जाते थे, फिर नहा-धोकर तैयार होकर पार्क में सैर करने जाते थे। पार्क में सैर करने के लिए आने वाले अशोक जी से उनकी दोस्ती हो गई थी। वे दोनों हर रोज साथ में ही सैर किया करते थे। रोहित ने योजना बनाई कि पहली अप्रैल की सुबह दादा जी को कह देगा कि अशोक अंकल ने फोन पर बताया है कि आज वे पार्क में नहीं जाएंगे, बल्कि दादा जी से मिलने घर आएंगे। रोहित ने सोचा कि ऐसा कहने पर दादा जी सैर करने नहीं जाएंगे और अशोक अंकल का इंतजार करते हुए घर में ही रहेंगे। इस तरह दादा जी अप्रैल फूल बन जाएंगे।

दादा जी रोहित के कमरे में ही सोते थे। इकतीस मार्च की रात को सोने से पहले रोहित ने दादा जी के मोबाइल फोन पर सुबह पांच बजे का अलार्म लगा दिया ताकि वह पहली अप्रैल की सुबह दादा जी से अशोक अंकल वाली बात कह सके। अगली सुबह अलार्म बजने पर रोहित की नींद खुली तो उसने देखा कि दादा जी अभी सो रहे हैं। वह दादा जी के जागने का इंतजार करने लगा। कुछ देर बाद जैसे ही दादा जी जागे, रोहित ने अशोक जी के आज सुबह घर में आने की बात उन्हें बता दी। सुनकर दादा जी ने पूछा, 'तुम्हें यह कैसे पता है?' रोहित ने बताया, 'दादा जी, कल रात को अशोक अंकल ने लैंडलाइन फोन पर कॉल कर सूचित किया था। आपके मोबाइल फोन पर उनकी बात हो नहीं पा रही थी। यह सब कल रात को आपको बताना मैं भूल गया था।'

'तो ठीक है, मैं आज पार्क नहीं जाता। अशोक जी के आने से पहले नहा-धोकर तैयार हो जाता हूं।' कहकर दादा जी कमरे से निकल कर आंगन में बने बाथरूम में चले गए। रोहित को लगा कि उसकी योजना सफल हो रही है। वह निश्चिंत होकर बिस्तर में लेट गया। कुछ ही देर में उसे नींद आ गई।

थोड़ी देर बाद उसकी नींद खुली तो वह उठकर आंगन में गया। उसने देखा कि दादा जी का तौलिया आंगन में लगी रस्सी पर नहीं है और बाथरूम का दरवाजा बंद है। वह समझ गया कि दादा जी बाथरूम में नहा रहे हैं। रोहित आंगन में एक कुर्सी पर बैठ कर दादा जी के बाथरूम से बाहर आने का इंतजार करने लगा ताकि उन्हें देखते ही 'अप्रैल फूल बनाया!' कह सके, मगर बहुत वक्त बीत जाने पर भी दादा जी बाहर नहीं आए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि आज दादा जी इतनी देर तक क्यों नहा रहे हैं? आखिर उससे रहा न गया और वह मम्मी-पापा के कमरे की तरफ चल पड़ा। कमरे में पापा कुर्सी पर बैठे अखबार पढ़ रहे थे। वह पापा से दादा जी के बारे में बात करना ही चाहता था कि तभी दरवाजे की घंटी बजी। पापा उठकर दरवाजा खोलने गए तो वह उनके साथ हो लिया। पापा ने दरवाजा खोला तो सामने दादा जी खड़े थे। 'पिता जी, आ गए आप सैर करके?' पापा ने दादा जी से पूछा। 'हां, बेटा।' कहते हुए दादा जी घर के अंदर आ गए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि दादा जी बाहर से कैसे आ रहे हैं। उसके हिसाब से तो दादा जी को बाथरूम में होना चाहिए था। उसने हैरानी से दादा जी की ओर देखा, वह हंसते हुए बोले, 'अप्रैल फूल बनाया..!' 'पर दादा जी, आप तो बाथरूम में थे न!' रोहित में हैरानी से पूछा। 'बेटा, बाथरूम में कोई नहीं था। बस यह जताने के लिए कि मैं बाथरूम के अंदर हूं, नहाने के बाद मैंने अपना तौलिया बाथरूम के अंदर ही रहने दिया था, आंगन में रस्सी पर नहीं फैलाया था और बाथरूम का दरवाजा बंद करके सैर करने चला गया था। जाने से पहले तुम्हारे मम्मी-पापा को सारी बात मैंने बता दी थी। तुम मुझे अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में हो, इस बात का अंदाजा मुझे तभी हो गया था, जब कल रात तुमने मेरे फोन में सुबह पांच बजे का अलार्म लगाया था। तुम तो सुबह इतनी जल्दी कभी उठते नहीं हो और सुबह उठने के लिए मुझे अलार्म की जरूरत होती ही नहीं। आज सुबह अलार्म बजने से पहले ही मेरी नींद खुल चुकी थी और मैं सोने का नाटक कर रहा था। एक बात और सुन लो, अशोक जी तो इन दिनों रायपुर में हैं ही नहीं। वे तो किसी काम से भोपाल गए हैं।' दादा जी मुस्कुराते हुए सारी बात बता रहे थे और रोहित सुन रहा था। दादा जी को अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में खुद वही अप्रैल फूल बन गया था। *

तुम्हारे लिए किताब / समीर गांगुली

# आओ, नाटक खेलें

बच्चो, पिछले दिनों एक अच्छी किताब पढ़ी। जिसे पढ़कर लगा कि इसके बारे में तुम लोगों को जरूर बताना चाहिए। यह किताब नाटक की है, लेकिन इसमें कोई नाटक नहीं है, बल्कि इस बारे में है कि तुम लोग कैसे नाटक बना कर उसे खेल सकते हो?

उमा आनंद लिखित 'आओ, नाटक खेलें' नाम की यह किताब पहली बार 1971 में प्रकाशित हुई थी। अब तक इसकी चौंतीस आवृत्तियां आ चुकी हैं, जो बताती है कि यह किताब कितनी लोकप्रिय है। इसमें कहानी-कहानी में रोचक तरीके से और एक पेशेवर नाटक निर्देशक के जरिए नाटक के सभी अंगों जैसे-पात्र, परिवेश, रंगमंच व्यवस्था, वस्त्र-सज्जा, सामग्री व्यवस्था, रिहर्सल, दर्शकों तक पहुंचने और नाटक के चयन की जानकारी दी गई है। बच्चो, तुम जब इस किताब को पढ़ोगे तो पता चल जाएगा कि कोई नाटक कैसे तैयार होता है? फिर इस कहानी के पात्र दीपक, डीडो, पारो और टप्पो की तरह तुम भी अपनी कॉलोनी या स्कूल में कोई नाटक खेल सकते हो। नाटक की अपने तरह की इस अनूठी किताब को पढ़कर तुम्हें भी लगेगा 'वाह! यह किताब कितनी अच्छी है। नाटक के बारे में बहुत सरल और रोचक ढंग से जानकारी देती है।' तो तुम भी यह रोचक किताब मंगवाकर पढ़ो। नाटक से संबंधित बारीकियां सीखो, खुद नाटक खेलो और वाहवाही पाओ। *




**किताब**: आओ, नाटक खेलें, **लेखक**: उमा आनंद, **अनुवादक**: बलराज पंडित, **मूल्य**: 55 रुपए, **प्रकाशक**: नेशनल बुक ट्रस्ट, भारत

## रंग भरो-198

**रंग भरो-198** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





ईशानी, बिलासपुर



प्रत्यूषा, राजनांदगांव



प्रणीका, बिलासपुर



आदित्य, खैरागढ़



शिफा, महासमुंद




समृद्धि, शहडोल


**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

काशवी-रायपुर, प्रभु-कोरबा, प्रगति-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, हिमांशु-राजनांदगांव, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सर्वेश-कोरबा, कुसुम-बलौदा बाजार

## रंग भरो 199



बच्चो, यहां अप्रैल फूल-डे से रिलेटेड प्रैंक-ट्वॉय का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप



### विश्व कप फुटबॉल के अतिरिक्त टिकटों की बिक्री एक अप्रैल से

**लंदन।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने घोषणा की कि विश्व कप टिकटों के अंतिम दौर की बिक्री एक अप्रैल से शुरू होगी।फीफा ने कहा कि दिसंबर और फरवरी के बीच पिछली बिक्री के अंत तक दस लाख से अधिक टिकट बिक चुके थे और अतिरिक्त टिकट एक अप्रैल से टूर्नामेंट के अंत तक आम बिक्री के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। फीफा को टिकटों की कीमत को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दिसंबर में टिकटों की बिक्री आम जनता के लिए शुरू की गई थी और तब फुटबॉल प्रेमियों ने फीफा पर विश्वासघात का आरोप लगाया था क्योंकि ग्रुप चरण का सबसे कम कीमत वाला टिकट 140 डॉलर का था जबकि फाइनल के टिकटों की कीमत 8680 डॉलर तक थी।

### बेंगलुरु एफसी ने पेप मुनोज को मुख्य कोच नियुक्त किया



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एफसी ने स्पेन के पेप मुनोज को 2026-27 के सत्र के अंत तक के लिए नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। मुनोज के साथ फेरान बोर्रास भी बेंगलुरु की टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। मुनोज़ ने इससे पहले एफसी बार्सिलोना के युवा सेटअप में बारका अंडर-19 और बार्सिलोना बी के साथ काम किया है। बेंगलुरु एफसी का मुख्य कोच बनने से पहले वह कंबोडिया में प्रेह खान रीच स्वे रींग के साथ यह भूमिका निभा रहे थे। कंबोडिया के क्लब के साथ उन्होंने दो साल का सफल कार्यकाल बिताया, जिसमें क्लब ने दो बार लीग और एक बार लीग कप जीता और इसके साथ ही एएफसी चैलेंज लीग के फाइनल में भी पहुंचा।

### गोल्फ चैंपियनशिप में सुनीत ने दर्ज की जीत



**पटना।** सुनीत चौरसिया ने डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई की चौथी प्रतियोगिता अल्फा स्पोर्ट्स एकेडमी गोल्फ चैंपियनशिप में एक शॉट से जीत दर्ज की। कोलकाता के चौरसिया (71-65-73) ने तीसरे और अंतिम दौर में 73 का स्कोर बनाकर अपना पहला खिताब जीता। उनका कुल स्कोर सात-अंडर 209 रहा। वह दिग्गज गोल्फर एसएसपी चौरसिया के भतीजे हैं। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को इस जीत से 3,17,875 रुपये की पुरस्कार राशि मिली जिससे वह 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट में 41वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गए। बिपिन मुखिया (68-75-67) ने आखिरी दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 67 बनाया और चार स्थान ऊपर चढ़कर छह-अंडर 210 के स्कोर के साथ उपविजेता रहे।

### ट्रांसजेंडर महिलाओं को ओलंपिक में भाग लेने की अनुमति नहीं

**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की बृहस्पतिवार को जारी नयी पात्रता नीति के तहत ट्रांसजेंडर महिला खिलाड़ियों को अब ओलंपिक में खिलाड़ी के तौर पर भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। यह नीति अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के महिलाओं के खेलों पर कार्यकारी आदेश के अनुरूप है और 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक से लागू होगी। आईओसी ने कहा, /"ओलंपिक खेलों या किसी अन्य ओलंपिक स्पर्धा में किसी भी महिला वर्ग की प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए पात्रता अब केवल जैविक महिलाओं तक सीमित होगी।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स: हॉकी में बेटियों के साथ बेटों की जीत, फुटबॉल में भी लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हॉकी और फुटबॉल दोनों में जीत दर्ज कर प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। महिला हॉकी टीम ने छत्तीसगढ़ को 5-3 से हराया, वहीं पुरुष हॉकी टीम ने असम को 8-3 से पराजित कर प्रभावशाली जीत हासिल की। इसके अलावा पुरुष फुटबॉल टीम ने तमिलनाडु को 3-1 से हराकर अपनी श्रेष्ठता साबित की।



मप्र महिला हॉकी टीम में भानु क्षेत्रे, रजनी वास्कले, जमना पार्टे, मनीषा भूरिया, नेहा सौटा, प्रियंशी भंवर, हर्षिता सोलंकी, संध्या सिंह गोंड, शिवानी बामनिया, मानसी नरनौरे, निर्मला वास्कले, केशर भाबर, सुषमा धुर्वे, भूमिका पांडे, राग्याश्री बामनिया, प्रियंशी क्षेत्रे, वंशिका उइके एवं अलीना ट्रीसा वार्की शामिल हैं। वहीं, मप्र पुरुष हॉकी टीम ने असम को 8-3 से हराया।

**फुटबॉल में भी मध्यप्रदेश का शानदार प्रदर्शन:** मप्र पुरुष फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तमिलनाडु को 3-1 से पराजित कर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।

### कर्नाटक छह स्वर्ण और दो रजत पदकों के साथ शीर्ष पर

कर्नाटक के तैराक मणिकांता, जिन्होंने बुधवार को 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और 50 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक जीते थे, ने 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले 2:25.93 सेकंड में जीत लिया। त्रिपुरा के रियाज त्रिपुरा (2:34.04 सेकंड) ने रजत और ओडिशा के कान्हू सोरेन (2:36.21 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में अंजलि मुंडा ने 2:53.82 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## आईपीएल-2026 : पहला मैच बेंगलुरु और हैदराबाद के बीच कल

# आईपीएल में आरसीबी ने खेले हैं 4 फाइनल मैच एक बार जीता खिताब, फिर चुनौती देने तैयार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु गत विजेता के रूप में चुनौती पेश करने के लिए तैयार है। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी अपने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। आरसीबी ने अब तक आईपीएल के इतिहास में सिर्फ एक खिताब जीता है। हालांकि, ये टीम 3 बार उपविजेता भी रही है। हालांकि आईपीएल में आरसीबी ने यादगार पारियां खेलीं हैं और उसके फैंस को उम्मीद है कि इस बार आरसीबी फिर विजेता का खिताब अपने नाम करेगी।



### 2009 में उपविजेता रही थी आरसीबी

आईपीएल 2009 दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था, जिसमें आरसीबी की टीम उपविजेता रही थी। जोहान्सबर्ग में हुए आईपीएल 2009 के फाइनल में पहले गेंदबाजी करते हुए आरसीबी ने डेक्कन चार्जर्स को सिर्फ 143/6 के स्कोर पर रोक दिया था। जवाब में आरसीबी ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 137/9 का स्कोर ही बना सकी थी। उस सीजन में आरसीबी के कप्तान अनिल कुंबले थे।

### आरसीबी ने जीता ऐतिहासिक खिताब

आईपीएल 2025 में आरसीबी ने लीग स्टेज के 14 में से 9 मैच जीते और 4 में शिकस्त (बेनतीजा- 1) झेली थी। अंक तालिका में आरसीबी की टीम पीबीकेएस के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। आरसीबी ने क्वालीफायर-1 में पीबीकेएस को 8 विकेट से हराते हुए फाइनल का टिकट हासिल किया था। फाइनल में आरसीबी ने पीबीकेएस को 6 रन से हराया था। पाटीदार ने टीम की कप्तानी करते हुए नया इतिहास लिखा था।

### 2011 में सीएसके के खिलाफ हारी थी आरसीबी

आईपीएल 2011 में डेनियल विटोरी की कप्तानी में आरसीबी ने लीग स्टेज के 9 मैच जीते और 4 में हार झेली थी। अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए आरसीबी ने प्लेऑफ में जगह बनाई थी। फाइनल में माइकल हसी (63) और मुरली विजय (95) की उम्दा पारियों की बदौलत सीएसके ने 205/5 का स्कोर बनाया था। जवाब में आरसीबी केवल 147/8 का स्कोर ही बना सकी थी।

### पिछले साल हुए हादसे के सम्मान में आईपीएल में नहीं होगी ओपनिंग सेरेमनी

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 28 मार्च से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होने वाले मैच से होनी है। इस बीच खबर है कि आगामी सीजन का उद्घाटन समारोह (ओपनिंग सेरेमनी) नहीं होगा। दरअसल, पिछले साल आरसीबी की विक्ट्री परेड के बाद हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हुई थी। इन लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए बीसीसीआई ने फैसला किया है।

**समापन में होगा भव्य आयोजन**

मीडिया रिपोर्ट मुताबिक, बीसीसीआई ने भगदड़ में मरे हुए लोगों की याद में उद्घाटन समारोह को सादा रखने का फैसला किया। हालांकि, टूर्नामेंट के आखिर में समापन समारोह (क्लोजिंग सेरेमनी) के भव्य होने की उम्मीद है। इसके लिए बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल योजना बना रहे हैं। बता दें कि आईपीएल 2025 में भव्य उद्घाटन समारोह हुआ था, जिसमें शाहरुख खान, श्रेया घोषाल, करण औजला और दिशा पाटनी जैसी हस्तियों ने परफॉर्म किया था।

**देवजीत सैकिया ने दी जानकारी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने इस बारे में जानकारी दी। इस बारे में उन्होंने कहा, पिछले साल 4 जून को हुई दुखद घटना के कारण आईपीएल 2026 के शुरू होने वाले दिन (बेंगलुरु में) कोई औपचारिक समारोह नहीं होगा। उन दिवंगत आत्माओं के सम्मान में बीसीसीआई आगामी सीजन की शुरुआत पर किसी भी प्रकार का सांस्कृतिक या मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित नहीं कर रहा है।

### बेंगलुरु 10के में भारतीय एलीट वर्ग की अगुवाई करेंगे गुलवीर सिंह

**बेंगलुरु।** मौजूदा एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह रविवार को बेंगलुरु में होने वाली टीसीएस वर्ल्ड 10के (10 किमी) दौड़ में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस प्रतियोगिता को वर्ल्ड एथलेटिक्स से गोल्ड लेवल का दर्जा हासिल है। गुलवीर इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने इसी महीने की शुरुआत में न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन में तीसरा स्थान हासिल किया था, जहां उन्होंने 59:42 का समय लिया था, जो किसी भी भारतीय हाफ मैराथन धावक का सर्वश्रेष्ठ समय है।

### जम्मू में पहले हाफ मैराथन के लिए 3600 ने किया पंजीकरण

**जम्मू।** पर्यटन को बढ़ावा देने और फिटनेस गतिविधियों में जनता की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पहले जम्मू हाफ मैराथन का आयोजन रविवार 29 मार्च को होगा। इस मैराथन में 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और पांच किलोमीटर की दौड़ स्पर्धाएं आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 'जम्मू मैराथन एक्सपो' के उद्घाटन के मौके पर कहा कि इस आयोजन को केन्द्र शासित प्रदेश और उसके बाहर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है।

# अतिका 'डब्ल्यूएसके' कार्टिंग में सर्वश्रेष्ठ महिला चालक बनीं

एजेंसी ▶▶ फ्रांसियाकोर्टा (इटली)

भारतीय रेसिंग प्रतिभा अतिका मीर ने 'डब्ल्यूएसके सुपर मास्टर्स' कार्टिंग रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवें चरण के फाइनल में 53 चालकों में से आठवां स्थान हासिल किया। इस परिणाम के साथ उन्होंने इस प्रमुख कार्टिंग श्रृंखला में सर्वश्रेष्ठ भारतीय चालक के साथ-साथ सबसे उच्च रैंक वाली महिला के रूप में अपना अभियान समाप्त किया।

पांच चरणों की सीरीज में उन्होंने एक पोडियम (शीर्ष तीन में स्थान), दो सबसे तेज लैप और आठ बार शीर्ष छह में जगह बनाई। उन्होंने यहां अंतिम मुकाबले में 13वें स्थान से शुरूआत की और आठवां स्थान हासिल किया। यह उनकी दृढ़ता और तेज प्रदर्शन का स्पष्ट प्रमाण है। फ्रैंसियाकोर्टा चरण में उन्होंने पूरे सप्ताहांत में लगातार शीर्ष पांच में स्थान बनाकर अपनी प्रगति को दिखाया।



## चोट और अन्य कारणों से पूरे टूर्नामेंट से बाहर हुए खिलाड़ी

# इस आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे कई दिग्गज खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होनी है, जिसमें कुल 10 टीमें हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। आगामी सीजन के शुरू होने से पहले सभी टीमें खिलाड़ियों की फिटनेस पर नजरें बनाए हुए हैं। इसी क्रम में कुछ खिलाड़ी चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह पर दूसरे खिलाड़ियों को शामिल किया जा चुका है। इस बीच 2026 सीजन से बाहर हुए प्रमुख खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।

### हर्षित राणा (केकेआर)

कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोट के कारण बाहर हो चुके हैं और उनकी जगह पर टीम ने नवदीप सैनी को शामिल किया है। राणा पिछले कुछ समय से केकेआर के प्रमुख तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में उनके बाहर होने से टीम को बड़ा झटका लगा है। बता दें कि राणा ने पिछले 2 सीजन में केकेआर से खेलते हुए कुल 34 विकेट लिए थे।





### सैम कर्रन (आरआर)

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के ऑलराउंडर सैम कर्रन भी आगामी सीजन में नहीं खेलते दिखेंगे। दरअसल, ग्रोइन इंजरी के चलते वह इस सीजन में नहीं खेल पाएंगे। आरआर ने उनकी जगह पर श्रीलंका के स्टार ऑलराउंडर दासुन शनाका को शामिल किया था। कर्रन अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी से मैच जिताने की काबिलियत रखते हैं। उनकी गैरमौजूदगी में शनाका के पास अच्छा मौका होगा। बता दें कि शनाका को नीलामी में किसी भी टीम ने नहीं खरीदा था।

### नाथन एलिस (सीएसके)

चेन्नई सुपरकिंग्स को आईपीएल के पूरे 2026 सीजन में अपने स्टार ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज़ नाथन एलिस के बिना ही खेलना होगा।

इस तेज़ गेंदबाज को सीएसके ने आईपीएल 2025 की बड़ी नीलामी में 2 करोड़ रुपये में खरीदा था और इस साल की नीलामी से पहले रिटेन किया गया था। एलिस ने अपने आईपीएल करियर में अब तक 17 मैचों में 28.73 की औसत के साथ 19 विकेट लिए थे।

## आईपीएल का धमाल कल से...

- 19वें आईपीएल का आगाज कल से 31 मई तक
- 84 नहीं, 74 मैच ही होंगे टूर्नामेंट में 74 मैच ही खेले जाएंगे
- 10 टीमों के बीच होगी खिताबी टक्कर
- मौजूदा चैंपियन आरसीबी बेंगलुरु में फाइनल की मेजबानी करेगी
- पहले मैच में आरसीबी का सामना एसआरएच से
- लीग स्टेज में 70 मैच होंगे, प्लेऑफ स्टेज में 4 मैच खेले जाएंगे



### रायपुर में 2 मैच, मप्र में एक भी नहीं

पूरे टूर्नामेंट में रायपुर में दो मैच खेले जाएंगे, इनमें पहला मैच 10 मई को आरसीबी और मुंबई इंडियंस के बीच जबकि दूसरा मैच आरसीबी और केकेआर के बीच 13 मई को होगा। वहीं मप्र में एक भी मैच आयोजित नहीं किया गया है, इससे मप्र के दर्शकों को निराशा हाथ लगी है। उम्मीद थी कि इंदौर में एक मैच तो जरूर होगा।

### ये हैं आईपीएल की 10 टीम

सीएसके
आरसीबी
एमआई
एसआरएच
एलएसजी
आरआर
केकेआर
जीटी
पीबीकेएस
डीसी

### जेन-जेड के नाम रहेगा आईपीएल 2026


आईपीएल शुरुआत से ही युवा प्लेयर्स के करियर का लॉन्च पैड रही है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग ने कई युवाओं को निखारा, संवारा और उन्हें इंटरनेशनल डेब्यू तक पहुंचाया। कई ऐसे प्लेयर हैं, जिन्होंने आईपीएल के मार्फत नीली जर्सी पहनने तक का सफर तय किया। पिछले सीजन में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी न धमाल मचाया। इस सीजन भी वैभव के अलावा कई युवा प्लेयर्स हैं जो धूम मचाने के लिए तैयार हैं। आइए इन जेन-जेड प्लेयर्स के बारे में जानते हैं।

#### विहान मल्होत्रा



19 साल के विहान मल्होत्रा आईपीएल 2026 में आरसीबी की ओर से खेलते नजर आएंगे। ऑलराउंडर बल्लेबाज और अंडर-19 विश्व कप 2026 के उप-कप्तान को आरसीबी ने मिनी ऑक्शन में 30 लाख रु. में खरीदा था। बाएं हाथ के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज और ऑफ-ब्रेक गेंदबाज ने अंडर-19 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाया था। साथ ही बांग्लादेश के खिलाफ 4 विकेट चटकाए थे।

#### सात्विक देसवाल



सात्विक देसवाल को आरसीबी ने मिनी ऑक्शन में 30 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा था। 19 साल के होनहार ऑलराउंडर के पास इस सीजन तहलका मचाने का अच्छा मौका है। वह अपनी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में वह किसी भी बल्लेबाजी क्रम के लिए मुश्किल साबित हो सकते हैं। बॉलिंग के साथ ही वह लोअर ऑर्डर में तेजी से रन भी बना सकते हैं।

#### आयुष म्हात्रे



आयुष म्हात्रे पिछले सीजन भी चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा था। मुंबई का यह बल्लेबाज अंडर-19 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम के कप्तान थे। आयुष की कप्तानी में टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 100 रन से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था। आईपीएल 2025 में आयुष ने 7 मैच खेले थे और 188 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से 240 रन बनाए थे। इस सीजन आयुष को पास

#### साहिल पारख



साहिल पारख आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं। फ्रेंचाइजी ने उन्हें 30 लाख में अपने साथ जोड़ा था। महाराष्ट्र के 18 साल के बाएं हाथ के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज लेग स्पिन गेंदबाजी भी कर लेते हैं। यूथ वनडे में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के खिलाफ उन्होंने नाबाद 109 रन की पारी खेली थी।

#### वैभव सूर्यवंशी



वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में भूचाल ला दिया था। गुजरात टाइटंस के खिलाफ वैभव ने 35 गेंदों पर शतक जड़ दिया था। वैभव ने पिछले सीजन में 7 मैच खेले थे और 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए थे। वैभव अब 19वें सीजन में तबाही मचाने के लिए तैयार हैं। राजस्थान ने वैभव को 1.10 करोड़ में जोड़ा था।

### आद्रपीएल-26 में मप्र के इन खिलाड़ियों पर नजर

| खिलाड़ी | किस टीम के लिए खेलेंगे |
|---|---|
| वेंकटेश अय्यर (इंदौर) | कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बाद अब आरसीबी के साथ |
| रजत पाटीदार (धार/इंदौर) | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) |
| आवेश खान (इंदौर) | लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) |
| कुलदीप सेन (रीवा) | राजस्थान रॉयल्स |
| मंगेश यादव(छिंदवाड़ा) | आरसीबी ने इन्हें 5.2 करोड़ रुपए में खरीदा |
| कुमार कार्तिकेय मुंबई | इंडियंस या राजस्थान |
| आशुतोष शर्मा (रतलाम) | दिल्ली कैपिटल्स |
| मोहम्मद अरशद खान(सिवनी) | गुजरात टाइटंस। |
| अनिकेत वर्मा (भोपाल) | सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) |
| माधव तिवारी (इंदौर) | दिल्ली कैपिटल्स |
| अक्षत रघुवंशी(सागर) | एलएसजी |
| शिवांग कुमार | आरसीबी |

### शशांक सिंह के बलबूते पंजाब इलेवन का खिताब जीतने पर जोर



पंजाब किंग्स टीम की उम्मीद इस बार अपना पहला खिताब जीतने की है और इसका बड़ा दारोमदार शशांक सिंह पर है। मिडिल ऑर्डर के इस बल्लेबाज़ ने पिछले सीज़न में ज़बरदस्त प्रदर्शन किया था और टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी।




### इस बार ओपनिंग सेरेमनी नहीं होगी

बीसीसीआई ने आईपीएल में इस बार ओपनिंग सेरेमनी को नहीं करने का फैसला लिया है। दरअसल, पिछले साल आरसीबी के चैंपियन बनने के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 मासूम लोगों की मौत हो गई थी। उन्हीं को ट्रिब्यूट देने बोर्ड ने यह फैसला लिया है। उद्घाटन मुकाबला सनराइजर्स और आरसीबी के बीच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच से पहले आरसीबी की टीम भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के लिए दो मिनट का मौन रखेगी।

### संजू सैमसन करेंगे सीएसके के लिए ओपन



वर्ल्ड कप में अपनी अहमियत बता चुके संजू सैमसन पर इस आईपीएल में सबकी नजरें होंगी। अब खबर है कि सीएसके के लिए संजू ओपनिंग करने वाले हैं। दरअसल, सीएसके ने संजू को ट्रेड के जरिए अपने दल में शामिल किया है। गौरतलब है कि संजू ने बतौर ओपनर टी20 वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन किया और सिर्फ 5 मैचों में खेलकर 300 से अधिक रन बनाए थे। संजू को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ प्लेयर चुना गया था।




# गुना हवाला कांडः मार्च में 3 बार गुना से गुजरी संदिग्ध कार, 5 राज्यों में नेटवर्क को लेकर खुलासा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मध्य प्रदेश के गुना में सामने आए हवाला कांड की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। जांच एजेंसियों को टोल प्लाजा के रिकॉर्ड से पता चला है कि हवाला से जुड़ी एक संदिग्ध कार मार्च महीने में तीन बार गुना से होकर गुजरी। इस खुलासे ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जांच में सामने आया है कि यह कार गुजरात पासिंग की है और इसे बार-बार शिवपुरी रूट पर चलते देखा गया। खास बात यह है कि हर बार यह वाहन कुछ घंटों में ही वापस लौट जाता था, जिससे इसके मूवमेंट पर संदेह और गहरा गया। टोल डेटा के अनुसार 12-13 मार्च, 15-16 मार्च और 19 मार्च को यह कार शिवपुरी पहुंची, जिसमें से 19 मार्च को इसे पकड़ा भी गया। जांच एजेंसियों का मानना है कि इस कार के जरिए हवाला का पैसा एक राज्य से दूसरे राज्य में पहुंचाया जा रहा था। शुरुआती पड़ताल में इस नेटवर्क के तार मध्य प्रदेश के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल तक जुड़े पाए गए हैं।

*हर बार कुछ ही घंटों में वाहन वापस आने पर हुआ संदेह*

*शुरुआती जांच में अन्य राज्यों से जुड़े पाए गए घटना के तार*

## घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी खड़े किए गंभीर सवाल


फाइल फोटो।

### कार का रजिस्ट्रेशन सूरत के एक व्यक्ति के नाम

एक और अहम खुलासा यह हुआ है कि इस कार का रजिस्ट्रेशन सूरत के एक व्यक्ति के नाम पर है और इसके खिलाफ विभिन्न राज्यों में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के कई चालान पहले से दर्ज हैं। इससे यह आशंका और मजबूत होती है कि वाहन लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियों में शामिल रहा है। मामले में पुलिस की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। सूत्रों के मुताबिक, कार को पहले भी रोका गया था और पैसे की लेन-देन की बात सामने आई थी, लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। इतना ही नहीं, पुलिस रोज़नामचे में इस घटना की एंट्री तक नहीं कर पाई, जो प्रक्रिया का गंभीर उल्लंघन माना जा रहा है। इस पूरे मामले की जांच अब उच्च स्तर पर की जा रही है। ग्वालियर आईजी ने मामले की जांच एडीजीपी स्तर के अधिकारी को सौंप दी है। अब तक चार प्रमुख किरदार जांच के दायरे में हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### 28 मार्च से शुरू होगा शिक्षकों का प्रशिक्षण

**भोपाल।** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा विज्ञान विषय के शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत भौतिकी, रसायन एवं गणित (फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स) विषयों के शिक्षकों को प्रयोगशालाओं के बेहतर उपयोग एवं प्रायोगिक शिक्षण को प्रभावी बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 28 मार्च से 2 अप्रैल तक राजधानी भोपाल स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में होगा। विभाग की इस पहल से शिक्षकों की क्षमता में वृद्धि होगी। साथ ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं व्यावहारिक विज्ञान शिक्षा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

### दहेज हत्या प्रकरणः पति को 7 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** दहेज प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता द्वारा आत्महत्या करने के प्रकरण में विशेष न्यायाधीश नीलू संजीव श्रृंगी ऋषि ने मृतका के पति अनिल राय को भादंस की धारा- 304 बी के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया है। विशेष न्यायाधीश ने साक्ष्य के अभाव में मृतका की सास मुन्नी बाई एवं जेठ कैलाश राय को दोषमुक्त कर दिया । प्रकरण में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक प्रीति श्रीवास्तव द्वारा पैरवी की गई थी।

### शिक्षकों की पात्रता परीक्षा को लेकर नए दिशा निर्देश जारी

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग के बाद अब जनजातीय कार्य विभाग ने शिक्षकों की पात्रता परीक्षा को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए है।। इस आदेश से प्रदेश के विभाग के अतर्गत पदस्थ करीब 65 हजार शिक्षक के प्रभावित होंगे। जनजातीय कार्य विभाग आयुक्त ने जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी संभागीय उपायुक्त, सहायक आयुक्त और जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग व अनुसूचित जाति विभाग इस परीक्षा की जानकारी ट्राइबल के शिक्षकों को देंगे। निर्देशों में कहा गया है कि प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा अनिवार्य है और इसे दो वर्षों में पास करना होगा।

## दो ढाई माह में 48 बम, साइनाइट सिलेंडर से ब्लास्ट की धमकी

# आरोपी पहचान छिपाने कर रहा प्रॉक्सी सर्वर का इस्तेमाल, आईपी एड्रेस ट्रैक करना कठिन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

बम की धमकियां निकली फर्जी साइबर ट्रिक से बच रहा आरोपी

यूनिवर्सिटी, अस्पताल कोर्ट सहित अन्य स्थल निशाने पर

मध्य प्रदेश में पिछले दो से ढाई महीने के भीतर 48 बम धमकों की धमकी मिली है। राजधानी भोपाल में अलग-अलग संस्थानों को लगातार ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकियां मिल रही हैं। हालांकि अब तक हर बार ये धमकियां फर्जी साबित हुई हैं, लेकिन घटनाओं की आवृत्ति ने पुलिस और प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है, लेकिन अब तक उसे पकड़ना चुनौती बना हुआ है।

सबसे ज्यादा धमकियां शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को मिली हैं। पीपुल्स यूनिवर्सिटी को 19 फरवरी, 2 मार्च और 18 मार्च को तीन बार धमकी दी गई। एम्स भोपाल को 2 मार्च को ईमेल मिला, जबकि नापतोल विभाग को 16 और 17 मार्च को लगातार दो दिन धमकी दी गई। 18 मार्च को स्थिति और गंभीर हो गई, जब एक ही दिन में कई संस्थानों को धमकी भरे मेल भेजे गए। इनमें जेके मेडिकल यूनिवर्सिटी, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, जेके हॉस्पिटल, एलएन मेडिकल कॉलेज, भोपाल जिला न्यायालय, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय और जीएसटी ऑफिस शामिल हैं। इससे पहले करीब छह महीने पहले रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और भोपाल एयरपोर्ट को भी इसी तरह की धमकी मिल चुकी है। हर बार धमकी मिलने के बाद बम डिस्पोजल स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और पुलिस टीमों ने सघन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कहीं भी कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। एक मामले में एलएन मेडिकल कॉलेज में 21 बम रखे होने का दावा किया गया था, जिससे भारी दहशत फैल गई, लेकिन जांच में वह भी फर्जी निकला।

### साइबर विशेषज्ञों की मदद ली जा रही


फाइल फोटो

पुलिस कमिश्नर संजय कुमार के मुताबिक सभी मामलों की गंभीरता से जांच की जा रही है और साइबर विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। शुरूआती जांच में यह आशंका जताई गई है कि धमकी भरे ईमेल देश के बाहर के सर्वरों से भेजे जा रहे हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए प्रोक्सी सर्वर का इस्तेमाल कर रहा है। इससे उसका वास्तविक आईपी एड्रेस ट्रैक करना मुश्किल हो रहा है।

### साइबर मामलों के एक्सपर्ट और केंद्रीय सेवा में कार्यरत अखिलेश चंद्रा से समझिए टेक्नीकल पाइंट्स

*साइबर मामलों के एक्सपर्ट और केंद्रीय सेवा में पदस्थ अखिलेश चंद्रा ने बताया कि पुलिस आरोपी को क्यों नहीं पकड़ पा रही जान लीजिए। दरअसल जिस व्यक्ति द्वारा ईमेल भेजा जा रहा है पुलिस उसके वास्तविक आईपी एड्रेस को ट्रैक नहीं कर पा रही। आईपी एड्रेस मतलब इंटरनेट प्रोवाइडर एड्रेस, मतलब वह पता जहां से मेल भेजा जा रहा हो। दरअसल जिस भी व्यक्ति द्वारा ईमेल भेजा जा रहा हो वह बहुत शातिर है, आईपी एड्रेस छुपाने के लिए आरोपी द्वारा दूसरे देशों का प्रॉक्सी सर्वर का इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रॉक्सी सर्वर को ऐसे समझिए कि अपना आईपी एड्रेस छुपाने के लिए आरोपी किसी दूसरे देश का आईपी एड्रेस इस्तेमाल कर रहा है। प्रॉक्सी सर्वर के जरिए ताकि उसका पता पुलिस को नहीं मिल सके प्रोक्सी सर्वर सेंडर के आईपी एड्रेस को प्रोटेक्ट करता है। दरअसल प्रॉक्सी सर्वर भी दो तरह के होते हैं एक फ्री और दूसरा पेड, जो आरोपी मेल भेज रहा है। उसके द्वारा पेड प्रोक्सी सर्वर इस्तेमाल किया जा रह है। इस सर्वर के इस्तेमाल होने से वास्तविक आईपी एड्रेस के जरिए रिसीवर को दूसरे जगह का आईपी एड्रेस मिलता है इससे रिसीवर गुमराह हो जाता है और उसे मालूम नहीं होता कि मेल कहां से आया। अगर मेल भेजने वाला फ्री प्रोक्सी सर्वर का इस्तेमाल तो पुलिस के लिए आरोपी को पकड़ना आसान होता फ्री प्रोक्सी सर्वर इस्तेमाल होने में आईपी ऐड्रेस जल्दी ट्रैक कर लेती है।*

# सिर में धारदार हथियार से चोट लगने से मासूम हुई घायल

कुछ युवक आपस में लड़ते हुए बच्ची के पास आए, तब पहुंची चोट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित एलबीएस रोड पर काफी हाउस के पास सिर में धारदार हथियार लगने से पांच साल की बच्ची बुरी तरह जख्मी हो गई। दरअसल बच्ची अपने पिता के साथ घर जा रही थी। तभी रास्ते में कुछ युवक आपस में झगड़ा करते हुए उनके पास आ गए। कुछ दूर जाने के बाद बच्ची ने पिता को बताया कि उसके सिर में दर्द हो रहा है। उसके सिर से खून बह रहा था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक इन्द्र विहार कॉलोनी एयरपोर्ट रोड निवासी फैजान अहमद (35) पोस्ट ऑफिस में नौकरी करते हैं। बुधवार 25 मार्च की रात साढ़े 11 बजे से पौने 12 बजे के बीच वह अपनी 5 साल की बेटी मिराल अहमद के साथ नूर महल रोड अपने साले के घर से काफी हाउस के पास वाली गली से होते हुए अपने घर की ओर जा रहे थे।

तभी काफी हाउस के पास वाली गली में कुछ अज्ञात युवक आपस में गाली-गलौज व लड़ाई-झगड़ा करते दिखे। फैजान वहां से निकलने लगे तो युवकों को झगड़ा करते हुए उनके पास तक पहुंच गए। वह बचकर वहां से निकल गए। कुछ दूर जाकर उनकी बेटी ने कहा कि उसके सिर में दर्द हो रहा है। फैजान ने देखा कि उनकी बेटी के सिर में चोट का निशान है और खून बह रहा है। उन लडकों ने आपस के लड़ाई-झगड़े के दौरान उनकी बेटी को चोट पहुंचाई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि झगड़े के दौरान किसी युवक से धारदार हथियार से बच्ची को चोट लगी है। घटना के बाद वह रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचे। पुलिस घटनास्थल पर लगे कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

## 12 से 18 वर्ष की आयु गर्भ संस्कार का पहला पड़ाव

# बालिकाओं का हीमोग्लोबिन 12 से नहीं होना चाहिए कमः डॉ. मधुरा उदय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

12 से 18 वर्ष की आयु गर्भ संस्कार का पहला पड़ाव होती है, इसलिए इस उम्र से ही बालिकाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। इस आयु वर्ग की बालिकाओं का हीमोग्लोबिन 12 से कम नहीं होना चाहिए अन्यथा भविष्य में गर्भावस्था के दौरान जटिलताओं एवं गर्भपात की संभावना बढ़ सकती है। यह जानकारी गुरूवार को बीएमएचआरसी के करोंद स्थित स्वास्थ्य केंद्र में 'गर्भ संस्कार का महत्व' विषय पर जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुवेर्दाचार्य एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुरा उदय कुलकर्णी ने दी। उन्होंने सलाह दी कि संतान उत्पत्ति की चाह रखने वाली महिला को गर्भधारण से तीन माह पूर्व ही फोलिक एसिड का सेवन शुरू कर देना चाहिए, जिससे शिशु के मस्तिष्क विकास में मदद मिलती है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के लिए सकारात्मक वातावरण, योग, अनुलोम-विलोम एवं ओंकार मेडिटेशन को भी अत्यंत लाभकारी बताया। विशिष्ट अतिथि स्त्री रोग एवं भ्रूण चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. स्मिता ढेंगले ने कहा कि किशोरावस्था शारीरिक विकास का महत्वपूर्ण समय होता है, इसलिए इस दौरान पोषण, मासिक धर्म स्वच्छता और नियमित चिकित्सकीय परामर्श पर ध्यान देना जरूरी है।



जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन।

## बाढ़ राहत घोटाले में बड़ी कार्रवाई

# श्योपुर तहसीलदार अमिता सिंह तोमर हुईं 'गिरफ्तार'

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर**

वर्ष 2021 के चर्चित बाढ़ राहत घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने श्योपुर की तहसीलदार अमिता सिंह तोमर को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को बड़ौदा थाना पुलिस ने उन्हें ग्वालियर स्थित उनके निवास से हिरासत में लिया।

इसके बाद उन्हें श्योपुर लाकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में महिला जेल शिवपुरी भेजने के आदेश दिए। अमिता सिंह तोमर उस समय बड़ौदा तहसील में पदस्थ थीं, जब बाढ़ प्रभावितों को राहत राशि वितरण में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। जांच में खुलासा हुआ कि मुआवजा वितरण के दौरान काल्पनिक और अपात्र नामों को भुगतान किया गया, जबकि वास्तविक पीड़ितों को राहत से वंचित रखा गया। इस पूरे प्रकरण में सरकारी खजाने को करीब ढाई करोड़ रुपए की क्षति पहुंचने का अनुमान है। पुलिस ने उनके खिलाफ बड़ौदा थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया था। अमिता सिंह तोमर वर्तमान में श्योपुर जिले के विजयपुर में तहसीलदार पद पर पदस्थ थीं।

गिरफ्तारी से एक दिन पहले ही उन्हें पद से हटा दिया गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में जमानत याचिकाएं दायर की थीं, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। श्योपुर के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच जारी है और पूछताछ के दौरान अन्य आरोपियों की भूमिका भी सामने आ सकती है।

सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत, केबीसी में जीती थी 50 लाख



## अब रोजाना 36 फ्लाइटों का होगा मूवमेंट

# समर शेड्यूल में नई दिल्ली व मुंबई उड़ान की भोपाल को मिली सौगात

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर**

2026 के अंतर्गत नये समर शेड्यूल राजा भोज एयरपोर्ट, भोपाल से हवाई संपर्क में वृद्धि देखने को मिलेगी। पिछले वर्ष (समर शेड्यूल–2025) की तुलना में इस बार दो नई उड़ानों को जोड़ा गया है। यह समर शेड्यूल 29 मार्च से लागू होगा। अब राजा भोज एयरपोर्ट से प्रतिदिन 36 फ्लाइटों की आवाजाही मूवमेंट होगा। नई व्यवस्था के तहत दिल्ली के लिए एक अतिरिक्त उड़ान शुरू की गई है, जिससे राष्ट्रीय राजधानी के साथ संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा जिससे यात्रियों को और अधिक बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। इसके साथ ही नवी मुंबई के लिए एक नई उड़ान भी शुरू की गई है, जिससे भोपाल और नवी मुंबई के बीच सीधी हवाई सेवा उपलब्ध होगी। यह उड़ान प्रतिदिन रात्रि में संचालित होगी इसका आगमन 20:10 बजे एवं प्रस्थान 20:50 बजे होगा। इसके अतिरिक्त, समर शेड्यूल–2026 के तहत कुछ मौजूदा उड़ानों के समय में भी परिवर्तन किया गया है।



## मरीजों और मेडिकल शिक्षा पर असर पड़ रहा

# जेपी अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी बंद, डिप्टी सीएम ने एक हफ्ते में मांगी रिपोर्ट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में सिजेरियन डिलीवरी बंद होने का मामला अब उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल तक पहुंच गया है। उप मुख्यमंत्री ने सीएमएचओ से इस पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट एक सप्ताह में मांगी है। कर्मचारियों और संगठनों द्वारा लगातार लिखे गए पत्रों और हाल ही में सिविल सर्जन डॉ. संजय जैन द्वारा लोक स्वस्थय एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेजे गए पत्र के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

जेपी अस्पताल में प्रसव (डिलीवरी) बंद होने से मरीजों और मेडिकल शिक्षा दोनों पर असर पड़ रहा है, जिससे यह मुद्दा और गंभीर हो गया है। मामला सामने आने के बाद डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने सीएमएचओ से पूरी जानकारी तलब की है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि एक सप्ताह के भीतर पूरे प्रकरण की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।



### संगठनों के पत्र, फिर भी नहीं हुई सुनवाई

इस फैसले के बाद जेपी अस्पताल के कर्मचारियों और विभिन्न संगठनों ने कई बार पत्र लिखकर इस निर्णय को निरस्त करने की मांग की। इन पत्रों में अस्पताल की उपयोगिता, मरीजों की परेशानी और नियमों का हवाला दिया गया, लेकिन विभाग स्तर पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। लगातार पत्राचार के बावजूद कार्रवाई न होने से कर्मचारियों में असंतोष भी बढ़ा है। जेपी अस्पताल सिविल सर्जन डॉ. संजय जैन ने आयुक्त स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर स्थिति की गंभीरता बताई है। उन्होंने उल्लेख किया कि 39 में से 37 थानों के एमएलसी केस जेपी अस्पताल में ही आते हैं, लेकिन यहां केवल एक स्त्री रोग विशेषज्ञ होने के कारण काम प्रभावित हो रहा है।

### वर्ष 2022 से बंद हुई प्रसव सुविधा

जेपी अस्पताल जिसे प्रदेश का मॉडल जिला अस्पताल माना जाता है, वहां वर्ष 2022 में बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया गया। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग और शिशु रोग विभाग को यहां से हटाकर काटजू सिविल अस्पताल शिफ्ट कर दिया गया। इसके बाद से जेपी अस्पताल में धीरे-धीरे प्रसव सुविधा बंद होती चली गई। यही निर्णय विवाद की जड़ बना। खास बात यह है कि जिला अस्पताल होने के बावजूद यहां प्रसव सुविधा का बंद होना आईपीएचएस गाइडलाइन के भी विपरीत माना जा रहा है।

## प्रदेश भर में मौसम बदला, आज और कल के बीच बारिश होने की संभावना


# नर्मदापुरम में 41.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा 'दिन का पारा'

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

राजधानी सहित प्रदेशभर में शुक्रवार से मौसम बदलने की शुरूआत होगी। पहले प्रदेश के उत्तरी हिस्से के कुछ जिलों में शुक्रवार से शनिवार के बीच आंधी-बारिश का दौर रहेगा। इससे पहले गुरुवार को नर्मदापुरम में दिन का पारा 2.8 डिग्री बढ़कर 41.6 डिग्री पर पहुंच गया। इससे यहां तेज गर्मी रही। नया पश्चिमी विक्षोभ 28 मार्च को सक्रिय होने से 29 से 2 अप्रैल के बीच प्रदेश के अलग अलग जिलों में बारिश, बादल और आंधी का असर रहेगा। शुक्रवार और शनिवार को ज्यादातर जिलों में दिन के तापमान में बढ़त होगी। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को भोपाल सहित प्रदेशभर में दिन के पारे में औसतन डेढ़ डिग्री की बढ़त के साथ औसत दिन का पारा 37 डिग्री रहा। प्रदेश में सबसे अधिक दिन का तापमान नर्मदापुरम में 2.8 डिग्री बढ़कर 41.6 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 4.6 डिग्री अधिक है। भोपाल में 1.6 डिग्री बढ़कर 37.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक रहा है।

*आज से उत्तरी हिस्से में तेज हवाओं के साथ कुछ जगह बरसात*

*दो दिन तापमान में बढ़त के बाद बारिश से गिरेगा प्रदेशभर में दिन का तापमान*



हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930